# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार, 31 जनवरी 2026


सोने-चांदी में तूफानी तेजी में अब ब्रेक

## चांदी 67,000 गिरकर 3.32 लाख रुपए पर पहुंची



**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने और चांदी को बड़ी गिरावट देखी गई। एमसीएक्स पर चांदी 67 हजार रुपए (17%) गिर गई थी। 1 किलो चांदी का भाव 3.32 लाख रुपए पर आ गया था। सोने में भी सुबह के कारोबार के दौरान 15 हजार रुपए (9%) की गिरावट थी।






मप्र संविदा संयुक्त संघर्ष मंच के राज्य स्तरीय सम्मेलन में शामिल हुए सीएम डॉ. यादव का ऐलान

# संविदा कर्मचारियों की मांगों के निराकरण के लिए बनेगी एसीएस की अध्यक्षता में समिति



प्रदेश भर से आए संविदाकर्मी

विशेष प्रतिनिधि ▸▸भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान राम को जिस तरह हनुमान की जरूरत थी, उसी तरह सरकार को संविदा कर्मचारियों की। संविदाकर्मी अनुबंध से अवश्य आते हैं, किन्तु व्यवस्थाओं के प्रबंधन में विराट भूमिका निभाते हैं। स्वास्थ्य सेवाएं हों या शिक्षा, पंचायत, नगरीय निकाय या तकनीकी सेवाएं, मैदानी स्तर पर सर्वे, मॉनीटरिंग और क्रियान्वयन में संविदा भाई-बहन हर जगह व्यवस्था के भरोसेमंद स्तंभ बनकर खड़े हैं। डॉ. यादव ने कहा कि संविदाकर्मियों का सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य सरकार का दायित्व है। उन्होंने घोषणा की कि विभिन्न विभागों, योजना, परियोजना में पदस्थ संविदा कर्मचारियों की विसंगतिपूर्ण समकक्षता के निर्धारण के लिए अभ्यावेदनों का निराकरण, संविदा के प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति गठित की जा रही है।

- ***संविदाकर्मियों का सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार का दायित्व***
- ***मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संविदाकर्मियों के लिए कीं कई महत्वपूर्ण घोषणाएं***



### सभी मुद्दों का समाधान निकालेगी सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संविदा कर्मियों के सेवा सुधार, पारिश्रमिक सुधार, कार्य परिस्थिति और भविष्य के सुधारों पर पहले भी सकारात्मक निर्णय लिए गए हैं, भविष्य में भी उनका पूरा ध्यान रखा जाएगा। हमारी सरकार संविदा कर्मियों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सभी मुद्दों का समाधान निकालेगी। संविदा कर्मचारियों के लिए जो भी निर्णय हो सकते हैं, उससे अधिक करने का प्रयास करेंगे। नियम, न्याय और वित्तीय संतुलन के दायरे में रहते हुए संविदाकर्मियों की कठिनाइयों का हल निकाला जाएगा। मध्यप्रदेश संविदा संयुक्त संघर्ष मंच, वित्त और सामान्य प्रशासन विभाग के साथ समन्वय करते हुए सभी कठिनाइयों का समाधान इस प्रकार किया जाएगा।

### संविदाकर्मियों के लिए की ये घोषणाएं

- 10 वर्ष से अधिक अनुभवी संविदाकर्मियों को नियमित पदों पर संविलियन की अभी तक 50 प्रतिशत पदों के लिए प्रक्रिया जारी है, इस दिशा में आगे और काम किया जाएगा।
- सामान्य प्रशासन विभाग संविदा नीति-2023 के अंतर्गत सभी कंडिकाओं का केंद्र और राज्य पोषित परियोजनाओं में अक्षरशः क्रियान्वयन किया जाएगा। राज्य शासन के निगम मंडल इसे लागू करेंगे।
- कृषि विभाग की आत्मा योजना, जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी, जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्रों में संविदा नीति-2023 के तहत समकक्षता का निर्धारण किया जाएगा।

सार्थक संवाद

'हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सीएम डॉ. मोहन यादव से 'सार्थक संवाद'

# आज मप्र की बेरोजगारी दर सबसे कम.. साढ़े 8 लाख करोड़ रुपए के निवेश जमीन पर उतरे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



सीएम डॉ. मोहन यादव का कहना है कि प्रदेश बीते दो सालों में बहुत तेजी से आगे बढ़ा है। आप चैटजीपीटी खोलकर देखें। बहुत कुछ पता चल जाएगा। राज्य में जहां प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 42 हजार रुपए थी, अब बढ़कर 1 लाख 56 हजार हो गई है। कुछ राज्यों को छोड़ दें तो आज मप्र की बेरोजगारी दर सबसे कम रही है । कह सकते हैं कि मात्र एक से डेढ़ प्रतिशत ही बेरोजगारी दर बची है। आने वाले पांच सालों में भी प्रदेश का बजट दो गुना होने वाला है। जिस राज्य में जीआईएस 30% जमीन पर उतर जाए वो बड़ी कामयाबी के तौर पर देखी जा सकती है। साढ़े 8 लाख करोड़ के निवेश जमीन पर उतरे हैं। डॉ. यादव ने यह बातें 'हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से विशेष साक्षात्कार कार्यक्रम 'सार्थक संवाद' में कहीं। उनसे पूरी बातचीत।

### ये भी कहा सीएम डॉ. यादव ने

1. राज्य में जहां प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 42 हजार रुपए थी, अब बढ़कर 1 लाख 56 हजार हो गई
2. आने वाले पांच सालों में प्रदेश का बजट दो गुना होने वाला है
3. माइनिंग सेक्टर में बेहतर काम करने के लिए पहला पुरस्कार मप्र को मिला
4. हम अपने ही मेडिकल कॉलेज में छात्रों को पढ़ाएंगे और उन्हीं को अपने अस्पताल में नौकरी देंगे
5. नितिन नबीन जी को पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अध्यक्ष बनाया गया। ये कांग्रेस को सीखना चाहिए कि इतनी बड़ी पार्टी आसानी से अपना अध्यक्ष चुन लेती है

▸▸ **सवालः** ज्यादातर शिकायतें रहतीं है कि भवन होता है पर स्टाफ नहीं होता है। कई बार मेडिकल कॉलेज में पढ़ाने वाले शिक्षक या योग्य शिक्षका नहीं मिलते?

▸▸ **जवाबः** इसका हमने बहुत आसान तरीका निकाला है। हम अपने ही मेडिकल कॉलेज में पढ़ाएंगे और उन्हीं को अपने अस्पताल में नौकरी देंगे। जहां तक पढ़ाई के लिए पैसा कहां से आएगा इसकी व्यवस्था भी सरकार करेगी।

**सवालः मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में होगी इस प्रयास को हम कहां तक सफल मान रहे हैं?**

**जवाबः** 2023 में हमारे यहां कितने मेडिकल कॉलेज थे और आज कितने हैं। तब आपको ध्यान में आ जाएगा। वर्ष 2002 में मात्र 5 मेडिकल कॉलेज थे। ये आंकड़ा मप्र के गठन से यानी 46 साल में मात्र 5 मेडिकल कॉलेज खुल पाए। हमारी सरकार ने मात्र दो साल में 6 मेडिकल खोल दिए। जबकि पीपीपी मोड के तहत 14 मेडिकल कॉलेज के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। जहां बड़ी संख्या में डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ और तमाम सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इससे प्रदेश की जनता को बेहतर इलाज मिलना आसान हो जाएगा। हमारे इस पीपीपी मॉडल की सराहना केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने की है। उन्होंने कहा है कि दूसरे राज्यों में भी इसे लागू होना चाहिए। हमने शर्त रखी है जिसे 300 बेड का अस्पताल चलाने का अनुभव हो और 500 करोड़ की बैलेंस शीट हो उसी को मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए पात्र माना जा रहा है। इससे किसी तरह से राज्य का मजाक नहीं बनेगा।

**सवालः बीते दो साल डेढ़ माह में डॉ. मोहन यादव कितने बदले हैं?**

*जवाबः आज से 40 साल पहले भोपाल की पहचान यूनियन कार्बाइड की एक भीषण त्रासदी से होती थी। हजारों लोग मारे गए और उसके जिम्मेदार एंडरसन को भगाने में कांग्रेस के सिर पर उसका पाप रहा है। यहां तक कि सालों साल उसका कचरा हमारे यहां पड़ा रहा। न्यायिक प्रक्रिया के चलते बीस साल तक हमारी सरकारें भी परेशान रहीं। इस कचरे के निष्पादन करने मप्र को कामयाबी मिली है।*

**सवालः कॉन्क्लेव बहुत होतीं है पर निवेश नहीं होता है, आपका अनुभव क्या कहता है?**

*जवाबः जिस राज्य में जीआईएस 30 प्रतिशत जमीन पर उतर जाए वो बड़ी कामयाबी के तौर पर देखी जा सकती है। आपको कभी समय मिले तो भोपाल के गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में चले जाइए। साढ़े 8 लाख करोड़ के निवेश जमीन पर उतरे हैं आप प्रदेश में जाकर तो देखिए। माइनिंग सेक्टर में बेहतर काम करने के लिए पहला पुरस्कार मप्र को मिला है। गृहमंत्री अमित शाह खुले मंच से तारीफ कर चुके हैं। प्रगति के पथ पर तेजी से बढ़ते मप्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुशल मार्गदर्शन मिला जिसकी वजह से प्रदेश आगे बढ़ रहा है।*

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आई थी टीम

# गोवा पुलिस पर नकाबपोश बदमाशों का जानलेवा हमला, 2 जवान घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अलीराजपुर



जांच करती पुलिस टीम

एक आरोपी को गिरफ्तार करने आई गोवा पुलिस की टीम नकाबपोश बदमाशों ने जानलेवा हमला बोल दिया। पुलिस टीम आरोपी हीरा सिंह बामनिया की गिरफ्तारी के लिए अलीराजपुर पहुंची थी। जैसे ही हीरा सिंह बामनिया को गिरफ्तार किया गया भीड़ ने पुलिस की टीम पर हमला कर दिया। हमले में गोवा पुलिस के दो जवान घायल हो गए। गोवा पुलिस के सब-इंस्पेक्टर सीताराम मलिक भी हमले में घायल हैं। उनके कंधे पर चोट आई है। अचानक हुए हमले और चोटों के बावजूद, पुलिस आरोपी को रोकने में कामयाब रही। स्थानीय पुलिस को तुरंत अलर्ट किया गया और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए अतिरिक्त बल मौके पर पहुंचा।






# एपल का नया रिकॉर्ड भारत बना ग्रोथ का केंद्र

**नई दिल्ली।** एपल के सीईओ टिम कुक ने हालिया अर्निंग कॉल के दौरान बताया कि कंपनी के एक्टिव डिवाइस की संख्या अब 250 करोड़ तक पहुंच चुकी है। इसमें आईफोन, आईपैड, एपल वॉच और अन्य प्रोडक्ट्स शामिल हैं। इस आंकड़े को कंपनी एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देख रही है। जनवरी 2025 में एपल के पास 2.35 अरब एक्टिव डिवाइस थे, जबकि 2024 में यह संख्या 2.2 अरब थी। यानी 2024 से 2026 के बीच करीब 15 करोड़ नए डिवाइस एपल के एक्टिव यूजर बेस में जुड़े हैं, जो लगातार बढ़ती मांग को दिखाता है। भारत में एपल की कमाई में डबल डिजिट के आंकड़ों में शानदार बढ़त देखी गई है। दुनिया भर में लोकप्रिय आईफोन की भारत में बिक्री में बढ़ोतरी हो रही है। एपल की देश में अपनी मौजूदगी बढ़ाने की योजना है। कंपनी ने बताया है कि वह मुंबई में दूसरा स्टोर खोलेगी। भारत में पिछले कुछ वर्षों में कंपनी की मैन्युफैक्चरिंग में भी बढ़ोतरी हुई है।

अंसारी के बयान पर मचा बवाल भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# 'हिंदुस्तानी लुटेरे' वाले बयान को कांग्रेस की मानसिकता बताया, वे हिंदू विरोधियों का महिमामंडन करने में जुटे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने हामिद अंसारी की एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अंसारी की टिप्पणी कोई अलग-थलग घटना नहीं है, बल्कि यह इस बात का नया उदाहरण है कि कैसे कांग्रेस 'हिंदू विरोधियों का महिमामंडन करती है।'पूनावाला ने कहा कि अब कांग्रेस इकोसिस्टम और हामिद अंसारी उस गजनवी का महिमामंडन कर रहे हैं, जिसने सोमनाथ मंदिर को नष्ट और अपवित्र किया। वे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का विरोध करते हैं और औरंगजेब और उन लोगों के अपराधों को सफेदपोश बनाते हैं जिन्होंने हिंदुओं पर अत्याचार किए। दिल्ली दंगा के आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम को लपेटे में लेते हुए पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही अलगाववादी सोच रखने वाले लोगों के साथ खड़ी रही है। भाजपा ने कहा कि यह कांग्रेस की मानसिकता है।

**कांग्रेस ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का विरोध किया**

वह अलगाववादी सोच रखने वाले लोगों के साथ खड़ी

## इतिहास से खिलवाड़ कर रही कांग्रेस शरजील, खालिद को बताया था 'युवा नेता'


भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला

पूनावाला ने अंसारी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए एक लंबा सोशल मीडिया पोस्ट लिखा है। उन्होंने कहा कि यही कांग्रेस का इकोसिस्टम है। पूनावाला ने कहा कि पहले यही इकोसिस्टम शरजील इमाम और उमर खालिद जैसे लोगों को 'युवा नेता' बताता था। अब यही लोग गजनवी को हिंदुस्तानी बताकर उसके अपराधों को हल्का करने की कोशिश कर रहे हैं। यह हिंदू आस्था और इतिहास के साथ खिलवाड़ का एक नया तरीका है।

### भाजपा हर स्तर पर इसका विरोध करेगी

ये यही लोग हैं, जो औरंगजेब जैसे शासकों के अपराधों पर पर्दा डालते हैं और हिंदुओं के खिलाफ हुई हिंसा को कमतर आंकते हैं। भाजपा ने साफ किया है कि वह ऐसे बयानों का हर स्तर पर विरोध करती रहेगी।

पूर्व उपराष्ट्रपति अंसारी ने यह कहा था

## गजनवी और औरंगजेब विदेशी आक्रांता नहीं, हिंदुस्तानी लुटेरे

पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के एक बयान पर फिर सियासी बवाल मच गया है। अंसारी ने महमूद गजनवी और लोदी वंश के बारे में कहा था कि ये लोग हिंदुस्तानी लुटेरे थे। इन्हें विदेशी आक्रांता नहीं, बल्कि हिंदुस्तानी लुटेरे कहा जाना चाहिए। अंसारी कांग्रेस के सदस्य रह चुके हैं। ये बातें गजनवी के संदर्भ में थीं, जिन्होंने भारत पर कई आक्रमण किए थे और वह गजनवी वंश के शासक थे।



### वे यहीं के थे, बाहर से नहीं आए

अंसारी की टिप्पणी पर एक बार फिर से बवाल हो गया है। भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस का पूरा इकोसिस्टम ही ऐसे लोगों का महिमामंडन करता है, जो कि हिंदुओं के खिलाफ थे। एक वीडियो में अंसारी यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि गजनवी और लोधी बाहर से नहीं आए थे, बल्कि वेभारतीय लुटेरे थे। अंसारी ने कहा कि वे यहीं के थे, बाहर से नहीं आए थे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति को अयोध्या का न्योता, मार्च में जाएंगी

**नई दिल्ली।** श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मार्च में अयोध्या आकर भगवान राम के दर्शन और पूजा कर सकती हैं। अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मिश्रा ने संकेत दिया कि राष्ट्रपति ने अनौपचारिक रूप से इस दौरे के लिए सहमति दे दी है।



### आईएडीएमके को मशीन में किया साफः स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को भाजपा पर तीखा हमला किया। उन्होंने पूछा कि क्या भ्रष्टाचार के मामलों में कथित तौर पर संलिप्त उनकी सहयोगी एआईएडीएमके को उनकी वॉशिंग मशीन में साफ कर दिया गया है। जो यहां के विकास को पचा नहीं पाते। वे वॉट्सएप विश्वविद्यालय से झूठ फैलाते हैं।



### सैनिक अभ्यास के बाद फटा बम, 1 की मौत

**गया।** सैनिक अभ्यास के बाद सुरक्षा मानकों के पालन में हुई गंभीर लापरवाही एक नाबालिग की जान पर भारी पड़ गई। बाराचट्टी प्रखंड क्षेत्र के बुमेर पंचायत के विघी पहाड़ी के समीप स्थित सैनिक अभ्यास फील्ड रेंज में शुक्रवार को अप्रस्फुटित विस्फोटक के फटने से 15 वर्षीय किशोर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।



### अजहर ने बंगले पर खर्च किए 76 लाख रुपए

**हैदराबाद।** तंगी से जूझ रहे राज्य ने मंत्री पूर्व क्रिकेटर अजहरुद्दीन के बंगले की मरम्मत पर खर्च किए 76 लाख खर्च किए। इसके बाद राजनीतिक विवाद गहरा गया। सरकार का कहना है कि इमारत 15 साल से खाली थी और खराब हालत में थी। विपक्ष सवाल उठा रहा सरकार वित्तीय तंगी का हवाला दे रही है।



केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कांग्रेस और राहुल पर साधा निशाना

भाजपा इस क्षेत्र की संस्कृति का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी

# राहुल को नॉर्थ-ईस्ट से क्या दुश्मनी? असम की पहचान गमछा नहीं पहना

डिब्रूगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष के नेता पर उठाए सवाल


डिब्रूगढ़ के कार्यक्रम में गृहमंत्री शाह

एजेंसी ▶▶ डिब्रूगढ़

केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने असम में कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए गमछा विवाद को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने पूछा कि जब राहुल गांधी ने गणतंत्र दिवस के दिन राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में असम की पारंपरिक पहचान गमछा नहीं पहना, तो असम कांग्रेस इस पर चुप क्यों है? डिब्रूगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि पूरे कार्यक्रम में केवल राहुल गांधी ही ऐसे नेता थे जिन्होंने नॉर्थ ईस्ट का गमछा नहीं पहना। आखिर उन्हें नॉर्थ ईस्ट से ऐसी क्या दुश्मनी है? शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने न केवल देश में, बल्कि संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी ये गमछा पहनकर नॉर्थ ईस्ट की संस्कृति का सम्मान किया है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी एक नेता के व्यवहार से नॉर्थ ईस्ट की संस्कृति कमजोर नहीं होगी। राहुल चाहे जो करें, नॉर्थ ईस्ट की संस्कृति हमेशा फलती-फूलती रहेगी। भाजपा इस क्षेत्र की संस्कृति का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी।

■ उनके आचरण से कोई फर्क नहीं पड़ेगा

**शाह ने चला चुनावी दांव, कांग्रेस को नहीं मिली 'छांव'**

पीएम मोदी ने बड़े मंच पर भी संस्कृति का सम्मान किया


सीएम हिमंत सरमा के साथ गृहमंत्री शाह

**राहुल 'नॉर्थ ईस्ट विरोधी'**

गणतंत्र दिवस के बाद तस्वीरों और वीडियो में राहुल कुछ समय बाद गमछा पहने हुए नजर नहीं आए, जिसे भाजपा नेताओं ने इसे असम और नॉर्थ ईस्ट की संस्कृति का अपमान बताया है। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा समेत कई भाजपा नेताओं ने राहुल की "नॉर्थ ईस्ट विरोधी सोच" करार दिया।

### अवैध घुसपैठ पर भी कांग्रेस को घेरा

गमछा विवाद के अलावा शाह ने कांग्रेस पर अवैध घुसपैठ को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने असम जैसे सीमावर्ती राज्यों में अवैध प्रवासियों को राजनीतिक वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल किया। शाह ने कहा कि अवैध घुसपैठ को बढ़ावा देकर कांग्रेस ने सिर्फ अपना वोट बैंक मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में बनने वाली अगली भाजपा सरकार असम से चुन-चुनकर घुसपैठियों को भगाएगी।

### डिब्रूगढ़ को दूसरी राजधानी बनाने की सराहना की

शाह ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि डिब्रूगढ़ को असम की दूसरी राजधानी बनाने का फैसला ऐतिहासिक है। उन्होंने बताया कि यहां 250 एकड़ में नए विधानसभा परिसर की आधारशिला रखी जा चुकी है। इसके अलावा गृहमंत्री शाह ने कहा कि सीएम सरमा ने असम के विकास में कई आयाम गढ़े। यहां कई संस्थान खुले। नए हवाई इड्डे भी सरमा के कार्यकाल में मिले। वे घुसपैठियों की पहचान कर रहे हैं।

### भाजपा ने इसे नॉर्थ ईस्ट की अस्मिता से जोड़ा

गमछा को लेकर उठा विवाद अब सांस्कृतिक सम्मान बनाम राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का रूप ले चुका है। भाजपा इसे नॉर्थ ईस्ट की अस्मिता से जोड़ रही है, जबकि कांग्रेस इसे बेवजह का राजनीतिक मुद्दा बता रही है। चुनावों के मद्देनज़र यह बहस असम की राजनीति में और तेज होने की संभावना है।शाह और भाजपा चाहती है कि असम में होने वाले चुनाव से पहले गमछा विवाद जोर पकड़े ताकि उनकी पार्टी के लोग असमिया लोगों को यह समझा सकें कि कांग्रेस असम और पूर्वोत्तर की संस्कृति के संरक्षक नहीं है।

कांग्रेस का जवाब

### कार्यक्रम की शुरुआत में पहना था 'पटका'

कांग्रेस ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने कार्यक्रम की शुरुआत में गमछा (पटका) पहना था और बाद में बैठने के दौरान उसे उतार दिया। उस समय कई अन्य नेता, जिनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल थे, गमछा पहने हुए नहीं दिखे। कांग्रेस ने भाजपा पर चुनिंदा राजनीति करने और एक औपचारिक कार्यक्रम को राजनीतिक मुद्दा बनाने का आरोप लगाया।

महाराष्ट्र की राजनीति में 'बड़ा संकट'

## फडणवीस से एनसीपी ने अजित के विभागों पर पेश किया दावा

अजित पवार के पद को जल्द भरना जरूरी



एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। इस मुलाकात में पार्टी नेताओं ने पवार के पास रहे विभागों पर अपना दावा पेश किया। बताया जा रहा है कि एनसीपी के सीनियर नेता प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और छगन भुजबल फडणवीस के 'वर्षा' बंगले पहुंचे और सीएम से मुलाकात की। बैठक के बाद पटेल ने कहा कि हम महायुति गठबंधन के साझेदार हैं, इसलिए अजित के पद को जल्द से जल्द भरने के लिए सही निर्णय लेना जरूरी है। हमें जन भावना पर विचार करना होगा। परिवार को इस दुख से उबरने के लिए समय देना आवश्यक है। हम जल्द ही सुनेत्रा पवार और परिवार के साथ पार्टी के भविष्य की रणनीति पर चर्चा करेंगे।

### कल बड़े फैसले की संभावना

बताया जा रहा है कि एनसीपी ने रविवार को विधायक दल की बैठक बुलाई है, जिसमें अजित पवार की पत्नी और राज्यसभा सांसद सुनेत्रा पवार को विधायक दल का नेता चुने जाने की संभावना है। यह विधायक दल भाजपा और शिवसेना के साथ मिलकर सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन का हिस्सा है। वहीं, शनिवार की बैठक में पार्टी के नए अध्यक्ष के चयन पर भी फैसला लिए जाने की उम्मीद है।

अजित गुट के विधायक दल की बैठक कल

## सुनेत्रा के नेता बनने की अटकलें तेज

अजित के निधन के बाद एनसीपी के नए नेता को लेकर अटकलों का दौर जारी है। कयास लगाए जा रहे हैं कि सुनेत्रा पवार को अजित पवार की जगह महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। एनसीपी के नेता इस मामले में साफ तौर पर कुछ भी कहने से बच रहे हैं और वह सुनेत्रा को समय देने की बात कह रहे हैं। एनसीपी नेताओं का कहना है कि आने वाले दिनों में उनसे बात करने के बाद ही इस मामले में फैसला लिया जाएगा। इसके विधायकों की बैठक शनिवारको होगी। इस बैठक में सुनेत्रा विधायक दल की नेता चुनी जा सकती हैं।

नए महीने में कई नियम बदलेंगे

## एलपीजी से लेकर सिगरेट व फास्टैग में होंगे कई बदलाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



इस बार फरवरी आम लोगों के लिए बेहद अहम साबित हो सकता है। 1 फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा, वहीं रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े कई बड़े नियमों में बदलाव भी लागू होंगे। इन बदलावों का असर सीधे आपकी जेब, घरेलू खर्च, टैक्स प्लानिंग, निवेश और दैनिक जरूरतों पर पड़ेगा। गैस सिलेंडर से लेकर सिगरेट, ईंधन से लेकर बैंकिंग और फास्टैग तक हर क्षेत्र में कुछ न कुछ बदलाव संभव है। एलपीजी सिलेंडर की नई कीमतें जारी की जाएंगी। खास तौर पर 14 किलो घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में बदलाव की उम्मीद है। एयर टर्बाइन फ्यूल की नई कीमतें भी जारी होंगी। एटीएफ की कीमतों में बदलाव का असर सीधे हवाई यात्रा के किराए पर पड़ता है। पिछले महीने 1 जनवरी को दिल्ली में एटीएफ की कीमतों में करीब 7फीसदी की कटौती हुई थी। तंबाकू उत्पादों और पान मसाला पर अतिरिक्त टैक्स लग सकता है।

परमहंस आचार्य का बड़ा दावा

## ट्रंप ने कराया था पीएम मोदी का वशीकरण, हमने 'भगाया'

एजेंसी ▶▶ अयोध्या



यहां के परमहंस आचार्य ने बड़ा रोचक दावा किया है। आचार्य ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी पर तंत्र-मंत्र कराए थे और उसके असर के चलते ही वह वशीकरण का शिकार हो गए थे। इसी के चलते यूजीसी ने ऐसा नियम बनाया था, लेकिन अब हमने वैदिक मंत्रों से उन्हें मुक्त करा लिया है। मीडिया से बात करते हुए परमहंस आचार्य ने कहा कि हमें लगा कि आखिर ऐसा कैसे हो गया? इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि उनके बढ़ते हुए प्रभाव को देखते हुए जरूर दुनिया ने तंत्र-मंत्र कराकर वशीकरण किया है। इसके बाद जब मैंने ध्यान लगाया तो पता लगा कि ट्रंप ने तंत्र-मंत्र कराकर वशीकरण किया था। अब हमने यहां वैदिक मंत्रों का पाठ किया है और अब उन पर वशीकरण का असर नहीं पड़ेगा। अब हम उम्मीद करते हैं कि मोदी जी ऐसा कोई कानून न बनाएं, जिससे देश का विकास रुक जाए।

गोवा में चुनाव के लिए भाजपा ने कसी कमर

## नबीन ने कोर ग्रुप बैठक की और नेताओं में भरा जीत का 'उत्साह'

जगाया जोश, फिर से जीतेगी पार्टी

एजेंसी ▶▶ पणजी

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने शुक्रवार को गोवा की राजधानी पणजी में पार्टी की कोर ग्रुप बैठक की अध्यक्षता की। बैठक से पहले, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने वरिष्ठ पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ सुबह हवाई अड्डे पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया।

पत्रकारों से बात करते हुए, सावंत ने भाजपा की गोवा इकाई में उच्च स्तर के उत्साह को रेखांकित किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी आगामी चुनावों में फिर से विजयी होगी।



गोवा में बैठक के दौरान भाजपाध्यक्ष नबीन और सीएम सावंत

### आगामी रणनीतिक पहलों पर ध्यान केंद्रित किया

मुख्यमंत्री सावंत ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नबीन गोवा पहुंच गए हैं और हमने उनका भव्य स्वागत किया। पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पार्टी चुनावों में फिर से विजयी होगी। इससे पहले, भाजपा अध्यक्ष ने आगामी राज्य विधानसभा चुनावों की तैयारियों के तहत पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में वरिष्ठ पार्टी नेताओं के साथ एक उच्च स्तरीय रणनीति बैठक की।

आंध्र प्रदेश में तिरुपति प्रसाद विवाद में खुलासा

## लड्डू में नहीं था गोमांस वाला 'घी' उसमें एस्टर की मिलावट पाई गई

नकली सामान को लेकर सीबीआई ने चार्जशीट पेश की

एजेंसी ▶▶ तिरुपति

मंदिर में प्रसाद के तौर पर दिए जाने वाले लड्डुओं में मिलावट का दावा आंध्र प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की राजनीति में भी एक अहम मुद्दा बन गया था। अब सीबीआई के नेतृत्व में जांच कर रही एसआईटी की टीम ने अपनी फाइनल चार्जशीट दायर कर दी है। इस चार्जशीट में कहा गया कि 2019 से 2024 के बीच लड्डू वाला प्रसाद बनाने में इस्तेमाल किए गए घी में गोमांस की चर्बी या लार्ड नहीं था। नेल्लोर स्थित भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो की अदालत में 23 जनवरी को आरोप पत्र दाखिल किया गया था।



2024 में मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और उनके उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने यह आरोप लगाकर एक विवाद खड़ा कर दिया था कि पवित्र तिरुपति लड्डू में पशु वसा की मिलावट की गई है। जांच सीबीआई की विशेष जांच टीम ने की।

### कंपनी के उत्पादन पर उठे थे सवाल

आरोप पत्र के अनुसार लड्डू बनाने में इस्तेमाल होने वाले घी में वनस्पति तेलों और डेयरी मानकों की रासायनिक नकल करने के लिए प्रयोगशाला में तैयार किए गए एस्टर की मिलावट पाई गई। इसमें पशु वसा का उपयोग नहीं पाया गया। उत्तराखंड के भगवानपुर स्थित प्रमुख आपूर्तिकर्ता भोले बाबा ऑर्गेनिक डेयरी एक ऐसी उत्पादन इकाई चला रही थी जिसे जांचकर्ताओं ने 'आभासी' उत्पादन इकाई बताया है।

आज होगा भारत पर्व 2026 का समापन समारोह

## देश की सांस्कृतिक और रचनात्मक विरासत की झलक दिखेगी

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे

एजेंसी ▶▶ नी दिल्ली

पर्यटन मंत्रालय गणतंत्र दिवस समारोह के हिस्से के रूप में प्रतिवर्ष 26 से 31 जनवरी तक दिल्ली के लाल किले के सामने स्थित लॉन और ज्ञानपथ पर भारत पर्व का आयोजन करता है। भारत पर्व 2026 का समापन समारोह 31 जनवरी को शाम 5:30 बजे होगा। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में शामिल होंगे। पर्यटन मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। भारत पर्व देश की सांस्कृतिक और रचनात्मक विरासत की झलक प्रदर्शित करता है, जिसमें गणतंत्र दिवस की झांकियां, सशस्त्र बलों की बैंड प्रस्तुतियां और उत्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और दिल्ली स्थित सांस्कृतिक समूहों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल हैं।

### कार्यशालाओं जैसी क्रियात्मक गतिविधियां होंगी




आयोजन में अखिल भारतीय फूड कोर्ट, हस्तशिल्प और हथकरघा बाजार, मंत्रालयों तथा राज्य सरकारों के पंडालों के साथ-साथ स्टूडियो किचन सत्र, नुक्कड़ नाटक और डू-इट-योरसेल्फ कार्यशालाओं जैसी क्रियात्मक गतिविधियां भी शामिल हैं। भारत पर्व शनिवार दोपहर 12:00 बजे से रात 9 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा।

**पॉपुलर चॉइस में गुजरात को पहला स्थान, महाराष्ट्र भी आगे रहा**

कर्तव्य पथ पर समारोह का हिस्सा बने कलाकारों और झांकियों को आज शुक्रवार को पुरस्कार दिए गए। नई दिल्ली में भव्य परेड के बाद अलग-अलग श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ झांकियों और मार्चिंग दलों को पुरस्कार प्रदान किए गए। 'जजेस चॉइस कैटेगरी' में प्रदेशों की झांकियों में महाराष्ट्र को पहला, जम्मू-कश्मीर को दूसरा और केरल को तीसरा पुरस्कार मिला।



### लोगों ने गर्व महसूस किया

गुजरात की रहने वाली आस्था जोशी ने कहा कि हमारे ग्रुप को चौथी बार झांकी के लिए पुरस्कार मिला है। इससे हमें बहुत खुशी हो रही है। सुरभि यादव ने कहा कि जीत के इस जश्न को देखकर हमें बहुत गर्व महसूस हो रहा है।

जबलपुर

शनिवार 31 जनवरी 2026

माघ मास शुक्ल पक्ष–12
वर्ष : 20, अंक : 272
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *


**मौसम**

अधि. 24
न्यून. 11


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



04 भविष्य का रोडमैप है भारत-ईयू एफटीए





जबलपुर मैट्रो
08 सीएमपीएफ आयुक्त कोर्ट में हाजिर ...


## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वानिकी सम्मेलन एवं आईएफएस मीट का किया शुभारंभ

# राष्ट्रीय अभयारण्य के कोर एरिया-बफर जोन के बीच तार फेंसिंग का काम तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र आईएफएस एसोसिएशन की शुक्रवार से दो दिनी समिट आईएफएस मीट-2026 शुरू हो गई। पहले दिन शुभारंभ मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में आईएएस, आईपीएस एवं अब आईएफएस मीट का आयोजन एक सराहनीय प्रयास है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से विभाग के वर्तमान अधिकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों से बहुत कुछ सीखते हैं। भारतीय संस्कृति में वनों के साथ हमारा विशेष संबंध है। सनातन संस्कृति के 4 आश्रमों की व्यवस्था में गृहस्थ के बाद हम वानप्रस्थ आश्रम में वनों की महत्ता को समझते हैं। उन्होंने कहा कि वन अधिकारी-कर्मचारी जंगलों के आसपास रहने वाले ग्रामीण परिवारों के लिए सहयोगी और मार्गदर्शन के रूप में भी काम करते हैं।

- **वनों की सुरक्षा** और बेहतरी में योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड-2026 प्रदान किया
- **मुख्यमंत्री ने** वन विभाग का आईएफएस थीम सॉन्ग किया लॉन्च
- **ऐसे आयोजनों** के माध्यम से विभाग के वर्तमान अधिकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों से बहुत कुछ सीखते हैं



डॉ. गंगोपाध्याय की पत्नी को अवॉर्ड देते हुए

### श्रीधर वाकणकर के नाम पर टाइगर रिजर्व घोषित किया गया

पीसीसीएफ हाफ वीएन अंबाडे ने कहा कि रातापानी अभयारण्य को डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर के नाम पर टाइगर रिजर्व घोषित किया गया है। फॉरेस्ट गार्ड जगदीश अहिरवार के प्रयास को प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में सराहा है। उन्होंने 125 दुर्लभ वन औषधियों का संकलन करने का कार्य किया है। पर्यावरण संरक्षण को समाज के प्रयासों के साथ भी जोड़ा जा रहा है। मप्र के वन हमारी राष्ट्रीय धरोहर है।

### सरकार असम से वन्य जीवों को लाने का प्रयास कर रही

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के वन विभाग की गतिविधियों और प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार असम से वन्य जीवों को लाने का प्रयास कर रही है। वन्य जीवों के संरक्षण में प्रदेश के जल संरचनाओं की बड़ी भूमिका है। वन महकमे की गतिविधियों का विस्तार नभ, थल, जल सभी ओर है। मुख्यमंत्री ने भारतीय वन सेवा के सेवानिवृत्ति अधिकारी और पूर्व पीसीसीएफ डॉ. पीबी गंगोपाध्याय को प्रदेश के वनों की सुरक्षा और बेहतरी में उनके योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड-2026 प्रदान किया। यह अवार्ड डॉ. गंगोपाध्याय की पत्नी श्रीमती गौरी गंगोपाध्याय ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप सिंह अहिरवार, अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल एवं वन अधिकारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### दूषित पानी से एक और मौत, कुल 31 जानें गईं

**इंदौर।** भागीरथपुरा में दूषित पानी से फैली बीमारी के कारण शुक्रवार को एक और मरीज की मौत हो गई। मृतक की पहचान 72 वर्षीय एकनाथ सूर्यवंशी के रूप में हुई है। अब तक कुल 31 लोगों की जान जा चुकी है। एकनाथ सूर्यवंशी को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद 29 दिसंबर 2025 को पहले शैल्बी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। हालत बिगड़ने पर उन्हें 3 जनवरी को बॉम्बे हॉस्पिटल रेफर किया गया था।



### टीआई ने हाईकोर्ट का नहीं माना आदेश, हुए सस्पेंड

**गुना।** जिले के कोतवाली थाना प्रभारी टीआई चंद्रप्रकाश सिंह चौहान को हाई कोर्ट ग्वालियर ने सस्पेंड करने और उनके खिलाफ विभागीय जांच बैठाने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने यह कार्रवाई एक युवती की शिकायत पर दर्ज मामले में आरोपी महिला को गिरफ्तार न करने और न्यायिक आदेशों की अवहेलना को लेकर की है। हाई कोर्ट ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए हैं कि एक माह के भीतर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।



### महिला से मारपीट करने वाले नेता का इस्तीफा

**सतना।** नागौद भाजपा मंडल अध्यक्ष पुलकित टंडन पर अपनी ही पार्टी की एक महिला नेता और उनकी बेटी को गोदाम में बुलाकर छेड़खानी करने और विरोध करने पर बेरहमी से पीटने का आरोप लगा है। इस घटना के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें आरोपी खुलेआम महिलाओं पर हाथ उठाते हुए दिखाई दे रहा है। मामले ने तूल पकड़ा तो आरोपी ने इस्तीफा दे दिया है।



## ओले-बारिश का दौर थमने के बाद ठंड और कोहरे का असर तेज

# राजगढ़ में 3 डिग्री, 19 शहरों में बढ़ी ठिठुरन, रात का पारा 10 डिग्री से नीचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। ओले-बारिश का दौर थमने के बाद ठंड और कोहरे का असर तेज हो गया है। शुक्रवार सुबह सतना, रीवा और ग्वालियर में घना कोहरा छाया रहा। वहीं, रात के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। भोपाल, ग्वालियर समेत प्रदेश के 19 शहरों में रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। राजगढ़ प्रदेश का सबसे ठंडा रहा, जहां पारा 3 डिग्री तक पहुंच गया।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. ई दिव्या सुरेंद्रन के मुताबिक शुक्रवार सुबह सतना, रीवा, ग्वालियर और गुना में घना कोहरा दर्ज किया गया। इसके अलावा भोपाल, दतिया, खजुराहो, टीकमगढ़, नर्मदापुरम, इंदौर, राजगढ़, रतलाम, श्योपुर, उज्जैन, जबलपुर, मंडला, सागर, उमरिया, बालाघाट, विदिशा, अशोकनगर, रायसेन, शाजापुर, आगर-मालवा, देवास, सीहोर और डिंडौरी सहित कई जिलों में कोहरे का असर देखा गया।

### सतना, रीवा और ग्वालियर में छाया घना कोहरा

### मालवा और बुंदेलखंड क्षेत्र में शीतलहर की स्थिति



अशोक नगर में सुबह कोहरे का दृश्य

### तीन दिन फिर बारिश का अलर्ट

*शनिवार और रविवार को ग्वालियर, मुरैना, दतिया, भिंड, श्योपुर, शिवपुरी, अशोकनगर, गुना, विदिशा, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, सीहोर, भोपाल, सागर, रायसेन, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना और रीवा में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।*

### उत्तर की बर्फीली हवाओं ने बढ़ाई ठंड

उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाएं और पश्चिमी विक्षोभ का असर कमजोर पड़ने के बाद आसमान साफ हो गया है, जिससे रात के समय तापमान में गिरावट देखी जा रही है। मालवा और बुंदेलखंड क्षेत्र में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है।

### शीतलहर से दिन में भी बढ़ेगी ठिठुरन

31 जनवरी और 1-2 फरवरी को प्रदेश के ज्यादातर हिस्से में बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से ऐसा होगा। प्रदेश में एक बार फिर से बारिश का दौर शुरू होने से दिन के समय में भी सर्दी बढ़ जाएगी। 31 जनवरी, 1-2 फरवरी को बारिश होने का अलर्ट है। मौसम विभाग ने दो फरवरी तक भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, राजगढ़, विदिशा, शाजापुर, सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, देवास, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, धार, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, पन्ना, कटनी, सतना, मैहर, उमरिया, शहडोल, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

## ग्वालियर में कोहरे का कहर... तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से कार को रौंदा

# चार छात्रों की मौत, कार में फंसे शवों को 'क्रेन' से निकाला गया

कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त



हादसे के बाद का दृश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

यहां शुक्रवार सुबह घने कोहरे के बीच सड़क हादसा हो गया। भिंड रोड हाईवे पर बंटू ढाबे के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने वैगनआर कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। सभी भिंड जिले के हैं।

सुबह करीब 8 बजे जैसे ही इनकी कार बंटू ढाबे के पास पहुंची, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कार को रौंद दिया। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान सौरभ शर्मा निवासी मेहगांव (भिंड), ज्योति यादव (भिंड), भूरे प्रजापति (गोरमी) भिंड और उमा राठौर पत्नी पति राम राठौर, निवासी मोरोली भिंड के रूप में हुई है। सौरभ बीएससी एग्रीकल्चर का पेपर देने आगरा जा रहा था। कार उसके भाई की है। रास्ते में उसे ग्वालियर के लिए सवारी मिल गई, जिनकी हादसे में मौत हो गई। सौरभ के भाई अंकित ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे सौरभ घर से निकला था। उसकी उम्र 24 साल थी। परिवार में 2 भाई और एक बहन है। सुबह ग्वालियर में विजिबिलिटी 200 से 500 मीटर तक थी।

### कार, ट्रक में पूरी तरह से फंसी हुई थी



टक्कर के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के दाहिने हिस्से में झाड़ियों में जा घुसा। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। हादसे के बाद कार, ट्रक में पूरी तरह से फंसी हुई थी। क्रेन से ट्रक और कार को अलग किया गया, जिसके बाद शवों को बाहर निकाला जा सका। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह घना कोहरा और तेज रफ्तार बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

## शंकराचार्य को मनाने में जुटे अफसर

### वे बोले- लिखित माफी दें, पिटाई करने वाल अफसरों पर कार्रवाई हो

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

ज्योतिर्मठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद माघी पूर्णिमा पर संगम में डुबकी लगा सकते हैं। लखनऊ के कुछ उच्चाधिकारियों ने शंकराचार्य से संपर्क कर उन्हें मनाने की कोशिश शुरू कर दी है। अधिकारी शंकराचार्य से माघी पूर्णिमा पर संगम में स्नान के लिए आग्रह कर रहे हैं। शंकराचार्य ने स्नान करने के लिए कई शर्तें भी अधिकारियों के सामने रख दी हैं। जिसमें मौनी अमावस्या को अभद्रता करने वाले अधिकारी लिखित में माफी मांगें, संन्यासियों, बटुकों, ब्राह्मणों, साधु-संतों और वृद्धों की पिटाई करने वाले पुलिस कर्मियों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई के साथ एफआईआर हो, गाय माता को राज्यमाता घोषित किया जाए।



■ संगम में स्नान के लिए कर रहे आग्रह

## सारणी में दर्दनाक हादसा

### दिव्यांग की तीन पहिया बैटरी साइकिल में हुआ ब्लास्ट, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारणी

शुक्रवार शाम लगभग 8 बजे नगर के जस्तम चौक के पास एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। दिव्यांगजनों को दी जाने वाली तीन पहिया बैटरी चालित साइकिल की बैटरी में अचानक जोरदार विस्फोट हो गया, जिससे साइकिल में आग लग गई और उस पर सवार दिव्यांग व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मृतक की पहचान सुनील कुमार लोखंडे (गुड्डू) पिता बलीराम लोखंडे के रूप में हुई है।



■ दिव्यांग साइकिल से बाहर नहीं निकल पाया

## भोपाल के गुलाब उद्यान में 3 दिन तक चलेगा राज्य स्तरीय पुष्प महोत्सव



### मध्यप्रदेश के फूलों की सुगंध अब पहुंच रही है पेरिस और लंदन तक

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा गर्व का विषय है कि मप्र देश में पुष्प उत्पादन में अग्रणी राज्य है। मप्र के फूलों की सुगंध पेरिस और लंदन तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि पुष्प केवल प्रकृति की नहीं हमारे भावों की भी सुंदर और सशक्त अभिव्यक्ति हैं। जन्म से लेकर जीवन के हर मंगल अवसर तक पुष्प हमारे भावों को अभिव्यक्त करते हैं। यही पुष्प किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और निर्यात क्षमता को मजबूत बनाने का माध्यम बन रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के गुलाब उद्यान में आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय पुष्प महोत्सव की अवधि तीन दिन करने की घोषणा भी की।

## कॉन्फिडेंट ग्रुप के चेयरमैन ने की आत्महत्या

# ऑफिस में थे इनकम टैक्स के अधिकारी बड़े कारोबारी ने खुद को मार ली गोली

- छापेमारी और आयकर कार्रवाई के कारण तनाव में थे

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कॉन्फिडेंट ग्रुप के चेयरमैन रॉय चिरियानकंदथ जोसेफ उर्फ सीजे रॉय ने शुक्रवार को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के लैंगफोर्ड रोड स्थित अपने ऑफिस में कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। सूत्रों के अनुसार, घटना के समय इनकम टैक्स के अधिकारी उनके कार्यालय में मौजूद थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, घटना दोपहर में कार्यालय-सह-बंगले में घटी है। सीजे रॉय ने कथित तौर पर अपने पास मौजूद पिस्टल का इस्तेमाल किया है। गोली लगने के तुरंत बाद उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया और फिर नारायण अस्पताल ले जाया गया, जहां पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि हालिया आयकर कार्रवाई और बार-बार होने वाली छापेमारी से डॉ. रॉय काफी तनाव में थे। इसी बीच, जब आयकर अधिकारी रिचमंड रोड स्थित कॉन्फिडेंट ग्रुप के कार्यालय में कार्रवाई कर रहे थे, तब डॉ. रॉय ने अपने घर पर आत्महत्या कर ली। सीजे रॉय केरल की अग्रणी रियल एस्टेट फर्मों में से एक के मालिक थे।



सीजे रॉय

## मुफ्त राशन के लिए डिजिटल फूड करेंसी मिलेगी

*केंद्र सरकार अगले महीने चंडीगढ़, पुडुचेरी और गुजरात के 3 जिलों में मुफ्त राशन योजना के तहत डिजिटल फूड करेंसी का पायलट प्रोजेक्ट शुरू करेगी*

## मोबाइल कूपन से क्यूआर स्कैन कर मिलेगा अनाज

# अब नहीं लगाना होगा अंगूठा, डिजिटल फूड कूपन के जरिए मिलेगा फ्री में राशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अलग खबर

केंद्र सरकार अगले महीने चंडीगढ़, पुडुचेरी और गुजरात के तीन जिलों में सीमित संख्या में लाभार्थियों के लिए मुफ्त राशन योजना के तहत सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) या डिजिटल फूड करेंसी का पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने जा रही है। इसके तहत, लाभार्थियों को हर महीने डिजिटल फूड कूपन सीधे उनके मोबाइल फोन पर आरबीआई-इनेबल्ड डिजिटल वॉलेट में मिलेंगे और वे कूपन रिडीम करने के लिए दुकान मालिकों का क्यूआर कोड स्कैन करके राशन की दुकानों से अपना हक का मुफ्त अनाज ले सकेंगे।



फाइल फोटो

### सप्लाई एफसीआई या राज्य सरकार की एजेंसी करेगी

अधिकारियों ने बताया कि अधिकारी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि डिजिटल करेंसी स्वीकार करके मुफ्त अनाज बांटने के लिए कुछ आउटलेट्स की पहचान कैसे की जा सकती है। उन्होंने आगे बताया कि इन आउटलेट्स या राशन की दुकानों के ज़रिए जो मुफ्त अनाज बांटा जाएगा, उसकी सप्लाई फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई) या राज्य सरकार की एजेंसियां करेंगी।

### अहमदाबाद से हो चुकी है सॉफ्ट लॉन्चिंग

इस महीने की शुरुआत में अहमदाबाद में 25 लाभार्थियों के साथ एक सॉफ्ट लॉन्च किया गया था। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि तब से अब तक लगभग 2,000 ट्रांजैक्शन सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं। अगले महीने शुरू होने वाले पायलट प्रोजेक्ट में आनंद, साबरमती और दाहोद शामिल होंगे। चंडीगढ़ और पुडुचेरी के मामले में केंद्र सरकार ने 2015 में अनाज के लिए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजना शुरू की थी।

## चिंतन

# स्कूलों में बेटियों को मिले गरिमामय वातावरण

किसी भी लोकतांत्रिक समाज की असली पहचान यह नहीं होती कि वह कितने कानून बनाता है, बल्कि यह होती है कि वे कानून आम नागरिक खासकर सबसे कमजोर वर्ग के जीवन में कितना बदलाव ला पाते हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश कि देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में लड़कियों को मुफ़्त सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए जाएं, लड़के-लड़कियों के अलग शौचालय हों और दिव्यांगों के अनुकूल टॉयलेट बनाए जाएं, इसी बदलाव की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह फैसला केवल प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि यह स्वीकारोक्ति है कि अब तक हमारी शिक्षा व्यवस्था बेटियों की बुनियादी ज़रूरतों को समझने में असफल रही है। स्कूलों में बेटियों को गरिमामय वातावरण दिया जाना जरूरी है। यदि किसी स्कूल में लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट नहीं हैं, तो यह संविधान के अनुच्छेद 14 बराबरी के अधिकार का उल्लंघन है और यदि मासिक धर्म के दौरान उन्हें बुनियादी स्वच्छता सुविधाएं नहीं मिलतीं, तो यह अनुच्छेद 21, यानी जीवन और गरिमा के अधिकार पर चोट है। मासिक धर्म कोई बीमारी नहीं, बल्कि एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन संसाधनों की कमी और सामाजिक चुप्पी ने इसे शर्म और बाधा का विषय बना दिया। यही वजह है कि आज भी लाखों लड़कियां पीरियड्स के दिनों में स्कूल छोड़ने को मजबूर होती हैं। सोशल वर्कर जया ठाकुर द्वारा दायर जनहित याचिका और पिछले चार वर्षों से चल रही सुनवाई इस सच्चाई को उजागर करती है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से नजरअंदाज की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश स्पष्ट करता है कि अब इसे केवल नीति या योजना कहकर टालने की गुंजाइश नहीं है। आज भी देश के कई हिस्सों में लड़कियां मासिक धर्म के दौरान कपड़े का इस्तेमाल करने को मजबूर हैं, क्योंकि स्कूलों में न तो मुफ्त पैड उपलब्ध हैं और न ही इस्तेमाल किए गए पैड के सुरक्षित निपटान की व्यवस्था। नतीजा यह होता है कि पढ़ाई प्रभावित होती है, आत्मविश्वास टूटता है और धीरे-धीरे स्कूल छोड़ने की नौबत आ जाती है। हाल के दिनों में 'पीरियड-शेमिंग' के खिलाफ जो गुस्सा सामने आया है, वह इसी दबे हुए दर्द का परिणाम है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की टिप्पणी इस सोच को उजागर करती है कि शैक्षणिक संस्थानों और कार्यस्थलों पर मासिक धर्म को लेकर जो व्यवहार होता है, वह एक परेशान करने वाली मानसिकता को दर्शाता है। यह सिर्फ लड़कियों की समस्या नहीं, बल्कि पूरे समाज की संवेदनशीलता की परीक्षा है। यह आदेश केवल स्कूल प्रबंधन या सरकारी तंत्र के लिए नहीं है। यह उन कक्षाओं के लिए है, जहां कोई बच्ची मदद मांगने से झिझकती है। यह उन शिक्षकों के लिए है, जो सहयोग करना चाहते हैं, लेकिन संसाधनों के अभाव में विवश हैं। यह उन माता-पिता के लिए भी है, जो अक्सर चुप्पी साध लेते हैं, बिना यह समझे कि उनकी चुप्पी उनकी बेटी की शिक्षा पर कितना भारी पड़ सकती है। मासिक धर्म के दौरान सम्मानजनक सुविधा देना कोई एहसान नहीं, बल्कि एक संवैधानिक और मानवीय जिम्मेदारी है। अब जरूरत है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इस आदेश को कागजों तक सीमित न रखा जाए। स्कूलों की मान्यता को इससे जोड़ना एक सख्त, लेकिन जरूरी कदम है। यह फैसला एक शुरुआत है उस बदलाव की, जहां शिक्षा के रास्ते में मासिक धर्म अब बाधा नहीं बनेगा, बल्कि समझ और संवेदनशीलता के साथ स्वीकार किया जाएगा।



दृष्टिकोण
पीयूष गोयल

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक कूटनीति में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इससे लाखों रोजगार पैदा होंगे तथा भारतीय युवाओं और किसानों के लिए व्यापक अवसरों का सृजन होगा। विश्व की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच यह एफटीए इतिहास के सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक है। वास्तव में यह व्यापार समझौते से ज्यादा व्यापक है। यह कृत्रिम मेधा (एआई), रक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाली विस्तृत साझेदारी है। इस एफटीए से भारत के हर क्षेत्र और नागरिक तथा खास तौर से निर्धन तबकों को लाभ पहुंचेगा।

# भविष्य का रोडमैप है भारत-ईयू एफटीए

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक कूटनीति में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इससे लाखों रोजगार पैदा होंगे तथा भारतीय युवाओं और किसानों के लिए व्यापक अवसरों का सृजन होगा। इसके साथ ही लगभग 2 अरब की उस आबादी के लिए धन पैदा होगा, जो मिलकर वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक-चौथाई भाग है। विश्व की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच यह एफटीए इतिहास के सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक है। वास्तव में यह व्यापार समझौते से ज्यादा व्यापक है। यह कृत्रिम मेधा (एआई), रक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाली विस्तृत साझेदारी है। इस एफटीए से भारत के हर क्षेत्र और नागरिक तथा खास तौर से निर्धन तबकों को लाभ पहुंचेगा।

यह एफटीए नियम आधारित व्यापार और आर्थिक नीतियों में स्थिरता सुनिश्चित करता है जिससे भारत स्वदेशी और विदेशी निवेश के लिए और ज्यादा आकर्षक बनेगा। यह छोटे व्यवसायियों, स्टार्टअप संस्थाओं और कामगारों के लिए अनेक अवसर पैदा करेगा। विश्व ने प्रधानमंत्री मोदी की घोषणा की सराहना करते हुए इस एफटीए को सभी समझौतों से बड़ा बताया है। यह वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में स्थिरता को मजबूत करता है। यह भारत और यूरोपीय संघ को मुक्त बाजार, पूर्वानुमान क्षमता और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध भरोसेमंद साझेदारों के रूप में स्थापित करता है। भारत ने व्यापार मूल्य के हिसाब से यूरोपीय संघ में अपने 99 प्रतिशत से ज्यादा निर्यात के लिए अभूतपूर्व बाजार पहुंच प्राप्त की है जिससे 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को बल मिलेगा। इस एफटीए से कपड़ा, रेडीमेड वस्त्र, चमड़ा, फुटवियर, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरी सामान और ऑटोमोबाइल जैसे श्रमसाध्य क्षेत्रों को निर्णायक मजबूती मिलेगी। इस समझौते से लगभग 33 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर 10 प्रतिशत तक टैरिफ खत्म होगा। इससे कामगारों, हस्तशिल्पियों, महिलाओं, युवाओं तथा सूक्ष्म, छोटे और मझोले उपक्रमों (एमएसएमई) का सशक्तिकरण होगा। वैश्विक मूल्य श्रृंखला से भारतीय व्यवसाय ज्यादा गहराई से जुड़ेंगे और वैश्विक व्यापार में महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की भूमिका मजबूत होगी। यह समझौता व्यवसायियों और पेशेवर तबके के लिए दूसरे देशों में जाने को आसान बनाते हुए शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाओं और कंप्यूटर जैसे सेवा क्षेत्रों में अवसरों के नए द्वार खोलता है। इन प्रतिबद्धताओं से उच्च मूल्य वाले रोजगार के अवसरों के खुलने के साथ ही प्रतिभा, नवोन्मेष और संवहनीय आर्थिक विकास के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत होती है।

व्यापार समझौते गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने की मोदी सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं। इस रणनीति में क्रांतिकारी सुधारों और विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन के जरिए अर्थव्यवस्था को मजबूत



करना तथा सभी पक्षों के लिए लाभकारी समझौते के उद्देश्य से विकसित और पूरक अर्थव्यवस्थाओं के साथ बातचीत शामिल है। यह रणनीति भारत को अपनी ताकत का सही इस्तेमाल करने और उन लाभकारी बाजारों तक पहुंच बनाने में सक्षम बनाती है जो कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की रक्षा करते हुए श्रमसाध्य क्षेत्रों में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते भारतीय उद्योगों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के अवसर प्रदान करते हैं और उपभोक्ताओं को विश्व स्तरीय उत्पाद उपलब्ध कराते हैं। मोदी सरकार ने ऐसे समझौते किए हैं, जिनमें टैरिफ में कमी धीरे-धीरे की जाती है। इससे उद्योगों को उचित नीतिगत समर्थन के साथ अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और गुणवत्ता में सुधार करने के लिए पर्याप्त समय मिलता है। प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण का केंद्र है। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के पूरी तरह अनुरूप है। यह भारत को वैश्विक मंच पर एक गतिशील, विश्वसनीय और दूरदर्शी भागीदार के रूप में स्थापित करता है, जो दोनों क्षेत्रों के लिए समावेशी, मजबूत और भविष्य के लिए तैयार विकास की नींव रखता है। मोदी सरकार ने सिर्फ़ विकसित देशों के साथ ही व्यापार समझौते किए हैं, जो कपड़ा, जूते, रत्न और आभूषण, और हस्तशिल्प जैसे भारत के प्रमुख रोजगार पैदा करने वाले क्षेत्रों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं। यह यूपीए शासन से बिल्कुल उल्टा है उन्होंने प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं के साथ समझौतों में जल्दबाजी की और अक्सर भारत को मिलने वाले लाभ की तुलना में कहीं अधिक रियायतें दीं। मोदी सरकार ने अर्थशास्त्रियों, औद्योगिक निकायों, विशेषज्ञों और कई सरकारी विभागों एवं मंत्रालयों के साथ गहन विचार-विमर्श के बाद ही मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। परिणामस्वरूप, मोदी सरकार द्वारा हस्ताक्षरित प्रत्येक व्यापार समझौते को उद्योगों से व्यापक सराहना मिली है। मोदी सरकार द्वारा संपन्न प्रत्येक मुक्त व्यापार समझौते ने दोनों पक्षों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं और भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार किया है। इन समझौतों ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनने की दिशा में उसकी यात्रा को तेज़ किया है।

यूपीए के कार्यकाल के दौरान, यूरोपीय संघ सहित विकसित देशों की भारत में रुचि कम हो गई थी, क्योंकि आर्थिक विकास धीमा हो गया था, मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर बनी हुई थी और व्यापार का माहौल निराशाजनक था। तब भारत ने ऐसे लाभप्रद व्यापार समझौतों के मूल्यवान अवसर गंवा दिए, जो विकास को गति दे सकते थे और रोजगार पैदा कर सकते थे। मोदी सरकार द्वारा संपन्न अन्य व्यापार समझौतों के साथ, भारत-ईयू एफटीए, ढुलमुल और निर्णायक नेतृत्व के बीच के अंतर को रेखांकित करता है। जहाँ पहले की सरकारें हिचकिचाती थीं और घुटने टेकती थीं वहीं मोदी सरकार ने बदलाव लाने वाला एक ऐसा समझौता किया है जो बाजारों का विस्तार करने के साथ साथ रोजगार पैदा करता है और भारत के मुख्य हितों की रक्षा करता है। यह इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि कैसे मजबूत नेतृत्व और रणनीतिक स्पष्टता नए अवसरों के दरवाजे खोल सकती है, जो देश को समृद्धि के रास्ते पर ले जा सकते हैं।

(लेखक केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## विचार
कैलाश चंद्र



# जागरूक नागरिक, समरस समाज निर्माण की मूल धुरी

भारतीय समाज की रचना में परिवार केवल रक्त-संबंधों का केंद्र नहीं, बल्कि एक जीवंत संस्कृति, अनुशासन और भविष्य का निर्माण करने वाली संस्था है। जब दुनिया व्यक्तिगतता, उपभोक्तावाद और क्षणिक सुख की संस्कृति में उलझकर अपने मूल्यों से दूर जा रही है, तब हमारे लिए यह समझना अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि राष्ट्र-निर्माण किसी एक नीति, किसी एक नेतृत्व या किसी एक विचारधारा से नहीं चलता, उसका वास्तविक केंद्र परिवार होता है। परिवार ही वह स्थान है जहां भविष्य की पीढ़ियां अपना पहला श्वांस, पहला संस्कार, पहली दृष्टि और पहला जीवन-शिक्षण प्राप्त करती हैं। अतः परिवार में संस्कारों की स्थापना केवल निजी जीवन का विषय नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक और राष्ट्रीय प्रश्न है। भारतीय संस्कृति में 'संस्कार' कोई बाह्य प्रदर्शन नहीं, बल्कि आत्मा को गढ़ने वाली आग है, जो धातु को स्वर्ण में बदलने का सामर्थ्य रखती है।

परिवार में संस्कारों का स्थान राष्ट्र-निर्माण की प्रथम आधारशिला माना गया है। जब परिवार के भीतर सद्भाव, सम्मान, संवाद और परस्परता का वातावरण होता है, तो वह ऊर्जा केवल घर की चहारदीवारों में नहीं रुकती, बल्कि बाहर मोहल्ले तक फैलती है। एक संस्कारित परिवार मोहल्ले में तनाव, हिंसा, विवाद या अव्यवस्था का कारण नहीं बनता; बल्कि वह वातावरण को सुसज्जित और शांत रखने में सहायक होता है।

ऐसे परिवार सामाजिक विश्वास को बढ़ाते हैं और एक प्रकार की अदृश्य सामाजिक पूंजी का निर्माण करते हैं, जिससे पूरा नगर और समाज अधिक स्थिर, सुरक्षित और सामंजस्यपूर्ण बनता है। संस्कारों का यह प्रभाव केवल मानव-व्यवहार तक सीमित नहीं रहता, वह प्रकृति और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता तक भी विस्तारित होता है। आज दुनिया पर्यावरणीय संकटों का सामना कर रही है, जल-स्रोत सूख रहे हैं, ऊर्जा का अत्यधिक अपव्यय हो रहा है, वृक्ष कट रहे हैं, और जीव-जगत असुरक्षा में जी रहा है। भारतीय परंपरा में प्रकृति पूज्यनीय है, और यह पूज्यता परिवार की संस्कृति से ही जीवन का अंग बनती है। अतः पर्यावरण का संरक्षण तभी संभव है जब परिवार अपनी जीवन-शैली में संवेदनशीलता का बीज बोए। परिवार का दायित्व केवल नैतिकता या व्यवहार तक सीमित नहीं है; वह सांस्कृतिक स्वत्व को बनाए रखने का केंद्र भी है। भजन, भोजन, भ्रमण और भेष जैसे विषय केवल क्रिया नहीं, बल्कि सांस्कृतिक आत्मविश्वास के वाहक हैं। यदि परिवार अपने घर में अपनी परंपराओं के भजन, मंत्र, कथा और लोकध्वनियों को स्थान देता है, तो बच्चों में आध्यात्मिकता कृत्रिम नहीं, सहज बनती है। भोजन में स्थानीयता और स्वदेशीता अपनाने से बच्चे यह सीखते हैं कि जीवन का पोषण धरती के अपने अनाज और अपनी परंपरा से होता है। जब परिवार 'स्व' का भाव अपनाता है, तब उसकी संतति सांस्कृतिक रूप से मजबूत, आत्मविश्वासी और मानसिक रूप से स्थिर बनती है। इन सबके साथ ही समरसता का महत्व सर्वोच्च है। समरस परिवार वह है जिसमें सभी सदस्य एक-दूसरे को सम्मान देते हैं, किसी को कमतर या अधिकतर नहीं मानते, और सबके स्वभाव और कर्तव्य को समझते हैं। समरसता का यह भाव घर से निकलकर समाज में समान रूप से फैलता है। आज दुनिया विभाजनों, उपहास, तनाव और घृणा की राजनीति से जूझ रही है। यदि परिवार के भीतर समरसता होगी तो समाज विभाजन से मुक्त होगा। समरस परिवारों से ही समरस समाज जन्म लेता है, और ऐसा समाज ही एक समरस राष्ट्र का आधार बन सकता है। जाति, भाषा, वर्ग और क्षेत्र के कृत्रिम भेद तभी समाप्त होंगे जब परिवारों में एकात्मता की भावना विकसित होगी। समरस परिवार समाज के लिए एक जीवंत उदाहरण बनता है कि विविधता संघर्ष का नहीं, बल्कि सहयोग और पूरकता का आधार है। अंततः राष्ट्र-निर्माण किसी विशाल नारे या महंगी योजना से नहीं, बल्कि एक छोटे से परिवार की संस्कृति, अनुशासन और दैनंदिन आचरण से शुरू होता है। संस्कारित परिवार ही जागरुक नागरिक तैयार करता है। यही 'स्व' के भाव को पोषित करते हैं, और यही समरसता को पल्लवित करते हैं। इसलिए भारत के उज्ज्वल भविष्य का वास्तविक प्रकाश-स्तंभ कोई बाहरी शक्ति नहीं, बल्कि अंदर बैठे छोटे-छोटे परिवार हैं, जिनमें संस्कार, प्रेम, मर्यादा, स्वाबलंबन और एकात्मता की दीप्ति जल रही है। इन्हीं परिवारों से वह पीढ़ी जन्म लेगी जो केवल विकसित भारत नहीं, बल्कि विचारवान, समरस, संवेदनशील और आत्मगौरवयुक्त भारत का निर्माण करेगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकारहैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है



संकलित
दर्शन

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थों के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

## मित्रता मुश्किल समय के लिए भरोसा



संकलित
प्रेरणा

रामायण में हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवाई थी। पहली मुलाकात में श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि मैं मेरी पत्नी सीता को खोज में जंगल-जंगल भटक रहा हूं, लेकिन आप तो राजा हैं। आप जंगल में क्यों रह रहे हैं? पहले सब ठीक था, लेकिन एक दिन हमारे राज्य में एक राक्षस आ गया तो बालि उसे मारने गया। सुग्रीव ने श्रीराम से अपना सारा वृतांत बताया कि कैसे भाई को गलतफहमी हुई। श्रीराम ने सुग्रीव की पूरी बात सुनी और कहा कि ठीक है मैं आपकी मदद करूंगा। पहले तो सुग्रीव को श्रीराम पर भरोसा नहीं हुआ। वह सोचने लगा कि बालि तो इतना बलवान है, राम उसे कैसे मार सकते हैं? ये कैसे मेरी मदद कर पाएंगे? सुग्रीव के चेहरे पर संदेह देखकर श्रीराम ने कहा कि सुग्रीव, अब मैं तुम्हारा मित्र हूं। मित्र के छह गुण हैं। पहला, अपने दोस्त के दुख में दुखी होना। दूसरा, मित्र के दुख को दूर करने का प्रयास करना। तीसरा, मित्र को गलत रास्ते पर जाने से रोकना। चौथा, लेन-देन के समय शंका न करना। पांचवां, हमेशा दोस्त का भला करना और छठा गुण है, विपत्ति के समय दोस्त के साथ खड़े रहना। ये सभी अच्छे मित्र के लक्षण हैं और तुम मुझे अपना मित्र समझ सकते हो। श्रीराम की बातें सुनकर सुग्रीव को उनकी बातों पर भरोसा हो गया। इसके बाद सुग्रीव ने भी सीता की खोज में मदद करने का वचन दिया। दोनों मित्रों ने एक-दूसरे की परेशानी को हल करने का संकल्प लिया।

## सटाका




## आज की पाती

### काबिल भारतीयों को देश निकाला

बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को बाहर निकालने की बातें करते-करते इस देश ने कब अपने ही सवर्ण समाज को देश से भगाने की नीति बना ली, इसका जवाब कौन देगा? आरक्षण के नाम पर योग्यता का खुलेआम कत्ल हुआ, और मेहनती, काबिल सवर्ण युवाओं को भारत में दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया गया। आज सच्चाई यह है कि भारत अपने सबसे तेज दिमागों को खुद धकेल-धकेल कर यूएसए, यूके और यूरोप भेज रहा है। जिस प्रतिभा पर भारत को खड़ा होना था, वही प्रतिभा आज विदेशों की कंपनियों, लैब्स और यूनिवर्सिटीज की रीढ़ बन चुकी है।यह ब्रेन ड्रेन नहीं बल्कि ब्रेन एक्साइल है। अगर यही चलता रहा, तो आने वाली पीढ़ियां इतिहास में पढ़ेंगी कि भारत को किसी विदेशी ताकत ने कमजोर नहीं किया, भारत ने खुद अपनी सबसे काबिल संतानों को देश से बाहर निकाल दिया।

- प्रदीप देशपांडे, बिलासपुर

## ट्रेंड

### बापू को नमन



महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर कोटिशः नमन। पूज्य बापू ने स्वदेशी, स्वाधीनता व स्वच्छता को एक सूत्र में बांधकर गौरवशाली भारत की कल्पना करने वाले महात्मा गाँधी के विचार हमें प्रेरित करते रहेंगे।
- अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

### प्रेम-सुंदर सम्मान



दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र के बच्चों को 'प्रेम-सुंदर सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। यह योजना इसी साल के दसवीं-बारहवीं के रिजल्ट से लागू होगी। मेरी अनंत शुभकामनाएं और आशीर्वाद।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### सूचना का अधिकार



आर्थिक सर्वेक्षण में सूचना के अधिकार अधिनियम की "पुनर्मूल्यांकन" की मांग की गई है। मोदी सरकार ने सूचना के अधिकार अधिनियम को व्यवस्थित रूप से कमजोर किया है।
- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

### सोशल मीडिया



बच्चे खाना खाते समय सोशल मीडिया स्क्रॉल कर रहे हैं, माता-पिता अनजान बने हुए हैं, यह हमारा भविष्य नहीं हो सकता। 16 से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाना समय की मांग है।
- सोनू सूद, फिल्म अभिनेता

## करंट अफेयर

# अमेरिका भारत को 3 प्राचीन कांस्य मूर्तियां लौटाएगा



अमेरिका भारत को तीन प्राचीन कांस्य मूर्तियां लौटाएगा जिन्हें देश के मंदिरों से अवैध रूप से हटा दिया गया था। वाशिंगटन डीसी स्थित स्मिथसोनियन नेशनल म्यूज़ियम ऑफ एशियन आर्ट ने कहा कि तीन मूर्तियां भारत सरकार को वापस की जाएंगी। गहन जांच के बाद इन मूर्तियों के स्रोत का पता लगाया गया और रिपोर्ट में यह कहा गया कि इन मूर्तियों को मंदिरों से अवैध रूप से हटाया गया था। संग्रहालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि भारत सरकार ने मूर्तियों में से एक को दीर्घकालिक ऋण पर देने पर सहमति व्यक्त की है। इस तरह की व्यवस्था के तहत संग्रहालय को वस्तु की उत्पत्ति, उन्हें हटाए जाने और वापसी की पूरी कहानी को सार्वजनिक रूप से साझा करने की अनुमति मिल जाएगी। ये मूर्तियां चोल काल (लगभग 990 ईस्वी) की 'शिव नटराज', चोल काल (12वीं शताब्दी) की 'सोमस्कंद' और विजयनगर काल (16वीं शताब्दी) की 'संत सुंदरार विद परवई' हैं। ये मूर्तियां 'दक्षिण भारतीय कांस्य ढलाई की समृद्ध कलात्मकता का उदाहरण हैं', जिन्हें पारंपरिक रूप से मंदिर की शोभायात्राओं में ले जाया जाता था। बयान में कहा गया है कि 'शिव नटराज' प्रतिमा को दीर्घकालिक ऋण पर रखा जाना है।

## ऑफ बीट

# जिम की जगह खुद घर पर कर सकते हैं व्यायाम



जीवन यापन की बढ़ती लागत के साथ, जिम की सदस्यता और फिटनेस कक्षाएं तेजी से अप्रचलित होती जा रही हैं। लेकिन अच्छी खबर यह है कि आप घर पर भी खुद से व्यायाम करके उतनी ही प्रगति कर सकते हैं। हृदय सहनशक्ति, मांसपेशियों की ताकत और लचीलापन फिटनेस के सबसे महत्वपूर्ण घटक हैं। और प्रत्येक को बहुत कम या बिना किसी उपकरण के खुद से किया जा सकता है। हृदय सहनशक्ति व्यायाम हृदय और फेफड़ों को काम करने वाली मांसपेशियों को ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने के लिए मजबूर करता है। पैदल चलना, जॉगिंग और दौड़ना बढ़िया विकल्प हैं, वैसे ही साइकिल चलाना, रस्सी कूदना और तैराकी भी है।अगला है मांसपेशियों की ताकत, जिसे हम प्रतिरोध व्यायाम के माध्यम से प्रशिक्षित करते हैं। यह हड्डियों के स्वास्थ्य, संतुलन और चयापचय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर जब हमारी उम्र बढ़ती है और हमारी मांसपेशियों और ताकत में गिरावट आती है। स्क्वैट्स – कूल्हों, घुटनों और टखनों को मोड़कर खड़े होने से लेकर छाती को ऊपर रखते हुए कूल्हों, घुटनों और टखनों को सीधा करके खड़े होने तक। बेहतर लचीलापन आपकी गति की सीमा को बढ़ा सकता है और दैनिक जीवन को प्रबंधित करने की आपकी क्षमता में सुधार कर सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# एक समान मुद्दे पर सामानांतर न्यायिक प्रक्रिया की अनुमति नहीं

**ब्रम्हलीन शंकराचार्य को दान में मिली जमीन पर निर्माण करने पर पूर्व में लगाई रोक हाईकोर्ट ने हटाई**

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में कहा कि एक समान मुद्दे पर सामानांतर न्यायिक प्रक्रिया की अनुमति नहीं दी जा सकती। इस मत के साथ जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने ब्रम्हलीन शंकराचार्य को दान में मिली जमीन पर निर्माण करने पर पूर्व में लगाई रोक हटा दी। कोर्ट ने उस याचिका को भी खारिज कर दिया जिसमें बिना अनुमति निर्माण को चुनौती दी गई थी। दरअसल, इसी मुद्दे पर याचिकाकर्ता ने अधीनस्थ अदालत और हाईकोर्ट में पूर्व में भी याचिकाएं दायर की थीं।



जबलपुर निवासी सुभाष चंद जायसवाल की ओर से याचिका दायर कर आरोप लगाया गया कि शंकराचार्य द्वारा एकता चौक पर स्थित जमीन में बिना अनुमति निर्माण किया जा रहा है। इस मामले में नगर निगम से जवाब मांगा गया था। नगर निगम की ओर से कोई जवाब नहीं आने पर पूर्व में हाईकोर्ट ने निर्माण पर अंतरिम रोक लगा दी थी।

शंकराचार्य के सचिव ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय राम ताम्रकार व अधिवक्ता ब्रजेश दुबे ने आवेदन पेश कर रोक हटाने और याचिका निरस्त करने की मांग की। उन्होंने कोर्ट को बताया कि सुभाष जायसवाल ने समान प्रार्थना पर सिविल कोर्ट में एक प्रकरण लगाया है। सिविल अदालत ने सुभाष को कोर्ट फीस जमा करने हेतु निर्देशित किया। सुभाष ने उक्त आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी, जोकि लंबित है। इन सभी तथ्यों को छिपाते हुए याचिकाकर्ता ने पुनः एक याचिका दायर कर दी। कोर्ट ने कहा कि जब इसी मुद्दे पर पूर्व में सिविल सूट और उच्च न्यायालय में अन्य याचिक लंबित है, तो समान राहत पर एक और याचिका दायर करना अनुचित है। इस मत के साथ याचिका निरस्त कर दी।

## सरकार भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच 90 दिन में पूरी करे : हाई कोर्ट

***यदि आरोप साबित पाए जाएं तो पद से हटाने की कार्रवाई करें***

***बालाघाट नगर पालिका अध्यक्ष से जुड़ा प्रकरण***

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सरकार को बालाघाट नगर पालिका अध्यक्ष के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच 90 दिन के भीतर करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने यह भी साफ किया है कि यदि आरोप साबित पाए जाएं तो नगर पालिका अधिनियम के विहित प्रावधान अंतर्गत पद से हटाने की कार्रवाई करें। याचिकाकर्ता बालाघाट निवासी पार्षद केवल सोनेकर, सुधीर चिले, सौरभ जैन व राज हरिनखेरे की ओर से अधिवक्ता आशीष त्रिवेदी ने पैरवी की। उन्होंने दलील दी बालाघाट नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर द्वारा स्वयं आदेश पारित कर विधि विरुद्ध रूप से रैन बसेरा का फर्नीचर स्वयं के उपयोग में अपने घर में उपयोग कर नगर पालिका को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई। इसी प्रकार अध्यक्ष ने निजी वाहन इनोवा क्रिस्टा जिसकी फ्यूल कैपेसिटी 55 लीटर है, उसमें एक बार में अनेक बार 70 लीटर से ज्यादा डीजल भरवा कर नगर पालिका निधि का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार किया है। अध्यक्ष द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के गीत को भी परिवर्तित नगर पालिका निधि से किया है। इन सभी भ्रष्ट आचरण की शिकायत शासन को की गई परंतु शासन ने कोई कार्यवाही नहीं की। इसीलिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।

## नर्मदा बाढ़ क्षेत्र से स्थायी निर्माण हटाए जाएं

**एनजीटी का सख्त आदेश, नदी किनारे डेयरियां भी न रहे**

हरिभूमि जबलपुर।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल (सेंट्रल जोन) के न्यायमूर्ति शेवकुमार सिंह तथा एक्सपर्ट मेंबर सुधीर कुमार चतुर्वेदी ने ओ.ए. 71 में पूर्व में जारी किए निर्देशों को दोहराते हुए आदेश दिए कि नर्मदा के बाढ़ क्षेत्र का सीमांकन कर स्थायी निर्माणों को हटाया जाए, इस क्षेत्र में स्थायी निर्माणों पर रोक लगे।

उन्होंने ओ.ए.139 में जारी आदेशों का पालन करने के सख्त निर्देश दिए की नर्मदा, परियट तथा गौर के किनारे स्थापित डेयरियों को हटाया जाकर उन्हें नई जगह पर बसाया जाए, ताकि नर्मदा में गंदगी नहीं जा सके। एनजीटी ने यह निर्देश डॉ.पीजी नाजपांडे द्वारा दायर याचिका के सिलसिले में 28 जनवरी को जारी किए है। याचिकाकर्ता ने शिकायत की है कि पिछले 3 वर्षों में नर्मदा के बाढ़ क्षेत्रों का सीमांकन नहीं हुआ, वहां के अतिक्रमण नहीं हटाए गए हैं। याचिकाकर्ता के एड.प्रतीक जैन ने ट्रिब्युनल को ओ.ए.139 में जारी आदेशों का हवाला देकर बताया कि डेयरियों नहीं हटने से नर्मदा में उनकी गंदगी जा रही है।

एनजीटी ने आदेश में बताया कि पिछले 25 वर्षों के आंकलन के आधार पर नर्मदा का बाढ़ क्षेत्र सीमांकित किया जाए, नदी से 100 मीटर के भीतर तक प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध हो। कलेक्टर पर डेयरी संबंधी पूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि पूर्व के आदेश का पालन करें, जिसमें परियट के किनारे 40, गौर किनारे 12 तथा नर्मदा पर 25 डेयरियां पाई गई थी।

### जबलपुर में 4 एसटीपी बंद पड़े

एनजीटी के आदेश में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के रिपोर्ट का उल्लेख है, जिसमें जबलपुर शहर में स्थापित 16 एसटीपी में से 12 कार्यरत तथा 4 बंद की स्थिति में बताये गए है। ललपुर, उमाघाट (गौरीघाट), रानीताल तालाब तथा गुलौआ तालाब के एसटीपी बंद पड़े है।

**अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, महाकोशल प्रांत जबलपुर इकाई के आयोजन में रखे विचार**

## अधिवक्ता की बेहतर तैयारी बनती है पक्षकार की जीत का आधार : न्यायमूर्ति विनय सराफ

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विनय सराफ ने कहा कि अधिवक्ता की बेहतर तैयारी पक्षकार की जीत का आधार बनती है। वे अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, महाकोशल प्रांत, जबलपुर इकाई के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार के सभागार में फ्राम फाइल टू कोर्ट रूम, ड्राफ्टिंग एंड आर्गूइंग ए रिट पिटीशन विषय पर व्याख्यान सारगर्भित रहा। न्यायमूर्ति सराफ ने कोई भी याचिका दायर करने से पूर्व की तैयारी, तर्क की तैयारी सहित अन्य बिंदु रेखांकित किए। युवा अधिवक्ताओं की अधिक संख्या में उपस्थिति से स्पष्ट था कि विषय के प्रति गहरी रुचि रखने वालों की कमी नहीं। सभी न्यायमूर्ति सराफ के अनुभवों को सुनने आतुर थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में एडिशनल सालिसिटर जनरल सुनील जैन ने अधिवक्ता परिषद के इतिहास और कार्य प्रणाली पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। हाई कोर्ट एडवोकेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल मंचासीन थे। सभी अतिथियों को पौधे व पुष्प देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनील गुप्ता, राम मिलन प्रजापति व गजेन्द्र सिंह जी ने किया। मंचासीन एडवोकेट तेज कुमार मोढ़ द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन किया गया। डीएसजी सुयश मोहन गुरु व संदीप कुमार शुक्ला एडवोकेट द्वारा व्यवस्था प्रबंध किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद के समस्त सदस्य, युवा अधिवक्ता, विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

**पूर्व विधानसभा के साथ पक्षपात क्यों : लखन घनघोरिया**

## फ्लाई ओवर एवं बिजली कटौती को लेकर जनअधिकार यात्रा निकाली

**जबलपुर।** जबलपुर मध्यप्रदेश का एक महत्वपूर्ण शहर हैं, जहाँ पर मध्यप्रदेश सरकार स्मार्ट सिटी के नाम पर करोड़ों हजार खर्च करने का दावा करती हैं। दूसरी तरफ विधानसभा आकड़ों के अनुसार भेदभाव कर रही हैं। पूर्व केबिनेंट मंत्री, विधायक लखन घनघोरिया के नेतृत्व में जनअधिकार यात्रा अब्दुल हमीद चौक (रद्दी चौकी) से अम्बेडकर चौक (तहसीली चौक) तक निकाल कर पूर्व विधानसभा के साथ हो रहे भेदभाव को जनता को अवगत कराया कि रद्दी चौकी से लेकर तहसीली चौक तक फ्लाई ओवर में क्यों देरी की जा रही हैं। विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि 14 महीने की कांग्रेस सरकार ने मेरे द्वारा उपरूक्त मार्ग पर फ्लाई ओवर को लेकर प्रास्तव स्वीकृत कर मध्यप्रदेश सरकार को भेजा गया था जिसकी लागत 186 करोड़ में बनाना था। एवं सरकार के परिवर्तन के बाद यहां प्रस्ताव भोपाल में स्थाई समिति के पास रखा हैं। मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेता मंत्रियों के कारण पूर्व विधानसभा के साथ भेदभाव कर फ्लाई ओवर का निर्माण को रोक कर रखा हैं। जबकि इस मार्ग में प्रतिदिन लाखों की तादात में यातायात का दबाव बना रहता हैं। जनता को निकलने के लिए घंटों का इंतजार करना पड़ता हैं। कभी-कभी जनता को यातायात की समस्या के कारण रेलवे स्टेशन देरी से पहुचने से ट्रेन छूट जाती हैं। इस संदर्भ में कई बार वर्तमान सरकार को पूर्व विधानसभा के अंतर्गत फ्लाई ओवर के निर्माण एवं यातायात को लेकर अवगत कराया गया क्या कारण हैं। फ्लाई ओवर का निर्माण नहीं कराया जा रहा हैं।



जनअधिकार यात्रा में जबलपुर के अधिवक्ताओं का समर्थन मिला और विधायक लखन घनघोरिया को यू.जी.सी. के लिए आगे आने को कहा।

इस जनअधिकार न्याय पदयात्रा में कांग्रेस कमेटी नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा, जिला न्यायालय अध्यक्ष मनीष मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, पंडित सम्पूर्ण तिवारी, एड़ ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, दिनेश यादव, नेता प्रतिपक्ष अमरीक्ष मिश्रा, सेवादल अध्यक्ष सतीश तिवारी, हाजी कदीर सोनी, सैय्यद ताहिर अली, मतीन अंसारी, पार्षदगण जितेन्द्र सिंह ठाकुर, संजय साहू, कल्लन गुप्ता, राकेश पांडे, गुलाम हुसैन, कलीम खान, प्रमोद पटैल, याकूब अंसारी, डॉ.रमाकांत रावत ब्लाक अध्यक्ष आजम अली खान, अभिषेक चंदेल, असित यादव, संजय अहिरवार, जिला यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सत्येन्द्र कुकरेले, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष यूथ कांग्रेस उवैश अंसारी, मुरलीधर राव, रूपेन्द्र पटेल, सुबोध पहारिया, लक्ष्मी शुक्ला, आदि उपस्थित थें।

## आयुर्वेदिक मैदान से ई रिक्शा चोरी

**जबलपुर।** गौरीघाट थाना अतंर्गत आयुर्वेदिक मैदान में खड़ा ई रिक्शा अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। गौरीघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवनगर दमोहनाका पानी की टंकी के पास विजयनगर निवासी 41 वर्षीय रितेश केशरवानी गत शाम परिवार सहित अपने ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 आर 9763 से गौरीघाट गया था।

## 350 पाव देशी शराब सहित बोलेरो जब्त

**जबलपुर।** कटंगी पुलिस ने खजरी हरदुआ रोड पुलिया के पास अवैध शराब के कारोबार में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 350 पाव देशी शराब एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो वाहन जब्त कर लिया गया है। कटंगी थाना प्रभारी श्रीमति पूजा उपाध्याय ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर खजरी हरदुआ रोड पुलिया के पास बुलेरो वाहन क्रमांक एमपी 20 बीए 0665 में शराब रखकर ले जा रहे बजरिया मोहल्ला कटंगी निवासी 22 वर्षीय वाहन चालक मयंक राजपूत उर्फ बंटी राजपूत और बजरिया मोहल्ला कटंगी निवासी 18 वर्षीय संस्कार तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। तलाशी लेने पर बोलेरो की पीछे डिक्की में 7 कार्टून (पेटी) में 50-50 पाव देशी शराब रखी मिली। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 350 पाव देशी शराब (63) एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो वाहन को जप्त करते हुये आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई।

## जहां मचाया था आतंक वहीं पैर पड़ाकर माफी मंगवाई

**रांझी का कुख्यात बदमाश आकाश उर्फ बग्गा एनएसए में गिरफ्तार**

**जबलपुर।** रांझी थाना क्षेत्र में लंबे समय से दहशत का पर्याय बने कुख्यात बदमाश आकाश उर्फ बग्गा को पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी को उन स्थानों पर भी ले गई जहां उसने अपराधिक वारदात को अंजाम दिया था, वहां पुलिस ने आरोपी से पीड़ित को माफी भी मंगवाई। आरोपी की गिरफ्तारी से क्षेत्र के रहवासियों ने राहत की सांस ली है। रांझी थाना प्रभारी उमेश गोलहनी ने बताया कि आकाश उर्फ बग्गा थाने का रजिस्टर्ड गुंडा-बदमाश है और उसकी गतिविधियां लगातार कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई थीं।



थाना प्रभारी उमेश गोलहनी ने बताया 8 जनवरी को आरोपी ने शांति नगर इलाके में एक के बाद एक तीन चाकूबाजी की वारदातों को अंजाम दिया था। इनमें एक गंभीर मामले में नागेंद्र सिंह पर पेट में चाकू मारकर हत्या का प्रयास किया गया था। अन्य घटनाओं में चाकूबाजी के साथ हफ्ता वसूली की कोशिश भी शामिल रही। इन मामलों में पुलिस ने तीन अलग-अलग एफआईआर दर्ज की थीं, जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, आकाश उर्फ बग्गा के खिलाफ अब तक कुल 14 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें से चार मामले हत्या के प्रयास से जुड़े हुए हैं। फरारी के दौरान भी वह लगातार लोगों को धमकाता रहा, जिससे रांझी और आसपास के इलाकों में उसका आतंक और बढ़ता चला गया। स्थानीय लोग भय के कारण खुलकर शिकायत करने से भी कतरा रहे थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एसपी के माध्यम से कलेक्टर को प्रतिवेदन भेजा, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ एनएसए का वारंट जारी किया गया। एनएसए लगने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## नवविवाहिता की संदिग्ध मौत पर आत्महत्या उत्प्रेरण का मामला दर्ज

**जबलपुर।** थाना संजीवनी नगर क्षेत्र में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। नगर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर एम.डी. नागोतिया ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 19 जनवरी 2026 को गुरहा तालाब, गंगानगर निवासी 28 वर्षीय आशीष विश्वकर्मा की पत्नी 24 वर्षीय रोशनी विश्वकर्मा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामलें में पुलिस ने मर्ग कायम कर मामलें की जांच की। इस दौरान मृतिका के मायके पक्ष के बयान दर्ज किए गए। जिसमें यह बात सामने आई कि उसका पति आशीष शराब पीकर प्रताड़ित करता था और खर्च के लिए पैसे नहीं देता था। मृतिका की बुआ ने अपने बयान में बताया कि 18 जनवरी की रात करीब 9:30 बजे उसकी रोशनी से फोन पर बात हुई थी, जिसमें रोशनी ने खुद को मानसिक रूप से परेशान बताया था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि घटना के दिन पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था और दहेज को लेकर लगातार मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना दी जा रही थी। इन तथ्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति आशीष विश्वकर्मा के खिलाफ धारा 80(2), 85 बीएनएस एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## शराब दुकान विरोध में महिलाएं सड़क पर उतरी

**तिलहरी मुख्य मार्ग पर विरोध प्रदर्शन**

हरिभूमि जबलपुर।



महानगरों की तर्ज पर अब जबलपुर में भी वाइन शॉप खोले जाने का सिलसिला तेज हो गया है। रहवासी क्षेत्रों के मुख्य बाजारों और प्रमुख मार्गों पर वाइन शॉप खोली जा रही हैं, लेकिन अब इसका विरोध भी मुखर होने लगा है। रसल चौक और विजय नगर के बाद अब एंबी वाइन शॉप तिलहरी मुख्य मार्ग पर खोले जाने की तैयारी की जा रही है। हालांकि दुकान के खुलने से पहले ही क्षेत्र की महिलाएं इसके विरोध में सड़क पर उतर आईं। स्थानीय महिलाओं ने साफ शब्दों में कहा कि तिलहरी मुख्य मार्ग पर एंबी वाइन शॉप किसी भी हालत में नहीं खुलने दी जाएगी। महिलाओं का आरोप है कि यह इलाका पूरी तरह रहवासी है, जहां परिवार, बच्चे और बुजुर्ग रहते हैं। ऐसे में शराब दुकान खुलने से माहौल खराब होगा और महिलाओं को असुरक्षा व असहजता का सामना करना पड़ेगा।

### पहले से मौजूद है शराब दुकान

इस विरोध प्रदर्शन में शामिल भाजपा नेत्री विभा उपाध्याय ने बताया कि तिलहरी मुख्य मार्ग पर पहले से ही एक शराब दुकान संचालित है, जिसके कारण आए दिन आवागमन बाधित रहता है। सड़क पर भीड़, असामाजिक तत्वों की आवाजाही और वाहनों की अव्यवस्था से स्थानीय रहवासी पहले ही परेशान हैं। उन्होंने कहा कि अब पुरानी बर्फ फैक्टरी के पास एंबी वाइन शॉप खोली जा रही है, जिससे स्थिति और बिगड़ जाएगी। इसका सीधा असर आसपास की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों पर पड़ेगा, खासकर महिलाओं और युवतियों को रोजमर्रा की आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### महिलाओं ने जताई कड़ी आपत्ति

प्रदर्शन कर रहीं महिलाओं का कहना है कि शराब दुकान खुलने से क्षेत्र का सामाजिक माहौल प्रभावित होगा। शाम के समय शराबियों की भीड़, शोर-शराबा और असामाजिक गतिविधियों की आशंका से वे चिंतित हैं। महिलाओं ने प्रशासन से मांग की है कि इस प्रस्तावित वाइन शॉप को किसी अन्य गैर-रहवासी क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाए।

## कार की टक्कर से एक्सिस सवार 2 घायल

**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना अतंर्गत गंगानगर तिराहा में एक कार ने एक एक्सिस को टक्कर मार दी, जिससे एक्सिस में सवार दो युवक नीचे गिरकर घायल हो गए और उनकी एक्सिस क्षतिग्रस्त हो गई। वही टक्कर मारने वाले कार चालक ने दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्लानगर केवट मोहल्ला मदनमहल निवासी 25 वर्षीय अजय केवट गत रात लगभग 10 बजे अपने साथी ऋषभ केवट के साथ शास्त्री नगर से अपने घर गुलौआ चौक तरफ अपनी एक्सिस क्रमांक एमपी 20 जेड व्ही 8346 से जा रहा था जैसे ही गंगानगर तिराहा सुमारू डेयरी के पास संजीवनीनगर पहुंचे तभी सामने से आ रही सफेद रंग की कार क्रमांक एमपी 21 सीए 3009 के चालक ने उसकी एक्सिस में टक्कर मार दी, जिससे दोनों एक्सिस सहित नीचे गिर गये और दोनों को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आ गईं तथा उसकी एक्सिस क्षतिग्रस्त हो गयी है। कार चालक ने दोनों घायलों को कार में बैठाकर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## हैरान करने वाली घटना पुलिस कर रही जांच

**खाना खाकर सोने गए बुजुर्ग की हनुमानताल में मिली लाश**

हरिभूमि जबलपुर।

हनुमानताल थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब हनुमानताल तालाब में एक बुजुर्ग का शव उतराता हुआ मिला। मृतक की पहचान चांदनी चौक निवासी 82 वर्षीय हाजी अब्दुल हबीब मालगुजार के रूप में हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और हैरानी का माहौल है।

परिजनों के अनुसार, हाजी अब्दुल हबीब मालगुजार गुरुवार रात परिवार के सभी सदस्यों के साथ खाना खाने के बाद यह कहकर अपने कमरे में सोने चले गए थे कि वे आराम करेंगे। रात के समय सब कुछ सामान्य था, लेकिन तड़के करीब 3 बजे जब परिजनों की नींद खुली तो देखा कि वे अपने कमरे में मौजूद नहीं हैं। बुजुर्ग के कमरे में न मिलने पर परिजनों ने पहले आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजन हनुमानताल थाना पहुंचे और पुलिस को पूरी जानकारी दी। पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए पुलिस कंट्रोल रूम में चांदनी चौक और आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले।



सीसीटीवी फुटेज में हाजी अब्दुल हबीब मालगुजार देर रात पैदल चलते हुए अलग-अलग स्थानों पर नजर आए। फुटेज के आधार पर पुलिस और परिजन उनकी तलाश करते हुए हनुमानताल तालाब पहुंचे, जहां पानी में उतराती हुई लाश दिखाई दी। गोताखोर की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। प्राथमिक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

### बीते दिनों से थे बीमार

हनुमानताल थाना पहुंचे मृतक के बेटे मोहम्मद असलम अंसारी ने बताया कि उनके पिता बीते 8 से 10 दिनों से बीमार चल रहे थे और मानसिक रूप से भी कुछ परेशान नजर आ रहे थे। हालांकि वे रात में सामान्य रूप से खाना खाकर सोने गए थे, किसी अनहोनी की आशंका नहीं थी। फिलहाल पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# गांधी शांति भी, क्रांति भी और विचार भी

# पुण्यतिथि पर बापू को दी गई मौन श्रद्धांजलि

**जबलपुर।**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर जिले भर में मौन श्रद्धाजंलि दी गई।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा टाउन हॉल स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पाजंलि अर्पित की गई। तंदोपरांत एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर ध्वजारोहण भी किया गया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, विधायक लखन घनघोरिया, दिनेश यादव भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि गांधी एक व्यक्ति नहीं विचार है, गांधी शांति भी है, क्रांति भी है और आत्मा भी है। आत्मा को शरीर से अलग नहीं किया जा सकता, ठीक इसी तरह गांधी का जो स्थान है उसे गोडसेवादी ताकते नहीं हटा सकती। महात्मा गांधी के मार्गदर्शन में बाबा साहेब अंबेडकर ने हमें जो संविधान दिया है उसकी रक्षा करना है और उसे बचाना हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, भगत राम सिंह, टीकाराम कोष्टा, पार्षद अयोध्या तिवारी, बंटू गुप्ता, झल्लेलाल जैन, विवेक अवस्थी, रंबल विश्वकर्मा, आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर गांधीवादी विचारों का अनुसरण करने और महात्मा गांधी के कदमों पर चलने का संकल्प लिया गया।



### शहीदों की स्मृति में रखा गया मौन

शहीदों की स्मृति में सुबह 11 बजे दो मिनिट का मौन रखा गया। संभागायुक्त अभय वर्मा, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने दो मिनिट का मौन रखकर स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को श्रृद्धांजलि दी। इस मौके पर कमिनश्नरी, कलेक्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### नगर निगम में मौन श्रद्धांजलि

नगर निगम में प्रातः 11 बजे निगामायुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित सभी विभागों के प्रमुख व कर्मचारियों ने हूटर बजते ही राष्ट्र के अमर शहीदों को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की।



## शिवांगी अग्निहोत्री को मास्टर्स कथक में दो स्वर्ण पदक मिले

**जबलपुर।** इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ (छ.ग.) द्वारा आयोजित सत्रहवें दीक्षांत समारोह २०२६ में जबलपुर की कुमारी शिवांगी अग्निहोत्री, सुपुत्री श्री सुशांत अग्निहोत्री एवं श्रीमती सुरभि अग्निहोत्री, को स्नातकोत्तर (मास्टर्स कथक) सत्र २०२२-२* के अंतर्गत रानी पद्मावती देवी स्वर्ण पदक तथा स्व. गुरु कल्याण दास महंत स्मृति स्वर्ण पदक से छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रामेन डेका द्वारा अलंकृत किया गया । समारोह में छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंकराम वर्मा, अध्यक्ष पद्मश्री अनुज शर्मा, कुलपति प्रोफेसर डॉ. लवली शर्मा तथा विश्वविद्यालय के समस्त पदाधिकारी व शिक्षकगण उपस्थित रहे।



## गांधी पुण्यतिथि पर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**जबलपुर।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला चिकित्सालय स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। अभियान 30 जनवरी 2026 से 13 फरवरी 2026 तक चलेगा और इसमें घर-घर कुष्ठ रोगियों की पहचान, जांच, भ्रांतियों का निराकरण, प्रचार-प्रसार एवं पी.ओ.डी. कैंप जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। मुख्य अतिथि न्यायाधीश श्रीमती शक्ति खरे रही, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा ने की। अन्य प्रमुख उपस्थित अतिथियों में डॉ. ऋचा शर्मा, डॉ. पीयूष जैन, श्रीमती मनीषा सोनी, डॉ. नवीन कोठारी, डॉ. पारस ठाकुर, डॉ. संजय जैन, डॉ. निश्चय सक्सेना, डॉ. आशीष राय सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। कार्यक्रम में जिले के कुष्ठ रोगियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। शासन की विभिन्न योजनाओं और आर.सी.एस. (सर्जरी) से संबंधित जानकारी मरीजों और उनके परिजनों को दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा ने जागरूकता के लिए जनहित में अपील की, जबकि सिविल सर्जन डॉ. नवीन कोठारी के नेतृत्व में सभी ने कुष्ठ रोग उन्मूलन हेतु शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन एन.एम.एस. आर.के. चौबे ने किया।

# पीएम श्री विद्यालय में किया गया केरियर काउंसलिंग मेले का आयोजन

**बरेला।** शासन के निर्देशानुसार पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीवाडा गौर में करियर काउंसलिंग मेले का आयोजन पीएमश्री शा. उ. मा.विद्यालय कन्या बरेला के प्राचार्य आशीष पंड्या के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य श्रीमती आभा वानखेड़े के निर्देशन में किया गया। जिसमें जबलपुर जिले के विभिन्न शासकीय तथा अशासकीय महाविद्यालयों के करियर मार्गदर्शकों ने भाग लिया।प्रथम चरण में कक्षा 12वीं के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों नेइंजीनियरिंग,मेडिकल नर्सिंग, कानून एवं अन्य विषयों से संबंधित जानकारी के लिए करियर काउंसलर द्वारा लगाए गए काउंटरों पर जाकर जानकारी प्राप्त की तथा अपने-अपने संकाय के अनुसार विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया।आयोजन के द्वितीय चरण में भविष्य की योजनाओं को साकार करने के लिए कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को अपनी रुचि, योग्यता और कैरियर के अनुरूप किन विषयों का चयन करना चाहिए इस हेतु महाविद्यालय से पधारे विषय विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया। उक्त मेले के आयोजन का संचालन पीएम श्री प्रभारी ध्रुव कुमार गोल्हनी द्वारा किया गया।उक्त आयोजन में शाला की करियर काउंसलिंग प्रभारी श्रीमती प्रीति गौरहार,सह प्रभारी श्रीमती ललिता गुप्ता, कक्षा 12वीं तथा दसवीं के समस्त शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे।





## प्रथम अंतरक्षेत्रीय विद्युत महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में इंदौर विजेता

जबलपुर। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में आयोजित प्रथम अंतरक्षेत्रीय विद्युत महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब इंदौर क्षेत्र ने केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर को 12 रन से पराजित कर जीता। फाइनल में इंदौर ने 8 ओवर में 84 रन बनाए, जवाब में केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर की टीम 72 रन ही बना सकी।प्रतियोगिता में इंदौर की रिंकी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, केन्द्रीय कार्यालय की मनीषा झारिया को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, अनुपमा तिवारी को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और इंदौर की नीरू को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक घोषित किया गया।एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन व प्रशासन एवं परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने विजेता और उपविजेता टीमों को चलित शील्ड प्रदान की। प्रतियोगिता में श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया (खंडवा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## एम.पी. ट्रांसको वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

# टेबल टेनिस, बैडमिंटन व शतरंज के रोमांचक मुकाबले

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2026 के अंतर्गत ज्योति क्लब परिसर, रामपुर में टेबल टेनिस, बैडमिंटन एवं शतरंज प्रतियोगिताओं के रोमांचक मुकाबले आयोजित किए गए। टेबल टेनिस महिला वर्ग में अंजू नीखरे और रीति शुक्ला ने फाइनल में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में हर्ष श्रीवास्तव ने प्रणय जोशी को पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। उनके साथ सुनील यादव और नरेंद्र पटैल भी सेमीफाइनल में पहुंचे। बैडमिंटन पुरुष वर्ग में पावर स्ट्राइकर्स और पावर वारियर्स टीमों ने फिनकैप्स को 2-1 से हराया, जबकि महिला वर्ग में पावर एंजल्स ने पावर प्रिंसेस और पावर स्मैशर्स को 2-1 से पराजित किया। शतरंज प्रतियोगिता में 43 खिलाड़ियों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में रवेन्द्र पटेल, मोनिष उइके, असित कुमार सराठे, चंद्रकांत श्रीवास्तव, रामनरेश सिंह गौड, हीरालाल पटेल, यदुराज राय, मल्हार बेहेरा और सर्वेश गौतम ने जीत दर्ज की। महिला वर्ग में सोनिका सुपटकर, हेमवती सिंह, मंजू सिंह, माया पटेल और विमला साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।





## ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत ग्राम विकास पखवाड़ा संपन्न

**मझौली।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद (योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्य प्रदेश शासन) के अंतर्गत सेक्टर धनगवां स्थित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गांधीगंज, विकासखंड मझौली द्वारा समिति कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान "ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश" अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तरीय ग्राम उत्सव एवं ग्राम विकास पखवाड़ा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव सहित सदस्यगण एवं ग्राम पंचायत के सरपंच व पंच उपस्थित रहे। सभी ने ग्राम विकास, जनभागीदारी एवं सामाजिक जागरूकता पर विचार व्यक्त किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में समिति की सचिव श्रीमती रोशनी चौधरी ने गीत प्रस्तुति दी, वहीं बच्चों के नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की सफलता में ग्राम प्रस्फुटन समिति के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर ब्लाक कांग्रेस का धरना

**सिहोरा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष संजय यादव पूर्व विधायक के मार्गदर्शन में बिहारी पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के संयोजन में पुराना बस स्टेंड स्थित जय स्तंभ में मनरेगा बचाओ अभियान के तहत अहिंसा के साथ काम के अधिकार की रक्षा के संकल्प हेतु शांतिपूर्ण धरने का आयोजन किया गया है एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर प्रदेश सचिव राजेश चौबे,जितेंद्र श्रीवास्तव,अजय सिंह राजपूत ब्लॉक अध्यक्ष गोसलपुर,राजेश पटेल नवनीत शुक्ला,अमोल चौरसिया,लाल बहादुर पाठक,शिवकुमार गर्ग,दिलीप जैन,संतोष पांडे, गिरधर सरावगी,नीरज पाठक,प्रांजल शराफ़,गुड्डू विश्वकर्मा,ललित दुबे,रमा चौरसिया,जितेंद्र तिवारी, प्रभात यादव,जमीला बानो,शंकर वंशकार,गौस भाई आजाद,शमशेर खान,के,के, दुबे,नरेंद्र सिंह, राजेश पटेल,बेनी शंकर कोरी,सत्येंद्र पटेल,आनंद पटेल,अशोक गोटिया आदि उपस्थित थे।





## पीएम श्री स्कूल भण्डरा में करियर मेला एवं काउंसलिंग आयोजित

फनवानी। समग्र शिक्षा अभियान, लोक शिक्षण संचनालय मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार शासकीय पीएम श्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भण्डरा में दो दिवसीय करियर मेला एवं करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य वीरेंद्र कुमार धुर्वे एवं धर्मेन्द्र पटेल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रथम दिवस करियर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत करियर मेला, करियर काउंसलिंग का परिचय, विभिन्न शैक्षिक संकायों तथा स्थानीय उद्योग एवं संस्थानों की जानकारी दी गई। द्वितीय दिवस ब्लॉक शिक्षा कार्यालय से पहुंची काउंसलर पल्लवी शर्मा ने कौशल आधारित पाठ्यक्रमों, कौशल व्यवसायों के विकल्प, आईटीआई, पॉलिटेक्निक एवं व्यावसायिक शिक्षा की जानकारी दी। इस दौरान कक्षा 9वीं से 11वीं तक के छात्र-छात्राओं के साथ विशेष संवाद भी किया गया।

# यूजीसी बिल वापस लेने प्रधानमंत्री के नाम सवर्ण समाज ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** सकल सवर्ण समाज द्वारा पुराने बस स्टेंड में प्रदर्शन नारेबाजी कर यूजीसी का काला कानून वापस लेने प्रधानमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि हम भारत के शिक्षित नागरिक एवं समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोग विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी से संबंधित हाल ही में जारी अध्यादेश/नियमों के विषय में अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं।यह नियम शिक्षा व्यवस्था में समानता अवसरों की समान उपलब्धता तथा सामाजिक समरसता के सिद्धांतों के विपरीत प्रतीत होते हैं। इन नियमों के कारण उच्च शिक्षा संस्थानों में अध्यनरत सवर्ण समाज के छात्रों में गहरी असंतोष की भावना उत्पन्न हो रही है। यह अध्यादेश न केवल वर्षों से चली आ रही पारदर्शी और संतुलित व्यवस्था को प्रभावित करता है बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों के मध्य अनावश्यक विभाजन की स्थिति भी उत्पन्न कर रहा है। शिक्षा किसी भी राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला होती है और इसमें लिए गए निर्णय दूरगामी प्रभाव डालते हैं। अतः इस प्रकार के आपसी जातिगत भेदभाव पैदा करने वाले अध्यादेश लागू किया जाना उचित नहीं है।अतःउक्त अध्यादेश/नियमों को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी इस अध्यादेश को उचित न मानते हुए इसके लागू करने पर तात्कालिक रोक लगाई है। जिसका हम सभी स्वागत करते हैं। सर्वसम्मति से ऐसे नियम बनाए जाएं जो समानता,न्याय और गुणवत्ता पर आधारित हो। उच्च शिक्षा प्रणाली को राजनीति से ऊपर रखकर राष्ट्रहित मे निर्णय लिए जाएं। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश पांडेय,राकेश पाठक,अरुण जैन,नीरज गौतम, प्रवीण कुररिया,सुधीर अवस्थी,राजभान मिश्रा,एड आशीष ब्यौहार,एड अभिलाष तिवारी,एड कन्हैया बडगैया,एड अभिजीत पाठक,डब्बू पाठक,के के कुररिया,नंदकुमार परौहा,सुजीत कुररिया,अनिल कुररिया,लटोरी गुप्ता,अनिल जैन,आलोक पांडे,डॉ सतेन्द्र पांडे,संतोष पांडे,अनिल दुबे,ब्रजमोहन पांडे,उमाशंकर अवस्थी,प्रदीप दुबे,नंदकिशोर बाजपेयी, टेकचंद दुबे सहित अनेक लोग उपस्थित थे।






**हाजी अब्दुल बशीर** मोअजन जामा मस्जिद सदर का इंतिकाल हो गया है वे सगीर भाई सब्जी वाले, मो. कौसर के पिता थे। नमाज़ ए जनाजा जामा मस्जिद सदर में अदा की गई और रानीताल कब्रिस्तान में सुपुर्देखाक किया गया।



**श्री आदित्य शर्मा-** उदय नगर नं. 1 व्हीकल रोड निवासी श्री लालाराम शर्मा के पुत्र श्री आदित्य शर्मा (21) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुलवंत कौर-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री बलवंत सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती कुलवंत कौर (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मूलचंद महावर-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री मूलचंद महावर (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेश प्रसाद चौरसिया-** बेलबाग निवासी श्री महेश प्रसाद चौरसिया (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।**श्री किशोरी लाल पटेल-** पुष्प नगर कछपुरा निवासी श्री किशोरी लाल पटेल (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।**श्री राकेश कुमार आचार्य-** प्रेमसागर आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री राकेश कुमार आचार्य (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।**श्रीमती राजा बेटी शर्मा-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री रामसेवक शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती राजा बेटी शर्मा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।**श्रीमती ममता-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री हरजीत सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती ममता (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।**श्रीमती तारा सोनी-** कांचघर झंडा चौक निवासी श्री पुरुषोत्तम सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती तारा सोनी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।श्री रतन सिंह चौहान- रामलाल का बाड़ा बेलबाग निवासी श्री रतन सिंह चौहान (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।**श्रीमती यशोदा पैगवार-** सालीवाड़ा गौर निवासी श्री मोहन लाल पैगवार की धर्मपत्नी श्रीमती यशोदा पैगवार (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।**श्री राजेंद्र कुमार रवि-** बेलबाग टोरिया निवासी श्री राजेंद्र कुमार रवि (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।**श्री पप्पू ठाकुर-** कंचनपुर रेतनाका गौरीघाट निवासी श्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर के पुत्र श्री पप्पू ठाकुर (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।**श्रीमती फागुनी बाई चौधरी-** बाबा टोला राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री ढ्दन लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती फागुनी बाई चौधरी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।**श्री हेमराज रजक-** गोविंद भवन सिविल लाइन निवासी श्री हेमराज रजक (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।**श्रीमती किस्सो जाटव-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री रमीत जाटव की धर्मपत्नी श्रीमती किस्सो जाटव (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।**श्री प्रेम लाल दीवान-** गुलौआ गढ़ा निवासी श्री प्रेम लाल दीवान (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।**श्री मेजर साकेत-** बागड़ा दफाई पोलीपाथर निवासी श्री मेजर साकेत (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।**श्री रामदयाल बेन-** बजरंग नगर रांझी निवासी श्री राम दयाल (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303808294, 9407362160




*पशुपतिनाथ लोक मंदसौर की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जिसे और अधिक भव्य बनाया गया है। शिवना नदी की बहती जलधारा के समीप स्थित यह लोक पहले से कहीं अधिक आकर्षक एवं मनमोहक हो गया है। चार प्रवेश द्वारों के माध्यम से श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही सुनिश्चित की गई है। पशुपतिनाथ लोक में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ओपन एयर थियेटर का निर्माण किया गया है, जहां सांस्कृतिक एवं रंगमंचीय कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने पर उन्हें असुविधा न हो, इसके लिए प्रतीक्षालय की व्यवस्था की गई है। आपात परिस्थितियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा कक्ष भी बनाया गया है। मंदिर परिसर में शिव-लीलाओं पर आधारित आकर्षक म्यूरल वॉल एवं पशुपतिनाथ महादेव प्रतिमा के इतिहास पर आधारित पेंटिंग्स श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करती हैं। श्री पशुपतिनाथ लोक में सत्संग भवन, उद्यान, शिव स्तंभ, म्यूरल वॉल, सेल्फी प्वाइंट तथा सुव्यवस्थित पाथवे का निर्माण किया गया है, जिससे पूरा परिसर तीर्थनगरी के स्वरूप में विकसित हुआ है।*

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने मंदसौर में किया श्री पशुपतिनाथ लोक का लोकार्पण

## मुख्यमंत्री ने ई-कार्ट से लोक का किया भ्रमण, यज्ञशाला में दी पूर्ण आहुति

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को मंदसौर में भगवान श्री पशुपतिनाथ लोक का लोकार्पण किया। प्रथम चरण में लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत से लोक का निर्माण किया गया है। डॉ. यादव ने सबसे पहले पशुपतिनाथ मंदिर पहुंच कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर की पूर्व एवं वर्तमान स्थिति को प्रदर्शित करने वाली चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में पालकी में रजत प्रतिमा के रूप में विराजित भगवान पशुपतिनाथ की पूजा-अर्चना की। उन्होंने ई-कार्ट में बैठकर पशुपतिनाथ लोक का भ्रमण किया और इसकी भव्यता को सराहा। डॉ. यादव ने 22 फीट ऊंचे त्रिनेत्र रुद्राकनी का अनावरण किया। इसके मध्य में स्थापित रुद्राक्ष भगवान शिव के त्रिनेत्र स्वरूप का दिव्य आभास कराता है।


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पशुपतिनाथ मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

---

## खबर संक्षेप

### सहायक शिक्षक भर्ती पर मचा रायपुर में बवाल

**रायपुर।** सहायक शिक्षक भर्ती-2023 में रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की मांग को लेकर आंदोलनरत संयुक्त डीएड अभ्यर्थियों ने दूसरी बार शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के बंगले का घेराव किया। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे दो अभ्यर्थियों की तबीयत अचानक बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए। बेहोश हुए अभ्यर्थियों की पहचान कोरिया जिले के मृगेंद्र राजवाड़े और कवर्धा जिले के हलधर राम के रूप में हुई है।

### यूजीसी कानून वापस लेने की मांग की

**भोपाल।** सरकार द्वारा यूजीसी कानून लागू किए जाने के विरोध में इरावती चित्रगुप्त संस्कृति एवं सामाजिक न्यास के प्रचार सचिव दीप श्रीवास्तव ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि यह कानून स्वर्ण समाज के परिवारों के बच्चों को ध्यान में रखकर लाया गया है, जो स्वीकार्य नहीं है। श्रीवास्तव ने इस कानून को काला कानून बताते हुए इसे शीघ्र वापस लेने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कानून वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन और प्रदर्शन किया जाएगा।

### यूजीसीः नए नियमों पर रोक लगाने का स्वागत

**भोपाल।** सर्वोच्च न्यायालय ने नए यूजीसी नियम 2026 पर रोक लगाने का आदेश पारित करके सवर्ण वर्ग के न्याय का मार्ग प्रशस्त किया है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का मप्र कर्मचारी मंच ने स्वागत किया गया है। मंच के अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि भारत सरकार ने नए यूजीसी नियम 2026 लागू करके भारत के समाज में सामाजिक विभेद पैदा कर दिया था। जिस कारण सवर्ण समाज में आक्रोश था। यूजीसी के नए नियम का सवर्ण समाज ने पुरजोर विरोध कर प्रदर्शन किया। पांडे ने कहा कि नया यूजीसी नियम 2026 काला कानून है, इसीलिए सर्वोच्च न्यायालय ने प्रथम सुनवाई में ही यूजीसी नियम 2026 के लागू होने पर रोक लगा दी। सर्वोच्च न्यायालय के रोक के बाद कर्मचारी मंच ने भारत सरकार से नए यूजीसी नियम 2026 को वापस लेकर 2012 की व्यवस्था को लागू करने के आदेश को पारित करने की मांग की है।

### आंदोलन से आवाज़ बुलंद करेंगे : डॉ. मनोज यादव

**भोपाल।** समाजवादी पार्टी मप्र के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने भोपाल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश की कानून-व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध बेलगाम हो चुके हैं और असामाजिक तत्वों को सत्ता का खुला संरक्षण मिल रहा है, जिससे आम जनता और खासकर महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। डॉ. यादव ने जानकारी दी कि समाजवादी पार्टी द्वारा प्रदेश के सभी जिला प्रभारियों एवं संभाग प्रभारियों की सूची जारी कर दी गई है। ये पदाधिकारी सरकार की जनविरोधी नीतियों पर निगरानी रखेंगे और प्रदेशभर में धरना, प्रदर्शन एवं आंदोलन के माध्यम से जनता की आवाज़ बुलंद करेंगे। रीवा जिले के मनगवां क्षेत्र में विधायक इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति पर जन्मदिन के अवसर पर हुए हमले के प्रयास को डॉ. यादव ने लोकतंत्र पर हमला करार दिया।

---

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पात्र पांच किसानों को दिए भावांतर राशि के चेक

# सीएम ने 1.17 लाख किसानों को अंतरित की 200 करोड़ रुपए की भावांतर राशि

**भावांतर भुगतान योजना किसानों की तपोसाधना और समर्पण का सम्मानः सीएम**

**डॉ. मोहन ने मंदसौर के मल्हारगढ़ में किया कई विकास कार्यों का भूमिपजून और लोकार्पण**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसान हमारे अन्नदाता हैं, इन्हें कोई भी परेशानी हो, कठिनाई हो, तो हमारी सरकार किसानों का संबल और इनकी ढाल बनकर हमेशा साथ खड़ी है। किसानों की जिंदगी बेहतर बनाना, इनके खेत, खलिहानों और घरों में समृद्धि लाना ही हमारा एकमात्र ध्येय है। भावांतर भुगतान योजना किसानों के जीवन में समृद्धि लाने के लिए सरकार का प्रयास है।

यह योजना किसानों के कठिन तप, साधना और समर्पण का सम्मान है। डॉ. यादव गुरूवार को मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ में अन्नदाता सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने भावांतर भुगतान योजना की अंतिम किश्त के रूप में प्रदेश के 1 लाख 17 हजार किसानों के खातों में लगभग 200 करोड़ रूपए की भावांतर राशि अंतरित की।



किसानों के खातों में राशि ऑनलाइन भेजते मुख्यमंत्री डॉ. यादव व डिप्टी सीएम देवड़ा।

#### मुख्यमंत्री ने मंदसौरवासियों को भी दीं सौगातें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदसौर जिलेवासियों को भी विभिन्न विकास कार्यों की सौगातें दीं। उन्होंने मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 51.91 करोड़ रूपए की लागत से मंदसौर-नीमच स्टेट हाईवे पर 4 लेन फ्लाईओवर निर्माण तथा पिपलिया मंडी में 5.53 करोड़ रूपए लागत से बनने वाले रेलवे अंडरब्रिज निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने मल्हारगढ़ रेलवे स्टेशन से नारायणगढ़ मार्ग पर 2.06 करोड़ रूपए लागत से नवनिर्मित रेलवे अंडरपास का लोकार्पण भी किया। डॉ. यादव ने उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की मांग पर मल्हारगढ़ के पिपलियामंडी में नया फ्लाईओवर ब्रिज बनाने सहित भुवानी माता मंदिर का जीर्णोद्धार कराने और काका गाडगिल सागर डेम को एक आकर्षक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की।

#### भविष्य में सरसों, मूंगफली की फसल भी भावांतर में होगी शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश, देश का पहला ऐसा राज्य है, जिसने भावांतर की राशि को भुगतान करने की योजना लागू की। सोयाबीन उत्पादक किसानों को उनकी फसल का पूरा दाम मिला है। डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार आने वाले सालों में सरसों और मूंगफली की फसल को भी भावांतर भुगतान योजना के दायरे में लेकर आएगी।

#### *मंदसौर के 27 हजार किसानों को मिले 43 करोड़ रुपए*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि योजना प्रारंभ से अब तक 7 लाख 10 हजार से अधिक किसानों को हमारी सरकार लगभग 1500 करोड़ रूपए की भावांतर राशि दे चुकी है। आज जिन किसानों को भावांतर की राशि मिली है, उसमें मंदसौर जिले के किसान भी शामिल हैं। जिले के 27 हजार से अधिक किसानों को लगभग 43 करोड़ रूपए की भावांतर राशि मिली है। मुख्यमंत्री ने भावांतर योजना के तहत मंदसौर जिले के पांच किसान रघुवीर सिंह को 95 हजार रूपए, मुकेश पाटीदार को 73 हजार रूपए, ओमकार सिंह को 64 हजार रूपए सहित रामदयाल और जगदीशचंद्र पाटीदार को भी भावांतर राशि के चेक भी सौंपे।*

#### *स्व. मनोहर चौहान के पुत्र को दी अनुकंपा नियुक्ति*

*मल्हारगढ़ सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मल्हारगढ़ में हुई एक दुर्घटना में 4 लोगों की जिन्दगी बचाकर खुद की जान गंवाने वाले मनोहर सिंह चौहान के पुत्र संजय सिंह को अनुकम्पा नियुक्ति का पत्र प्रदान किया। डॉ. यादव ने कहा कि मल्हारगढ़ के पास कार पानी में डूबने लगी। 40 साल के मनोहर सिंह पानी में कूदे। कार में मौजूद चार जिंदगियां तो बचा लीं, पर खुद की जान न बचा सके। ऐसी वीरता को सम्मानित करना हमारा फर्ज है। स्व मनोहर सिंह के 22 वर्षीय पुत्र संजय सिंह को पुलिस आरक्षक (जीडी) के पद पर सीधा नियुक्ति-पत्र (अनुकम्पा के रूप में) दिया जा रहा है।*

---

### अपना स्वस्थ बाघ अब भी कैद

## वन विभाग मध्य प्रदेश से बाघों को करेगा आयात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

30 जनवरी छत्तीसगढ़ वन विभाग शीघ्र ही मध्य प्रदेश से बाघों का आयात कर उन्हें गुरु घासीदास–तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व तथा उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व में छोड़ने की तैयारी में जुटा है।

इस उद्देश्य से दोनों टाइगर रिजर्व में बाघों के शिकार प्रजातियों हिरण आदि को प्रदेश के विभिन्न चिड़ियाघरों तथा अटारी स्थित नंदनवन जंगल सफारी से लाकर छोड़े जाने की भी योजना बनाई जा रही है। गुरु घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व में आयातित बाघ को सॉफ्ट रिलीज देने के नाम पर लगभग एक हेक्टेयर का बाड़ा (एन्क्लोजर) भी तैयार किया जा रहा है। लेकिन आश्चर्यजनक और दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि वन विभाग अपने ही यहां मौजूद, पूर्णतः स्वस्थ हो चुके एक बाघ को जंगल में छोड़ने के प्रति पूरी तरह उदासीन बना हुआ है और उसे अब भी कैद में रखा गया है।

बीजापुर वन मंडल में अप्रैल 2025 में एक बाघ शिकारियों द्वारा लगाए गए लोहे के फंदे में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। वन विभाग की निष्क्रियता के चलते लगभग 20 दिनों तक बाघ फंदे के साथ घूमता रहा, जिससे उसका घाव और गहरा हो गया। उसके बाद में उसे इलाज के लिए नंदनवन जंगल सफारी, रायपुर लाया गया। 30 जुलाई 2025 को उस बाघ की एक जटिल लेकिन सफल सर्जरी की गई। सर्जरी के लगभग चार महीने बाद, नवंबर 2025 में की गई विस्तृत चिकित्सकीय जांच में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने बाघ को क्लिनिकली स्वस्थ, सक्रिय और पूरी तरह चलने-फिरने में सक्षम पाया। सर्जरी के चार माह बाद डॉ. पियूष दुबे, डॉ. संतोष आदिल, डॉ. पीके चंदन एवं डॉ. जेके जाडिया द्वारा की गई जांच में पाया गया कि बाघ पूरी तरह स्वस्थ और सतर्क है। सर्जरी का घाव पूरी तरह भर चुका है और वहां दोबारा बाल उग आए हैं।

बाघ घायल पैर पर पूरा वजन डाल पा रहा है तथा पंजे की पकड़ (ग्रिप) सामान्य है। चलने, दौड़ने या जमीन से उठते समय दर्द के कोई लक्षण नहीं दिखे। बाघ दोनों पिछले पैरों पर आराम से पूरे शरीर का वजन संभाल पा रहा है। धीरे चलने पर कभी-कभी बहुत हल्की लंगड़ाहट दिखती है, लेकिन दौड़ते समय कोई लंगड़ाहट नहीं होती।

जांच के आधार पर चिकित्सकों ने निष्कर्ष दिया कि बाघ स्वस्थ है और ठीक से भोजन कर रहा है। हल्की लंगड़ाहट सर्जरी में लगाए गए इम्प्लांट या समायोजन के कारण हो सकती है, जो समय के साथ और सुधर सकती है। इस समय इम्प्लांट निकालने की कोई चिकित्सकीय आवश्यकता नहीं है। सर्जरी के चार महीने बाद बाघ की हालत बहुत अच्छी है और उसकी शारीरिक क्षमता संतोषजनक पाई गई है।

---

### सीएम डॉ. यादव ने किया शुभारंभ

## सीतामऊ साहित्य महोत्सव सांस्कृतिक पुनरुत्थान का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सीतामऊ में आयोजित साहित्य महोत्सव भारतीय संस्कृति, इतिहास और साहित्य के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का पर्व है। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीन दिवसीय द्वितीय सीतामऊ साहित्य महोत्सव का वर्चुअल शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सीतामऊ के महाराज कुमार रघुवीर सिंह द्वारा वर्ष 1974 में स्थापित नट नागर शोध संस्थान आज शोधार्थियों के लिए तीर्थ स्थल के रूप में प्रतिष्ठित है। संस्थान में 30 हजार से अधिक दुर्लभ पांडुलिपियां संग्रहीत हैं, जिसके कारण यह एशिया की महत्वपूर्ण लाइब्रेरियों में शामिल है। यहां देश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोधार्थी विभिन्न विषयों पर पीएचडी शोध कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि संस्थान में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण दस्तावेज सुरक्षित हैं, जिनमें 1857 की क्रांति से संबंधित ऐतिहासिक पांडुलिपियां भी शामिल हैं।

यह संस्थान भारतीय इतिहास, साहित्य और संस्कृति का एक प्रमुख केंद्र है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महोत्सव में शामिल विद्वानों, वक्ताओं, कलाकारों और इतिहासकारों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सांस्कृतिक पुनरुत्थान का कार्य निरंतर हो रहा है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व इसका उदाहरण है।

---

### ठगों ने शेयर बाजार का दिया था झांसा

## जॉब दिलाने के नाम पर डिजिटल डकैती भिलाई में महिला ने गंवाए करीब 8 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

महिला को ऑनलाइन जॉब दिलाने के नाम पर सात लाख 76 हजार 600 रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। सेक्टर-1 भिलाई निवासी प्रार्थिया तरन्नूम राशिद ने भट्ठी पुलिस भिलाई में रिपोर्ट लिखाई। मामले में मोबाइल नंबर 9989649354 धारक के खिलाफ धारा 318 (4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि आठ जनवरी को उसके इंस्टाग्राम अकाउंट में ऑनलाइन जॉब का विज्ञापन आया। प्रार्थिया द्वारा लिंक पर टच करने पर एक वाट्सएप नंबर खुला, जिसमें पार्ट टाइम ऑनलाइन जॉब करने पर रुपए मिलने की बात कही गई। टेलीग्राम अकाउंट बनाकर प्रार्थिया को उसमें चैट करने कहा गया। टेलीग्राम अकाउंट में उनके द्वारा भेजे गए यूपीआई में ऑनलाइन नौ से 10 जनवरी तक कई किश्तों में कुल एक लाख 80 हजार 600 रुपए जमा कराया गया। इसके बाद प्रार्थिया को बताया गया कि उसके द्वारा जमा रुपए शेयर मार्केट में लगाए गए हैं, जो डबल हो चुके हैं। प्रार्थिया से यह भी कहा गया कि उक्त पैसा को निकालने के लिए शेयर मार्केट में और राशि इनवेस्ट करना होगा। इसके बाद प्रार्थिया ने दो अलग-अलग बैंक खाते से क्रमशः तीन लाख 50 हजार रुपए और दो लाख 46 हजार रुपए सेक्टर-4 एसबीआई बैंक खाते में नगद जमा किया। इसके बाद प्रार्थिया द्वारा टेलीग्राम से वापस पैसा मांगने पर द्वारा प्रार्थिया को पुनः छह लाख रुपये जमा करने कहा।

---

### एसडीएम ने लिया स्वतः संज्ञान, आरोपी पटवारी को नोटिस जारी

## राजस्व रिकॉर्ड के नाम पर कोंडागांव में अवैध वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विश्रामपुरी

बड़े राजपुर तहसील में राजस्व रिकॉर्ड दुरुस्त करने के नाम पर पटवारियों द्वारा अवैध वसूली किए जाने का आरोप सामने आया है। सर्वाधिक शिकायत बांसकोट एवं बालेंगा पटवारी हल्का क्षेत्र से जुड़ी बताई जा रही है, जहां किसानों से आपसी बंटवारा, फौती और ऑनलाइन सुधार के नाम पर लाखों रुपये वसूले जाने के आरोप लगाए गए हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि पटवारी को उच्च अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है, इसी कारण किसान शिकायत करने से डरते हैं। उनका कहना है कि शिकायत करने पर उनके राजस्व रिकॉर्ड में गड़बड़ी की जा सकती है और उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किया जा सकता है। इसी भय के चलते अधिकांश कृषक सामने नहीं आ रहे हैं। दो वर्षों से तहसील और पटवारी कार्यालय के चक्कर काट रहे बांसकोट निवासी श्रवण कुमार सिन्हा ने वीडियो जारी कर आरोप लगाया है कि वे दो वर्षों से तहसील और पटवारी कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। उनके भाई कोदूराम सिन्हा के साथ बंटवारा प्रकरण लंबित था, जिसमें नया पट्टा बनाने के नाम पर पटवारी ने 12 हजार रुपए की मांग की।

श्रवण कुमार सिन्हा और उनकी पत्नी ने बताया कि बतौर एडवांस 3 हजार रुपये देने के बावजूद एक साल तक काम नहीं हुआ और अब शेष 9 हजार रुपए के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इसी तरह बांसकोट निवासी आदिवासी अमर सिंह की दो वर्ष पूर्व आकस्मिक मृत्यु के बाद उनकी पत्नी को फौती काटने के लिए पटवारी कार्यालय के कई चक्कर लगाने पड़े। बाद में पंचायत प्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद एक हजार रुपए लेने के पश्चात फौती काटी गई और पत्नी का नाम रिकॉर्ड में चढ़ाया गया। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि बांसकोट निवासी महेश नाग की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी से भी फौती के नाम पर रकम ली गई और नाम सुधार के लिए उन्हें बार-बार तहसील बुलाया गया। शिकायतें अनेक हैं, लेकिन तहसील और पटवारी कार्यालय से जुड़े कार्यों की मजबूरी के कारण किसान खुलकर शिकायत नहीं कर पा रहे हैं। पीड़ितों का कहना है कि तहसीलदार और अन्य उच्च अधिकारियों को इन गतिविधियों की जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। पीड़ित श्रवण कुमार सिन्हा, पुरुषोत्तम हिडसो और पवन कुमार ने बताया कि कई बार शिकायत की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

---

### अनुपूरक बजट को लेकर विभागों से मंगाए जा चुके प्रस्ताव

## तीसरा अनुपूरक बजट 5 हजार करोड़ से अधिक का 16 फरवरी से बजट सत्र, वित्त ने तैयारी भी की पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से शुरू होकर 6 मार्च तक चलेगा। बजट सत्र के दौरान सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तीसरा अनुपूरक बजट पेश करेगी।

वित्त विभाग के अधिकारियों के अनुसार, अनुपूरक बजट की राशि 5 हजार करोड़ रुपए से अधिक हो सकती है, हालांकि इसका आकार पिछले वर्षों की तुलना में अपेक्षाकृत छोटा रहेगा। अनुपूरक बजट को लेकर विभिन्न विभागों से प्रस्ताव मंगाए जा चुके हैं। वित्त विभाग इन प्रस्तावों



पर विचार-विमर्श कर रहा है और जल्द ही अनुपूरक बजट की अंतिम राशि तय की जाएगी। वित्त अधिकारियों ने बताया कि तीसरे अनुपूरक बजट में वही प्रस्ताव शामिल किए जाएंगे, जिनके लिए राज्य आकस्मिक निधि से अग्रिम स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इसके अलावा ऐसे प्रस्ताव भी शामिल हो सकते हैं, जिनमें केंद्र सरकार या किसी अन्य एजेंसी की वित्तीय सहायता स्वीकृत हो चुकी हो और जिन्हें मौजूदा बजट प्रावधानों से पूरा करना संभव नहीं है। विशेष केंद्रीय सहायता योजनाओं के अंतर्गत भारत सरकार को भेजे गए या भेजे जाने वाले प्रस्तावों, जिनके लिए अलग बजट मद खोलने की आवश्यकता होगी, उन्हें भी अनुपूरक बजट में शामिल किया जा सकता है। वहीं, ऐसे नए मदों को शामिल नहीं किया जाएगा, जिनसे राज्य के वित्तीय संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव पड़े।

#### *जीरो बेस्ड बजट बना लघु रहने की वजह*

*वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अनुपूरक बजट का आकार छोटा रहने का प्रमुख कारण वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट जीरो बेस्ड बजट प्रक्रिया के तहत तैयार किया जाना है। इस प्रक्रिया में बजट अनुमान शून्य से शुरू किए गए और पूर्व वर्षों के व्यय को आधार नहीं बनाया गया। सभी विभागों की चल रही, प्रस्तावित योजनाओं का बारीकी से मूल्यांकन कर वास्तविक जरूरत के अनुसार बजट प्रावधान किए। इसी वजह से विभागों ने बजट में अतिरिक्त राशि की मांग नहीं की।*

---

## अब चेहरे से होगी ई-केवायसी घर बैठे मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पात्र सभी राशनकार्ड धारकों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए आधार आधारित ई-केवायसी अनिवार्य किया गया है। इस प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों को देखते हुए अब वृद्ध, असहाय एवं अस्वस्थ हितग्राहियों के लिए घर बैठे चेहरा आधारित सत्यापन की सुविधा शुरू कर दी गई है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार 70 वर्ष से अधिक आयु के कई हितग्राहियों के अंगुलियों के निशान स्पष्ट न होने के कारण मशीन में पहचान मिलान नहीं हो पा रहा था। इससे उन्हें राशन प्राप्त करने में परेशानी हो रही थी।

शासन ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए अब चेहरे की पहचान के माध्यम से ई-केवाईसी की व्यवस्था लागू की है। अब हितग्राही 'मेरा ई-केवाईसी' मोबाइल अनुप्रयोग के जरिये घर बैठे ही अपना चेहरा स्कैन कर पहचान सत्यापन कर सकते हैं। यह सुविधा विशेष रूप से उन लोगों के लिए उपयोगी है, जो दुकान तक पहुंचने में असमर्थ हैं या जिनका अंगुली आधारित सत्यापन बार-बार असफल हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### नालको का लाभ 2 फीसदी बढ़कर 1,595 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी नालको का 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के दौरान एकीकृत लाभ 1.8 प्रतिशत बढ़कर 1,595.15 करोड़ रुपये रहा है। राजस्व में वृद्धि के चलते कंपनी के मुनाफे में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई है। नालको ने शुक्रवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी।

### एनआईआईटी के लाभ में 70 फीसदी की गिरावट




**नई दिल्ली।** कौशल और प्रतिभा विकास कंपनी एनआईआईटी का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 70.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3.9 करोड़ रुपये रहा है। गिरावट का मुख्य कारण नए श्रम कानूनों के कार्यान्वयन से जुड़ी लागत रही। एनआईआईटी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 13.3 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 8 अरब डॉलर की वृद्धि



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 8.05 अरब डॉलर बढ़कर 709.41 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 14.16 अरब डॉलर बढ़कर 701.36 अरब डॉलर रहा था।

### फेसबुक इंडिया के मुनाफे में आया 28 फीसदी उछाल



**नई दिल्ली।** फेसबुक इंडिया ने मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में एकल आधार पर लगभग 647.45 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया, जो सालाना आधार पर 28 प्रतिशत अधिक है। टोफलर ने कंपनी द्वारा शेयर बाजार को दी सूचना के आधार पर यह जानकारी दी। फेसबुक इंडिया ने एक साल पहले 504.93 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया था।

### नेस्ले इंडिया का लाभ 45 प्रतिशत उछला




**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली प्रमुख कंपनी नेस्ले इंडिया का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 45.12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 998.42 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 688.01 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

### वेल्स्पन कॉर्प के लाभ में 33 फीसदी की गिरावट




**नई दिल्ली।** वेल्स्पन कॉर्प का चालू वित्त वर्ष की 31 दिसंबर को समाप्त तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 33 प्रतिशत घटकर 456.36 करोड़ रुपये रहा है। खर्च बढ़ने के कारण कंपनी के मुनाफे में गिरावट आई है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 672.19 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी की कुल आय हालांकि बढ़कर 4,562.04 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 3,656.57 करोड़ रुपये थी।

# ट्रंप ने केविन वार्श को फेड का अगला चेयरमैन बनाने की घोषणा की

एजेंसी ▸▸| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को फेडरल रिजर्व के पूर्व गवर्नर केविन वार्श को अमेरिकी केंद्रीय बैंक का अगला चेयरमैन नामित करने की घोषणा की। अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट से इस नामांकन की मंजूरी मिल जाने की स्थिति में 55 वर्षीय वार्श अपना पद संभाल लेंगे।

- मौजूदा चेयरमैन पावेल का कार्यकाल मई में समाप्त होने वाला है

मौजूदा चेयरमैन जेरोम पावेल का कार्यकाल मई में समाप्त होने वाला है। वार्श इसके पहले भी फेडरल रिजर्व से जुड़े रह चुके हैं। वह 2006 से 2011 तक फेड रिजर्व के शासकीय मंडल में शामिल थे और 35 वर्ष की उम्र में इस पद पर नियुक्त होने वाले सबसे युवा गवर्नर बने थे।

## अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट से नामांकन को मंजूरी मिलनी बाकी

### सरकारी कर्ज पर ब्याज के बोझ में आएगी कमी

अमेरिकी राष्ट्रपति का मानना है कि ब्याज दरें कम होने से आर्थिक वृद्धि रफ्तार पकड़ेगी और 38 लाख करोड़ डॉलर के सरकारी कर्ज पर ब्याज के बोझ में कमी आएगी। हालांकि, वार्श की परंपरागत छवि एक 'हॉक' यानी मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए अपेक्षाकृत ऊंची ब्याज दरों का समर्थन करने वाले विशेषज्ञ की रही है। उन्होंने 2008-09 की वैश्विक वित्तीय मंदी के दौरान अत्यधिक ढीली मौद्रिक नीति पर भी आपत्ति जताई थी।



### लंबे समय से ब्याज दरों में कटौती की वकालत

विश्लेषकों के मुताबिक, वार्श की नियुक्ति फेडरल रिजर्व की नीतिगत स्वतंत्रता को लेकर बहस को तेज कर सकती है। ट्रंप लंबे समय से ब्याज दरों में तेज कटौती की वकालत करते रहे हैं और इस बात पर उन्होंने मौजूदा चेयरमैन पावेल की सार्वजनिक रूप से आलोचना भी की है।

### वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा प्रभाव

फेड चेयरमैन का पद आर्थिक जगत में वैश्विक स्तर पर सबसे प्रभावशाली पदों में से एक माना जाता है। फेड की नीतियां अमेरिका में मुद्रास्फीति, रोजगार, बैंकिंग नियमन और कर्ज की लागत को प्रभावित करती हैं और इनका परोक्ष प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी देखने को मिलता है।

### वार्श दक्षिणपंथी रुझान वाले

वार्श इस समय दक्षिणपंथी रुझान वाले हूवर इंस्टिट्यूशन में फेलो हैं और स्टैनफोर्ड ग्रैजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस में पढ़ाते हैं। फिलहाल वार्श को फेडरल रिजर्व के शासकीय मंडल में शामिल किया जाएगा और सीनेट की मंजूरी मिलने के बाद ट्रंप मई में उन्हें केंद्रीय बैंक के चेयरमैन पद पर पदोन्नत कर देंगे।

### कम ब्याज दरों के समर्थन का दिया संकेत

हाल के वर्षों में वार्श ने अपने भाषणों और लेखों में कम ब्याज दरों के समर्थन के संकेत दिए हैं। जनवरी 2025 में 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' में प्रकाशित एक लेख में उन्होंने कहा था कि विनियमन में ढील और सरकारी खर्च में कटौती से मुद्रास्फीति का दबाव घटेगा, जिससे फेड रिजर्व को दरों में कटौती का अवसर मिलेगा।

## एक नए कंट्री पार्टनरशिर फ्रेमवर्क (सीपीएफ) की घोषणा की गई

# विश्व बैंक ने भारत में अगले 5 साल में 8 से 10 अरब डॉलर वित्तपोषण की जताई प्रतिबद्धता

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

विश्व बैंक समूह और भारत ने शुक्रवार को एक नए 'कंट्री पार्टनरशिप फ्रेमवर्क' (सीपीएफ) की घोषणा की। इसके तहत अगले पांच साल में सालाना आठ से 10 अरब अमेरिकी डॉलर का वित्तपोषण किया जाएगा। इसका उद्देश्य भारत की वृद्धि के अगले चरण को गति देना और एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के उसके दृष्टिकोण को साकार करना है।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने विश्व बैंक समूह के साथ इस नए सीपीएफ का स्वागत किया, जो भारत के 'विकसित भारत' दृष्टिकोण के अनुरूप है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा के नेतृत्व में आए दल से मुलाकात के बाद कहा कि सीपीएफ का उद्देश्य सार्वजनिक कोष को निजी पूंजी के साथ मिलाकर, ग्रामीण और शहरी भारत में अधिक रोजगार सृजित करना और विश्व बैंक समूह के वैश्विक ज्ञान से परियोजनाओं को समृद्ध बनाना है।

### विकसित भारत के समर्थन में विश्व बैंक

वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि दोनों ने भारत के दीर्घकालिक विकास दृष्टिकोण 'विकसित भारत' के समर्थन में भारत-विश्व बैंक सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा, /''सार्वजनिक कोष को निजी पूंजी के साथ मिलाकर, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अधिक रोजगार सृजित करना और बैंक समूह के वैश्विक ज्ञान से परियोजनाओं को समृद्ध बनाना गति और पैमाना दोनों स्तरों पर सतत प्रभाव सुनिश्चित करेगा।/




- वित्त मंत्री सीतारमण ने सीपीएफ का किया स्वागत
- विकसित अर्थव्यवस्था बनने के दृष्टिकोष को साकार करना है
- सीपीएफ का उद्देश्य सार्वजनिक कोष को निजी पूंजी से मिलाकर विकास करना

*रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी गई : यह नई रणनीतिक साझेदारी भारत और विश्व बैंक समूह के बीच एक वर्ष के सहयोग का परिणाम है। युवाओं और महिलाओं को हुनरमंद बनाने, लघु एवं मझोले उद्यमों के लिए बाधाओं को कम करने और अवसरों का विस्तार करने के माध्यम से निजी क्षेत्र के नेतृत्व में रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी गई है।*

### श्रम बाजार में प्रति वर्ष 1.2 करोड़ युवा प्रवेश कर रहे

इसमें कहा गया है कि इस नई साझेदारी के केंद्र में निजी क्षेत्र के नेतृत्व में रोजगार सृजन है। भारत के श्रम बाजार में प्रति वर्ष लगभग 1.2 करोड़ युवा प्रवेश कर रहे हैं, इसलिए रोजगार से समृद्ध क्षेत्रों में निजी निवेश को बढ़ावा देना देश की वृद्धि के अगले चरण के लिए प्राथमिकता है।

### बड़े पैमाने पर निजी क्षेत्र से पूंजी जुटाई जाएगी

वित्त मंत्री ने विकास साझेदारी के महत्व पर जोर दिया जो वित्तपोषण से परे जाकर ज्ञान साझा करने, तकनीकी सहायता और वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों के आदान-प्रदान को भी शामिल करती है। विश्व बैंक ने बयान में कहा कि भारत-विश्व बैंक समूह के बीच नई रणनीतिक साझेदारी देश में इस वैश्विक रोजगार रणनीति को लागू करती है और अगले पांच वर्षों में प्रतिवर्ष आठ से 10 अरब अमेरिकी डॉलर के वित्तपोषण के साथ इसका समर्थन करती है रोजगार सृजित किया जा सके और बड़े पैमाने पर निजी क्षेत्र की पूंजी जुटाई जा सके।

### भारत वैश्विक वृद्धि के प्रमुख इंजन

विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा, /''भारत आज वैश्विक वृद्धि के प्रमुख इंजन में से एक है। हमारी रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत के रास्ते पर भारत को और भी तेजी से आगे बढ़ने में मदद करना है। उन्होंने कहा, /''अधिक रोजगार सृजन करना हमारे काम का मूल है। यह साझेदारी वित्तपोषण, सुधारों और निजी क्षेत्र के निवेश को एक साथ लाती है ताकि वृद्धि को लाखों भारतीयों के लिए अवसरों में बदला जा सके।/''

# हाइबिड संस्कृति से फर्जी डिग्री को लेकर नियोक्ताओं की चिंता बढ़ी

एजेंसी ▸▸| मुंबई

कार्यालय और घर दोनों जगह से काम करने (हाइब्रिड) की संस्कृति और अलग-अलग शहरों से हो रही भर्तियों के कारण, कर्मचारियों के ब्योरे की केवल एक बार होने वाली जांच अब काफी नहीं रह गई है।



- केवल एक बार होने वाली जांच अब काफी नहीं
- ऑनलाइन तरीके से होने वाली भर्तियों से बढ़ी चिंता

शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, 74 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने फर्जी डिग्री और जाली दस्तावेजों को अपनी सबसे बड़ी चिंता बताया है। कार्यबल और मानव संसाधन (एचआर) समाधान प्रदाता कंपनी 'जीनियस एचआरटेक' की रिपोर्ट के अनुसार, अब जब कंपनियां दूरदराज के इलाकों से बड़े पैमाने पर भर्तियां कर रही हैं और घर से काम करने का मॉडल (हाइब्रिड) सामान्य हो गया है, तो कर्मचारी की केवल एक बार की जाने वाली शुरुआती जांच अब काफी नहीं मानी जा रही है।74 प्रतिशत से अधिक लोगों ने फर्जी डिग्री या जाली दस्तावेजों को सबसे बड़ा खतरा माना है। यह चिंता अन्य जोखिमों, जैसे कि कर्मचारियों के व्यवहार का विश्लेषण, अस्थायी तौर पर काम करने वाले (गिग वर्कफोर्स) की जांच या एक साथ दो जगह काम करने (मूनलाइटिंग) की तुलना में कहीं ज्यादा बड़ी है।

**M.P. POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
OFFICE OF CHIEF ENGINEER (EHT-MAINT.) Block No. 3
3rd Floor, Shakti Bhawan, MPPTCL, Jabalpur-482008

**TENDER NOTICE**

An online tender is invited for Replacement of 636 No. single suspension/tension fitting to double suspension/tension fitting on various 05 No. 220/132kV EHV lines and 5364 No. jumper cone tightening work on various 21 No. EHV lines passing through the Simhasth Mela Area under shutdown condition of lines vide NIT No. CE(EHT-Maint.)/E-tender/MT-282/1401 dtd.: 30.01.2026 (ID:_2026_MPPTC_478862_1).
Tender fee – 1770/- and due date of opening of bid -04.03.2026 For Tender notice and details please visit www.mptenders.gov.in, एवं www.mptransco.in
M.P.M./124220/2026 //विद्युत की बचत कीजिये// CHIEF ENGINEER (EHT-MAINT.)

# सैमसंग एआई आधारित एयर कंडीशनर करेगी पेश

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सैमसंग इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि वह 'विंडफ्री' एयर कंडीशनर (एसी) की एक नयी श्रृंखला पेश करेगी, जो कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी से लैस होगी। कंपनी का दावा है कि इससे उपभोक्ताओं को 30 प्रतिशत तक बिजली बचाने में मदद मिलेगी।



- 30 प्रतिशत तक बिजली बचत का दावा
- विंडफ्री एसी की नई

सैमसंग अपने पूरे रूम एयर-कंडीशनर (आरएसी) पोर्टफोलियो में एआई प्रौद्योगिकी को शामिल करने वाली देश की पहली कंपनी बन जाएगी।वर्ष 2026 के इस नए संग्रह में 'विंडफ्री' एसी के 23 मॉडल शामिल होंगे। ये मॉडल सैमसंग की 'बीस्पोक एआई' प्रौद्योगिकी से लैस होंगे, जिसका उपयोग कंपनी वर्तमान में अपने प्रीमियम रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन और ड्रायर जैसे उपकरणों में कर रही है।बीस्पोक एआई 'बिक्सबी' के माध्यम से ध्वनि निर्देश और उन्नत मशीनी शिक्षण का उपयोग कर उपभोक्ताओं को व्यक्तिगत सुविधा, बिजली की बचत में मदद करता है।

### कीमत 32,490 रुपए होगी

सैमसंग इंडिया के डिजिटल उपकरण विभाग के उपाध्यक्ष गुफरान आलम ने कहा कि नयी श्रृंखला के साथ कंपनी घरेलू एसी बाजार को नया स्वरूप दे रही है। उन्होंने कहा, ''एआई ऊर्जा मोड के जरिये उपभोक्ताओं को 30 प्रतिशत तक बिजली की बचत होगी। हमारी नयी श्रृंखला भारत की जलवायु संबंधी चुनौतियों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।''

# वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात में मजबूत वृद्धि रही : गोयल

**एजेंसी : नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद इस साल 21 जनवरी तक देश से वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि, मंत्री ने इससे संबंधित आंकड़ों का खुलासा नहीं किया। ग्रेटर नोएडा में 'आईसीएआई वर्ल्ड फोरम ऑफ अकाउंटेंट्स' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा, ''भारत का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात इस साल 21 जनवरी तक लगातार बढ़ रहा है। मुझे विश्वास है कि कड़ी मेहनत और दृढ़ता के बल पर हम अपने ही रिकॉर्ड तोड़ना जारी रखेंगे।

**कार्यालय कलेक्टर, पश्चिम निमाड, खरगोन (म.प्र.)**
**( जनजातीय कार्य विभाग ) actw.khg@mp.gov.in**

कंमाक /646/जजाकावि/निर्माण/ 2026 खरगोन दिनांक : 21/01/2026

**।। संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-03 / 2025-26 ।।**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ई-टेण्डरिंग क्रमांक 2026_TAD_476303, 2026_TAD_476304. 2026_TAD_476307, 2026_TAD_476308, 2026_TAD_476310, 2026_TAD_476312, 2026_TAD_476315, 2026_TAD_476318. 2026_TAD_476321, 2026_TAD_476323, के कार्य हेतु ऑनलाईन निविदायें लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत प्रणाली में समतुल्य / सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन) मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा भवन निर्माण एवं विद्युत कार्य हेतु जारी एस.ओ.आर. दिनांक 01-01-2024 अनुसूची तथा रोड एवं ब्रिज कार्य हेतु जारी एस0ओ0आर0 दिनांक 11-04-2025 से ( निविदा सूचना जारी होने तक किये गये संशोधनों सहित) के आधार पर सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, खरगोन के कार्यालय में निर्धारित निविदा समय सारण (Key Dates) अनुसार आमंत्रित की जाती है ।

* उक्त निविदा मे 10 ग्रुप बनाये गये है, जिसकी लागत राशि रू. 172.26 लाख है ।जिसमे एक ग्रुप की अधिकतम लागत राशि रू. 38.60 लाख है ।
* कार्य संबंधी विस्तृत विवरण एवं निविदा की शर्ते आदि वेबसाईड https://mptenders.gov.in या सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, खरगोन के कार्यालय मे देखी जा सकती है।
* उक्त निविदाओं को वेब साईड पर ऑनलाईन निविदा प्रपत्र (Key Dates) वेबसाईड https://mptenders.gov.in के माध्यम से क्रय किया जावेगा ।
* निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 06.02.2026 समय सांय 5.30 बजे निर्धारित है।
* निविदा प्रपत्र ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 06.02.2026 समय 5.30 बजे तक निर्धारित है।
* निविदा मे यदि किसी प्रकार का संशोधन होता है तो वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकेगा ।पृथक से समाचार पत्र मे प्रकाशित नही किया जावेगा ।
* कार्यो के देयको का भुगतान शासन से उपलब्धं आवंटन अनुसार किया जावेगा ।निविदा मे अंकित कार्य की संख्या को कम या ज्यादा करने हेतु कार्यालय का पूर्णत: अधिकार रहेगा ।
* निविदा की विस्तृत समस्त शर्तें Appendix 2.10 Tender Document अनुसार रहेगी ।
* समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतिक्षा न करे ।शीघ्रताशीघ्र बिड जमा करे वेबसाईड मे किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदाई नही होगा ।
* जीएसटी एवं अन्य कटोत्रा शासन नियमानुसार होगा ।

सहायक आयुक्त,
G-25051/25 जनजातीय कार्य विभाग, खरगोन

# भारत में एफडीआई के लिए घरेलू निजी निवेश जरूरी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि जब तक भारत में घरेलू निजी निवेश नहीं बढ़ेगा, तब तक देश अपेक्षा के मुताबिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित नहीं कर पाएगा। राजन ने कहा कि भारत में कंपनियों के निवेश में सतत रूप से वृद्धि नहीं हो रही है।

- पूर्व आरबीआई गवर्नर राजन ने कहा, निजी क्षेत्र निवेश नहीं कर रहा

जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें यह अजीब नहीं लगता कि जिस देश में आर्थिक वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत (वित्त वर्ष 2025-26) है, जो दुनिया में किसी भी देश के मुकाबले सबसे अधिक है, वहां से पूंजी बाहर जा रही है, राजन ने कहा, ''अगर आपका निजी क्षेत्र भी निवेश कर रहा होता, तो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आता, लेकिन आपका निजी क्षेत्र निवेश नहीं कर रहा है। पूर्व गवर्नर ने कहा, ''इसलिए, यहां कुछ कमी है और हो सकता है, जैसा कि कुछ लोगों ने तर्क दिया है, यह नीतिगत अनिश्चितता के कारण हो। राजन ने यह भी कहा कि इन समस्याओं का समाधान संभव है और सरकार मजबूत वृद्धि दर हासिल करने के लिए आर्थिक सुधारों में रुचि दिखा रही है। क्योंकि एक बार जब हम घरेलू निवेश, यानी अपनी कंपनियों के निवेश को ठीक कर लेंगे, तो हम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को भी ठीक कर सकते हैं।

राजन ने कहा कि तमिलनाडु जैसे कुछ राज्य प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित कर रहे हैं। इसके साथ उन्होंने कहा कि यह जानना जरूरी है कि विदेशी पूंजी भारत से बाहर क्यों जा रही है। उन्होंने कहा, /''मुझे लगता है कि दूसरा कारण अमेरिका-भारत संबंधों में अनिश्चितता है। अगर 50 प्रतिशत शुल्क का यह दबाव हट जाता है, तो हम वास्तव में अधिक वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भाग ले सकेंगे और यह भारत के लिए बहुत फायदेमंद होगा।''

### चीन के फिर से उबरने से निवेशक निवेश में ला रहे बदलाव

वर्तमान में यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो बूथ स्कूल ऑफ बिजनेस में प्रोफेसर राजन ने कहा कि भारत में पर्याप्त पोर्टफोलियो निवेश है और पिछले कुछ वर्षों में भारतीय बाजार में काफी मजबूती आई है। उन्होंने कहा, ''शायद चीन के फिर से उभरने के साथ, पोर्टफोलियो निवेशक अपने निवेश में बदलाव कर रहे हैं और इसका कुछ असर भारत में पोर्टफोलियो निवेश पर भी पड़ेगा।'

## शेयर बाजार में तीन दिन से जारी तेजी थमी; सेंसेक्स 297 अंक टूटा

**एजेंसी : मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 297 अंक की गिरावट आई, जबकि एनएसई निफ्टी 98 अंक टूट गया। धातु, आईटी और अन्य जिंस शेयरों में बिकवाली दबाव के साथ एक फरवरी को पेश होने वाले बजट से पहले निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**आवेदन जमा करने की तिथि का विस्तार**

अधिसूचना क्र.: पी/एनएजी/आरसीटी/2024/10 दिनांक: 27.01.2026

अधिसूचना संख्या: पी/एनएजी/आरसीटी/2024/10 दिनांक: 11.11.2025 के अनुसार, पॉली-क्लीनिक / मोतीबाग / नागपुर में 01 (एक) रिक्त के विरुद्ध, एक वर्ष के लिए, विशुद्ध रूप से वार्षिक अनुबंध के आधार पर, पूर्णकालिक संविदा चिकित्सा प्रैक्टिशनर (फिजिशियन-जनरल मेडिसीन) स्पेशलिस्ट को नियुक्त करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है।
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 19.01.2026 की गई थी, जिसे **दोबारा बढ़ाकर 11.02.2026 कर दिया गया है**। ऑनलाइन साक्षात्कार की तिथि बाद में सूचित की जाएगी।
अधिक जानकारी व अन्य विवरण वेबसाइट https://secr.indianrailways.gov.in. पर है। पथ निम्नानुसार है: Recruitment / News / Press Release → Recruitment → Nagpur Division → Fresh engagement of CMPs (Physician-General Medicine)

सहायक कार्मिक अधिकारी-II,
MS/68-298 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

swacch bharat - keepindiaclean

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**घातक कचरे के निपटान के लिए एजेंसी नियुक्त करने हेतु ई-निविदा सूचना**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, MIB-WS, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:
**निविदा सूचना सं.:** MIBW-2025-19-06-05-06 दिनांक: 23.01.2026
**कार्य का विवरण:** मोतीबाग वर्कशॉप, नागपुर में निकलने वाले खतरनाक कचरे के निपटान के लिए 02 (दो) साल के लिए अधिकृत एजेंसी को नियुक्त करना।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 24,97,367/- (रु. चौबीस लाख सत्तानवे हज़ार तीन सौ सड़सठ मात्र), सभी करों सहित, **बयाना राशि:** ₹ 50,000/- (रु. पचास हज़ार मात्र), **अनुबंध की अवधि:** 02 (दो) वर्ष, **निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0/- (शून्य)।
**निविदा जमा करना:** बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **14.02.2026** के **11:00** बजे तक जमा कर सकेंगे।
इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। प्राप्त सभी मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

सहा. कार्यशाला प्रबंधक,
मोतीबाग कार्यशाला,
AIM/66-295 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

**स्वच्छ भारत अभियान**
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद हरदा**
**जिला - हरदा (म.प्र.)**

Email : cmoharda@mpurban.gov.in Phone No.: 07577-225301

क्रमांक / 472/रा.वि./2026 हरदा, दिनांक 27/01/2026

:: ऑनलाईन निविदा सूचना ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका स्वामित्व की 01 छत को म.प्र.न.पा. अधिनियम 1961 की धारा 109 के साथ पठित धारा 355 तथा म.प्र.न.पा. अचल संपत्ति अंतरण नियम 2016 एवं म.प्र. राजपत्र आसाधारण दिनांक 04 मई 2021 में प्रकाशित प्रावधानों के अंतर्गत 30 वर्ष की अवधि हेतु स्वत्व अधिपत्थ मूल्य प्रीमियम बेसिस वार्षिक किराये पर देने हेतु घोष, विक्रय हेतू निविदा बेवसाईड www.mptender.gov.in निम्नानुसार दरें आमंत्रित की गई है निविदा प्रपत्र बेवसाईड पर दिनांक 28-1-26 से 27- 2-26 तक क्रय की जा सकती है। है। बिड समिट दिनांक 27-2-2026 समय 5:30 तक निविदा संशोधित होने की स्थिति में बेवसाईड पर ही देखा जा सकता है।

| क्रं. | भूखण्ड / छत क्रं. | वार्ड का नाम / वार्ड क्रमांक / स्थान | छत का नजरी नक्शा एवं क्षेत्रफल वर्गफुट | संपत्ति का आरक्षित मूल्य | अमानत राशि (2.5%) | वार्षिक भू-भाटक अंतिम बोली पर देय होगा | आरक्षण की स्थिति | निविदा प्रपत्र की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | छत क्रमांक 01 | शनि मंदिर के सामने काम्प्लेक्स के ऊपर वार्ड क्रं. 13 | 38.5 x 22.5 = 866 | 13,27,420 | 33,185 | 0.5% | अनारक्षित | 5000 |

निविदा की नियम एवं शर्ते की जानकारी एवं अन्य शर्ते नगर पालिका कार्यालय में कार्यालय दिवस व समय में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद हरदा

भारत-अरब संवाद को मजबूती

# जयशंकर ने अरब लीग महासचिव के साथ की बैठक, सहयोग और समन्वय बढ़ाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को नई दिल्ली में लीग ऑफ अरब स्टेट्स (एलएएस) के महासचिव अहमद अबुल घीत से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने अलग-अलग क्षेत्रों में दोनों पक्षों के बीच सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। मुलाकात को लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि आज सुबह लीग ऑफ अरब स्टेट्स के महासचिव अहमद अबुल घेट के साथ एक सार्थक मुलाकात हुई। हमारे सहयोग को और मजबूत करने तथा विभिन्न क्षेत्रों में आपसी समन्वय बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके अलावा, क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

## पीएम मोदी से आज मुलाकात करेंगे अरब देशों के विदेश मंत्री


एलएएस के महासचिव अहमद अबुल से जयशंकर की भेंट

भारत-अरब देशों के विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक (आईएएफएमएम) आज 31 जनवरी को होगी। बैठक वाले दिन अरब देशों के विदेश मंत्री सुबह करीब 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संयुक्त रूप से शिष्टाचार भेंट करेंगे और उसके बाद उनकी औपचारिक बैठक की शुरुआत होगी। जिसकी अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर करेंगे। इस वर्ष एक दशक के बाद यह बैठक हो रही है। पूर्व में इसका आयोजन वर्ष 2016 में बहरीन में किया गया था। बतौर पहली बैठक समूह के विदेश मंत्रियों ने सहयोग से जुड़े प्राथमिकता वाले पांच क्षेत्रों का चयन किया था। जिसमें ऊर्जा, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, मीडिया और संस्कृति मुख्य थे।

## कोमोरोस के साथ कई क्षेत्रों में सहयोग

विदेश मंत्री जयशंकर ने कोमोरोस के विदेश मंत्री मबे मोहम्मद से भी मुलाकात की। मबे के साथ मुलाकात को लेकर उन्होंने लिखा कि शुक्रवार को कोमोरोस के विदेश मंत्री मबे मोहम्मद से मिलकर खुशी हुई। स्वास्थ्य, खेल, इंफ्रास्ट्रक्चर और कैपेसिटी बिल्डिंग में सहयोग पर चर्चा हुई। हमारे दोनों देशों के बीच ज्यादा बार बातचीत के महत्व पर सहमति हुई।


कोमोरोस के विदेश मंत्री मबे मोहम्मद और जयशंकर

## फिलिस्तीन के साथ गाजा शांति योजना पर चर्चा

*जयशंकर ने फिलिस्तीन की विदेश मंत्री और प्रवासी मंत्री वारसेन अगाबेकियान शाहीन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने विकास सहयोग, गाजा शांति योजना और क्षेत्रीय विकास पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर लिखा कि फिलिस्तीन के विदेश मंत्री वारसेन अगाबेकियान से मिलकर खुशी हुई। गाजा पीस प्लान और इलाके के विकास पर विचारों का आदान-प्रदान किया। हमारे विकास सहयोग की समीक्षा की और इसे आगे बढ़ाने के लिए पहलों पर सहमति जताई।*


फिलिस्तीन की विदेश मंत्री वारसेन शाहीन और एस. जयशंकर

### भारत निभाएगा अहम भूमिका

फिलिस्तीन की विदेश मंत्री शाहीन ने कहा कि भारत फिलिस्तीन और इजराइल दोनों का दोस्त है और इस तरह वह दोनों पक्षों के बीच पुल बनाने और विचार देने में बहुत अहम भूमिका निभा सकता है। हम उम्मीद करेंगे कि भारत किसी भी शांति कोशिश में सक्रिय रूप से हिस्सा लेने के लिए जो भी जरूरी होगा, वह करेगा।

### सभी 22 अरब देशों की होगी भागीदारी

भारत की मेजबानी में होने वाली इस बैठक में सभी 22 अरब देशों की भागीदारी देखने को मिलेगी। जिसमें उनके विदेश मंत्री, अन्य मंत्री, राज्य मंत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। बता दें कि अरब राष्ट्र वे राष्ट्र हैं। जहां अरबी भाषा बोली जाती है। इनमें यूएई, सऊदी अरब, मिस्त्र, इराक, अल्जीरिया, बहरीन, कोमोरोस, जिबूती, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, लीबिया, मोरक्को, ओमान, फिलिस्तीन, कतर, सोमालिया, सूडान, सीरिया, ट्यूनीशिया, यमन और मॉरिटानिया जैसे देश शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### कुवैत से आ रहे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**अहमदाबाद।** कुवैत से दिल्ली आ रहे इंडिगो विमान को शुक्रवार के दिन बम से उड़ाने की धमकी के बाद हड़कंप मच गया, जिसके बाद एहतियातन रूप से विमान की अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एक टिशू पेपर पर लिखे नोट में प्लेन को हाईजैक करने और बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जिसके बाद सभी 180 यात्रियों और उनके सामान की अच्छी तरह से जांच की।



### निपाह के डर से भारत से पशु उत्पादों पर बैन

**नई दिल्ली।** सेंट्रल एशियाई देश किर्गिस्तान ने भारत से जानवरों और पशु उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। निपाह वायरस के डर के बीच राजधानी बिश्केक और दूसरे सबसे बड़े शहर ओश में अपने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर आने वाले लोगों की स्क्रीनिंग कड़ी कर दी है। भारत में फैल रहे वायरस के कारण बिश्केक और ओश के लिए अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से आने वाले सभी यात्रियों के लिए सख्त संक्रमण नियंत्रण उपाय लागू किए हैं। ये उपाय भारत में निपाह वायरस के प्रकोप के जवाब में लागू किए गए हैं।



नहीं थमता दिख रहा अमेरिका और ईरान के बीच तनाव, बड़ी सैन्य कार्रवाई की तैयारी

# परमाणु ठिकानों पर हमले और तख्तापलट की योजना, खास 'कमांडो' मिशन को देंगे अंजाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ बड़ी सैन्य कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं। इसमें मिलिट्र रेड और स्पेशल फोर्सेज ऑपरेशन शामिल हैं। इसके जरिए ट्रंप प्रशासन ईरान के खिलाफ पूर्ण पैमाने पर हमला किए बगैर तख्तापलट करने और उसके परमाणु महत्वाकांक्षा को खत्म करने पर विचार कर रहा है। अगर इस प्रस्ताव को अमल में लाया जाता है, तो इसमें ईरानी परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल फैसिलिटी पर तेज हवाई हमले और हाई रिस्क ग्राउंड ऑपरेशन को अंजाम दिया जाएगा। इसके लिए अमेरिकी सैनिकों की खास टुकड़ियां ईरानी जमीन पर उतरेंगी और मिशन अंजाम देकर वापस लौट जाएंगी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप प्रशासन जिन योजनाओं पर विचार कर रहा है, इनमें अमेरिकी स्पेशल फोर्सेज कमांडो को गुप्त रूप से ईरानी इलाके में भेजना और जून 2025 के हमलों के बाद बचे हुए न्यूक्लियर ठिकानों को नष्ट करना या उन्हें बेकार करना शामिल है।

यूएस स्पेशल फोर्सेज कमांडो को गुप्त रूप से जाएंगे

*तुर्की ने दोनों देशों के बीच तनाव कम करने को कहा*

## ईरान से बात कर रहे हैं: अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप


आयतुल्लाह खामेनेई


डोनाल्ड ट्रंप

हालांकि, राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है कि वह ईरान के खिलाफ मिलिट्री कार्रवाई से बचना चाहते हैं। उन्होंने कहा है कि वह ईरान से बात कर रहे हैं। उन्होंने मिलिट्री ऑपरेशन से बचने की संभावना को खुला रखा, जबकि पहले चेतावनी दी थी कि तेहरान के लिए समय 'खत्म हो रहा है' क्योंकि अमेरिका इस क्षेत्र में एक बड़ा नौसैनिक बेड़ा भेज रहा है। ट्रंप ने कहा कि मैंने ईरान से बात करने की भी योजना बनाई है। हमने एक समूह को ईरान भेजा है। उम्मीद है कि हमें सैन्य कार्रवाई का इस्तेमाल नहीं करना पड़ेगा।

### अमेरिकी हमला पूर्ण युद्ध माना जाएगा: ईरान

ईरान ने ट्रंप की धमकियों पर पलटवार करते हुए कहा है कि अगर अमेरिका की तरफ से कोई भी हमला होता है तो उसे पूर्ण पैमाने पर युद्ध की तरह देखा जाएगा। ईरान ने मध्य पूर्व में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले की धमकी भी दी है। ईरानी सेना का कहना है कि वह पहले से ज्यादा तैयार है और उसकी उंगलियां ट्रिगर पर है। ईरानी सैन्य प्रवक्ता ने चेतावनी दी कि किसी भी अमेरिकी कार्रवाई पर तेहरान की प्रतिक्रिया सीमित नहीं होगी बल्कि यह एक निर्णायक प्रतिक्रिया होगी जो तुरंत दी जाएगी।

## ईरान की आईआरजीसी आतंकी संगठन: ईयू

यूरोपीय संघ (ईयू) ने ईरान के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठनों की सूची में शामिल कर दिया है। ईयू ने बताया कि ईरान में हालिया विरोध प्रदर्शनों पर सख्त कार्रवाई के चलते यह कदम उठाया गया है। यूरोपियन यूनियन कमिशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने आईआरजीसी को आतंकी संगठन घोषित किए जाने का स्वागत किया है। ईयू की शीर्ष राजनयिक काया कलास ने कहा कि यह कदम इसलिए उठाया है क्योंकि तेहरान में प्रदर्शनों के दमन का जवाब दिया जाना जरूरी है।



### इजराइल पहुंचा अमेरिका का 'विध्वंसक' पोत

अमेरिकी नौसेना का एक विध्वंसक पोत इजराइल के इलात बंदरगाह पर पहुंचा है। मिस्र और जॉर्डन के साथ इजराइल की सीमाओं के पास, अकाबा की खाड़ी पर स्थित दक्षिणी बंदरगाह पर विध्वंसक पोत का आगमन पूर्व निर्धारित था। ये अमेरिकी और इजराइली सेनाओं के बीच चल रहे सहयोग का हिस्सा है।



यह गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रॉयर है। इसमें एजिस सिस्टम है, जो एयर डिफेंस, मिसाइल डिफेंस और क्रूज मिसाइल (टोमाहॉक) लॉन्च करने की क्षमता रखता है। यह जहाज हवाई हमलों, मिसाइलों और जहाजों से लड़ने के लिए डिजाइन किया गया है।

### परमाणु वार्ता शुरू करें: तुर्की

तुर्की के विदेश मंत्री ने कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर तेहरान और वाशिंगटन के बीच वार्ता फिर से शुरू करना अमेरिका द्वारा संभावित हमलों के तनाव को कम करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस्तांबुल में अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची के साथ हाकान फिदान ने कहा कि क्षेत्रीय तनाव को कम करने के लिए वार्ता जरूरी है।

इंडिया-ईयू एफटीए का दिखा असर

# अमेरिका ने पैक्स सिलिका गठबंधन में अब 'भारत' को भी किया शामिल

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीयू) को हुए एक सप्ताह भी नहीं बीता कि अमेरिका भारत के सामने घुटनों पर आ गया। अमेरिकी विदेश उप सचिव (आर्थिक मामलों के) जैकब हेलबर्ग ने गुरुवार को आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि भारत फरवरी 2026 में पैक्स सिलिका गठबंधन में शामिल होगा। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का इस समूह में आना एक मील का पत्थर माना जा रहा है। बता दें, पैक्स सिलिका अमेरिका के नेतृत्व वाली एक ऐसी रणनीतिक पहल है, जिसे दिसंबर 2025 में शुरू किया गया था। इसका मुख्य मकसद वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और सेमीकंडक्टर की सप्लाई चेन को सुरक्षित बनाना है। अमेरिका चाहता है कि आधुनिक तकनीक केवल भरोसेमंद लोकतांत्रिक देशों के पास ही रहे और चीन जैसे देशों पर निर्भरता कम हो सके।


विदेश उप सचिव जैकब हेलबर्ग

### चीन को रोकेगा भारत

जैकब हेलबर्ग ने जोर देकर कहा कि शुरुआत में इस गठबंधन का केंद्र जापान और दक्षिण कोरिया जैसे मैन्युफैक्चरिंग हब थे। लेकिन अब सप्लाई चेन को पूरी तरह सुरक्षित करने के लिए भारत का साथ आना जरूरी है। भारत के पास न केवल खनिज संसाधन हैं, बल्कि एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जरूरी सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की विशाल प्रतिभा भी है। अमेरिका का मानना है कि भारत के आने से हार्डवेयर मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक नया विकल्प तैयार होगा। सच्चाई यह है कि अमेरिका अब अपनी तकनीकी सप्लाई चेन के लिए पूरी तरह चीन पर निर्भर नहीं रहना चाहता। चीन के बढ़ते तकनीकी ताकत से निपटने के लिए एक बार फिर भारत की याद आई है।

### भारत निभाएगा अहम भूमिका

हेलबर्ग ने स्पष्ट किया कि एआई की यह दौड़ 21वीं सदी की वैश्विक व्यवस्था को तय करेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि विरोधी देश सप्लाई चेन को राजनीतिक दबाव के हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। इसे रोकने के लिए पैक्स सिलिका जैसा आर्थिक सुरक्षा गठबंधन जरूरी है। यह गठबंधन केवल बातचीत तक सीमित नहीं रहेगा। इसकी नीतियों के तहत निर्यात नियंत्रण, निवेश की जांच और रिसर्च के लिए सब्सिडी जैसे कड़े कदम उठाए जाएंगे। इसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि भरोसेमंद तकनीक दुश्मनों के हाथ न लगे। भारत के शामिल होने से देश में घरेलू सेमीकंडक्टर निर्माण को भारी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत इस मंच पर बैठकर भविष्य की वैश्विक तकनीक की रूपरेखा तैयार करने में बड़ी भूमिका निभाएगा।

## चिल्ला-ए-कलां का दौर समाप्त


**श्रीनगर।** भीषण सर्दी के दौर 'चिल्ला-ए-कलां' की शुक्रवार को हुई समाप्ति के बीच कश्मीर घाटी के अधिकतर हिस्सों में रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। श्रीनगर सहित कई इलाकों में न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से ऊपर दर्ज किया गया, जिससे इस अवधि की कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिली। चिल्ला-ए-कलां की शुरुआत 21 दिसंबर को हुई थी। इस दौरान ऊंचाई वाले इलाकों में कई बार अच्छी बर्फबारी हुई, श्रीनगर सहित मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी दर्ज की गई।

बांग्लादेश ने दिया भारत को धोखा

# चटगांव क्षेत्र में ड्रोन बनाने के लिए 850 एकड़ जमीन चीन को सौंप दी

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश ने चटगांव के मीरसराय क्षेत्र में भारत को आवंटित स्पेशल इकोनॉमिक जोन (सेज) की करीब 850 एकड़ जमीन आधिकारिक तौर पर रद्द कर दी है। अंतरिम सरकार के इस फैसले के बाद अब यही भूमि चीन को ड्रोन निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए दे दी गई है। नई योजना के तहत चीन यहां मीडियम रेंज और वर्टिकल टेकऑफ-लैंडिंग ड्रोन बनाएगा। बांग्लादेश सरकार के मुताबिक, प्लांट में इस साल के अंत तक उत्पादन शुरू हो जाएगा। चीन ने ड्रोन टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर भी सहमति दे दी है। यह प्लांट भारतीय सीमा से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित होगा, जिससे रणनीतिक चिंताएं भी बढ़ गई हैं। इसके साथ ही बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत और पाकिस्तान के बाद ड्रोन निर्माण करने वाला तीसरा देश बन जाएगा।


बांग्लादेश में सेज के लिए जमीन

भारत और बांग्लादेश के बीच 2015 में पीएम नरेंद्र मोदी की ढाका यात्रा के दौरान तत्कालीन पीएम शेख हसीना के साथ संयुक्त घोषणा में भारतीय निवेशकों के लिए इंडियन इकोनॉमिक जोन (आईईजेड) स्थापित करने का फैसला लिया गया था।

आईएएमएआई की रिपोर्ट में खुलासा शहरों से ज्यादा गांव में बढ़ा क्रेज

# देश में इंटरनेट यूजर्स 95 करोड़ के पार, 38% जनसंख्या अब भी दूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंटरनेट इन इंडिया रिपोर्ट 2025 (आईएएमएआई) के अनुसार, भारत में एक्टिव इंटरनेट यूजर्स की संख्या 95.8 करोड़ तक पहुंच गई है। जोकि 2024 की तुलना में आठ गुना ज्यादा हैं। हालांकि रिपार्ट ये भी बताती है कि देश की 38% आबादी (करीब 57.9 करोड़ लोग) अभी भी इंटरनेट से दूर है, लेकिन ये अंतर भी कुछ ही साल में धीरे-धीरे कम हो जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 58.8 करोड़ लोग शॉर्ट वीडियो के दीवाने हैं, जो कुल यूजर्स का 61 प्रतिशत है। दिलचस्प बात ये है कि शहरों से ज्यादा ग्रामीण इलाकों में इन्हें देखा जा रहा है। वहीं, एआई (एआई) अब केवल चर्चा का विषय नहीं रहा। 44 प्रतिशत यूजर्स वॉयस सर्च, एआई फोटो जनरेशन और चैटबॉट्स का सक्रिय रूप से उपयोग कर रहे हैं।



इंटरनेट

### शहरों को पीछे छोड़ता ग्रामीण भारत

रिपोर्ट के अनुसार डिजिटल डिवाइड अब तेजी से कम हो रहा है। कुल इंटरनेट यूजर्स में से 57 प्रतिशत (54.8 करोड़) ग्रामीण क्षेत्रों से हैं। रिपोर्ट बताती है कि गांवों में इंटरनेट अपनाने की रफ्तार शहरों के मुकाबले चार गुना ज्यादा है। जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण का साफ संकेत है। ऑनलाइन शॉपिंग में फूड डिलीवरी भी अहम भूमि का निभा रहा है। क्विक कॉमर्स (जैसे जेप्टो, ब्लिंकिट) ने शहरी यूजर्स की आदतों को बदल दिया है। ऐसे में 65 प्रतिशत शहरी इंटरनेट यूजर्स अब ऑनलाइन शॉपिंग को प्राथमिकता दे रहे हैं। इसी का नतीजा है कि मल्टी-डिवाइस कल्चर भी बढ़ रहा है। देश में अब 19.3 करोड़ लोग एक से अधिक गैजेट्स पर इंटरनेट का आनंद ले रहे हैं।

2026 की प्राथमिकताओं को लेकर यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस बोले

# वैश्विक समस्याओं का समाधान एक दो ताकतों से संभव नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दुनिया में बहुआयामी व्यवस्था (मल्टी-पोलैरिटी) को समर्थन देने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि वैश्विक समस्याओं का समाधान किसी एक या दो ताकतों द्वारा संभव नहीं है। उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का हवाला देते हुए कहा कि देशों के बीच मजबूत साझेदारी ही स्थिर और संतुलित विश्व व्यवस्था की आधारशिला बन सकती है। 2026 की प्राथमिकताओं को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में गुटेरेस ने कहा कि मौजूदा समय में अमेरिका दुनिया की सबसे शक्तिशाली शक्ति है, जबकि भविष्य में अमेरिका और चीन के दो ध्रुवों वाली व्यवस्था की चर्चा होती है। लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि न तो एक ताकत और न ही दो ताकतें दुनिया की समस्याओं का समाधान कर सकती हैं। इसके लिए देशों के बीच व्यापक नेटवर्क और सहयोग जरूरी है।

पारंपरिक विकसित अर्थव्यवस्थाओं की वैश्विक हिस्सेदारी घट रही

उभरती अर्थव्यवस्थाएं तेजी से प्रभाव और आत्मविश्वास बढ़ा रही

## भारत-ईयू एफटीए सकारात्मक कदम





*गुटेरेस ने हालिया अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों का उल्लेख करते हुए भारत और ईयू के बीच हुए एफटीए को सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ के मार्कोसुर और इंडोनेशिया के साथ समझौते, भारत-ईयू डील, साथ ही चीन के साथ कनाडा और ब्रिटेन के व्यापार संबंध वैश्विक सहयोग के बढ़ते नेटवर्क को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि पारंपरिक विकसित अर्थव्यवस्थाओं की वैश्विक हिस्सेदारी घट रही है, जबकि उभरती अर्थव्यवस्थाएं तेजी से प्रभाव और आत्मविश्वास बढ़ा रही हैं। ऐसे में वैश्विक संस्थाओं और संरचनाओं को नए समय की वास्तविकताओं के अनुरूप ढलना होगा।*

### अंतरराष्ट्रीय शांति की जिम्मेदारी यूएन पर

गुटेरेस ने गाजा को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुरू किए गए बोर्ड ऑफ पीस पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की मूल जिम्मेदारी संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद की है। केवल सुरक्षा परिषद ही अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत बाध्यकारी फैसले ले सकती है और बल प्रयोग को मंजूरी दे सकती है। उन्होंने सुरक्षा परिषद में सुधार की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र की प्रभावशीलता पर सवाल उठाने वाले ही अक्सर इसके सुधार का विरोध करते हैं, जिससे संस्था अपेक्षित रूप से प्रभावी नहीं हो पाती।

अमेरिका में आयातित दवाओं पर सवाल

# सुरक्षा कारणों से सीनेट ने मूल देश का नाम 'लेबल' पर लिखने की मांग रखी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी सांसदों ने एक बार फिर मांग उठाई है कि दवाओं पर स्पष्ट रूप से यह दर्ज किया जाए कि उनका निर्माण किस देश में हुआ है। उनका कहना है कि कोविड-19 महामारी के दौरान भारत सहित कई देशों द्वारा दवाओं और उनके कच्चे माल के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों ने यह उजागर कर दिया कि अमेरिका की दवा आपूर्ति श्रृंखला अब भी बड़े पैमाने पर विदेशी देशों पर निर्भर है और इससे राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा को गंभीर जोखिम हो सकता है।

यह मांग अमेरिकी सीनेट की एजिंग पर बनी विशेष समिति की सुनवाई के दौरान उठी। सुनवाई का विषय था, 'लेबलिंग में सच: अमेरिकी नागरिकों को यह जानने का हक है कि उनकी दवाएं कहां से आती हैं।' समिति के अध्यक्ष रिक स्कॉट ने अपनी नई विधेयक पहल 'क्लियर लेबल्स एक्ट' का ऐलान किया। इस प्रस्ताव के तहत अमेरिका में बिकने वाली सभी पर्ची वाली दवाओं पर यह बताना जरूरी होगा कि दवा और उनके मुख्य इंग्रेडिएंट्स कहां बने हैं।


समिति अध्यक्ष रिक स्कॉट

## धर्म : बाजे गाजे के साथ निकली विशाल शोभायात्रा

# श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ




**जबलपुर।**

जबलपुर संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागरजी महामुनिराज के परमप्रभावक शिष्य गुणायतन प्रणेता मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज, मुनि श्री संधानसागर महाराज ससंघ सानिध्य में जबलपुर के इतिहास में संस्कृत भाषा में निबद्ध श्री 1008 श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ श्री जी की शोभायात्रा एवं घटयात्रा मुनि श्री के ससंघ सानिध्य में प्रारंम्भ हुई। शोभायात्रा का संचालन धर्म प्रभावना समति, दि. जैन पंचायत सभा, जैन नवयुवक सभा एवम् सकल जैन समाज जबलपुर के नेतृत्व में श्री आदिनाथ दि. जैन मंदिर गोलबाजार से प्रारंभ हुई जिसमें मुनिसंघ के साथ समस्त क्षुल्लक गण एवं बाल ब्रहम्चारी अशोक, अभय एवं संघस्थ ब्रहम्चारी भैया साथ चल रहे थे। शोभायात्रा में रजत पालकी में श्री जी विराजमान थे तथा गजराज की प्रतिकृति, ऊँट, बैंड, धमाल आगे चल रहे थे। अखिल भारतीय महिला परिषद की 15 शाखाओं की सदस्य रंग बिरंगे परिधान एवं पुरुष श्वेत वस्त्र धारण किये हुए थे। शोभायात्रा मालवीय चौक, गंजीपुरा, घमंडी चौक, गढ़ाफाटक, रानीताल चौक हो कर टेगोग्राफ ग्राउंड पहुँची। आयोजन स्थल पर ध्वजारोहण करने का सौभाग्य श्राविका श्रेष्ठी सुशीला पाटनी को प्राप्त हुआ। उपरोक्त जानकारी देते हुये प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं सुबोध कामरेड ने बताया कि प्रातःकाल मुनि श्री प्रमाण सागर के प्रवचन के पूर्व आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगला चरण से हुई एवं मुनिसंघ को शास्त्र भेंट किये गये। मुख्य मंडल प्राप्त करने के पुर्ण्याजक रायसेठ चंद्र कुमार एवं चंद्र कुमार सिंघई को राष्ट्रीय दिगम्बर जैन युवा महासंघ के सदस्यों ने सम्मानित किया तथा धर्मसभा के उत्कृष्ट संचालन के लिए अमित पड़रिया एवं आयोजन में सहयोग के लिए डी.एन. जैन बोर्डिंग हाउस सोसायटी के अध्यक्ष सत्येन्द्र जैन 'जुग्गु' प्रधानमंत्री संजय सिंघई एवं अन्य ट्रस्टियों को सम्मानित किया गया। आज 31 जनवरी से 8 फरवरी तक प्रतिदिन भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा प्रातः6:30 बजे से प्रारंभ हो जाऐगी 8:45 से मुनि श्री प्रवचन तत्पश्चात विधान मुनि श्री के मुखारविन्द से होगा दोपहर में 2:45 से शंका समाधान कार्यक्रम संपन्न होगा।

# म.प्र. भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण द्वारा लगाया गया जागरूकता शिविर

### रेरा के विशेष सचिव राजेश बहुगुणा ने अधिनियम के संबंध में दी जानकारी




**जबलपुर।** म.प्र. शासन के भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के विशेष सचिव श्री राजेश बहुगुणा द्वारा शुक्रवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय के हॉल में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य संबंधितजनों को भू-संपदा परियोजना से संबंधित अधिनियम एवं नियम तथा प्रक्रियाओं की जानकारी से अवगत कराना था। जागरूकता शिविर में कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित अन्य अधिकारी व इससे संबंधित व्यक्ति उपस्थित रहे।प्राधिकरण के विशेष सचिव एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी श्री बहुगुणा ने जागरूकता शिविर में रेरा एक्ट सहित भू-संपदा क्षेत्र एवं चुनौतियां, विभिन्न कानून की आवश्यकता, उद्देश्य, प्रभावशीलता, बिल्डर एवं आवंटिती के अधिकार व कर्त्तव्य, पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज तथा अन्य महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी से अवगत कराया। साथ ही प्राधिकरण की संरचना, कार्य, शक्तियां, शास्तियां, रिफंड एवं क्षतिपूर्ति इत्यादि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। इस अवसर पर आवंटियों का संरक्षण, एक्ट की विभिन्न धाराओं तथा जिले में रेरा में पंजीकृत परियोजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त शिकायत निराकरण प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। विशेष सचिव श्री बहुगुणा ने बताया कि रेरा एक्ट एक मई 2017 से प्रभावी ढंग से प्रभावशील है। इसके माध्यम से अलाटी के अधिकारी सुरक्षित किए गए हैं। साथ ही प्रमोटर अथवा बिल्डर द्वारा निर्धारित शर्त अनुसार आवंटिती के पक्ष में विभिन्न हितलाभ का अनुपालन भी सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनाइजरों के विरूद्ध जांच अथवा शिकायत के लिए रेरा में संपर्क किया जा सकता है। संबंधित एसडीएम भी जांच के लिए सक्षम हैं।विशेष सचिव द्वारा जानकारी दी गई कि नोयडा के आम्रपाली एवं यूनीटेक प्रोजेक्ट की विफलता के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस मामले का संज्ञान लेकर रियल इस्टेट सेक्टर एवं तंत्र को जवाबदेह बनाने के लिए निर्देशित किया गया था। इसके उपरांत भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण का गठन किया गया। रियल इस्टेट सेक्टर के व्यापक क्षेत्र के कारण अचल संपत्तियों का क्रय करने वाले व्यक्तियों को रेरा एक्ट के प्रभावशील होने से बहुत सहूलियत हुई है और क्रेताओं के अधिकार भी कानूनी रूप से सुरक्षित हुए। जागरूकता शिविर में जानकारी दी गई (

# जेएनकेविवि में खाद्य फसलों के उद्गम पर व्याख्यान आयोजित



**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा की प्रेरणा एवं अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे के मार्गदर्शन में अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग द्वारा खाद्य फसलों के उद्गम विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में महान वैज्ञानिक डॉ. एन. आई. वेवीलाव के जीवन, उनके शोध कार्यों तथा विश्व स्तर पर विभिन्न फसलों के बीजों के संरक्षण हेतु स्थापित "जीन बैंक" पर प्रकाश डाला गया।

व्याख्यान का पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण पीएच.डी. शोधार्थी देवकमल मंडल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पश्चात डॉ. धीरेन्द्र खरे ने छात्रों को अन्य वैज्ञानिकों के योगदान का अध्ययन करने की सलाह दी। आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज श्रीवास्तव के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें डॉ. योगेन्द्र सिंह, डॉ. संजय सिंह, डॉ. पवन कुमार अमृते, डॉ. कंचन भान, डॉ. प्रतीक कुमार, डॉ. अमित कुमार सहित विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र कंपनी के तीन कार्मिक आज होंगे सेवानिवृत्त





**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के तीन वरिष्ठ अधिकारी/कर्मचारी आज 31 जनवरी 2026 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।श्री सरोज कुमार त्रिपाठी – टीकमगढ़ कार्यालय में अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) के पद पर 37 वर्ष 8 माह की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त। श्री राम किशोर पाठक – सागर कार्यालय में कार्यपालन अभियंता के पद पर 38 वर्ष 2 माह की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त। श्रीमती एलिजाबेथ यादव – जबलपुर कार्यालय में सहायक श्रेणी-2 के पद पर 41 वर्ष 7 माह की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त। पूर्व क्षेत्र कंपनी ने सभी को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना

# 'मन को नियंत्रित करने की कला' विषय पर सेमिनार संपन्न



**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय, जबलपुर एवं BRIHAD के संयुक्त तत्वावधान में भगवद्गीता की शिक्षाओं पर आधारित 'मन को नियंत्रित करने की कला' विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. विश्वनाथ दास, पूर्व पशु चिकित्सक ने कहा कि मनुष्य का सबसे बड़ा मित्र उसका मन है। यदि मन हमारे नियंत्रण में है तो जीवन सरल, संतुलित और सफल बन जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को मन से संबंधित समस्याओं और उनके समाधान के लिए भगवद्गीता के मार्गदर्शन पर विस्तृत जानकारी दी। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, जबलपुर ने बताया कि इच्छाओं पर नियंत्रण, अनुशासित दिनचर्या और सकारात्मक सोच से मन को नियंत्रित रखा जा सकता है। प्राचार्य अलकेश चतुर्वेदी ने कहा कि आज मोबाइल, सोशल मीडिया और प्रतिस्पर्धा मन को विचलित कर रही हैं, इसलिए मन पर नियंत्रण निरंतर अभ्यास से ही संभव है। कार्यक्रम में डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. शिवचंद्र वल्के, डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. रामेश्वर झारिया, डॉ. पुष्पा तनेजा, डॉ. नीलू रघुवंशी, डॉ. समता नायडू, डॉ. विभा निगम, डॉ. अंजली कनौजिया, डॉ. रश्मि बुनकर, डॉ. मीनाक्षी मरावी, डॉ. आनंद तिवारी, डॉ. राहुल पटेल और मानवेन्द्र यादव सहित लगभग 335 विद्यार्थी उपस्थित रहे।




# संत रविदास जयंती पर आम्बेडकर चौक से निकाली जाएगी विशाल शोभायात्रा

**जबलपुर।** संत शिरोमणि सदगुरु रविदास जी के 649वें जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर जबलपुर के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 100 से अधिक गुरु रविदास जी की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। दिनांक 01 फरवरी को गाजे-बाजे के साथ मुख्य चल समारोह आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में रखी हुई मूर्तियां एवं झांकियां डॉ. आम्बेडकर चौक में एकत्रित होकर दोपहर 01 बजे संत शिरोमणि रविदास धाम गौरीघाट के नेतृत्व में विशाल शोभायात्रज्ञ निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल होंगे, शोभायात्रा सम्पूर्ण शहर का भ्रमण करते हुए रविदास धाम गौरीघाट पहुंचेगी, जहां गुरु रविदास धाम में चार लाख से अधिक भक्तजन भंडारा ग्रहण करेंगे। मंचीय कार्यक्रम गुरु रविदास धाम गौरीघाट में शाम 06 बजे से आयोजित हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेठ नोखेलाल चौधरी वरिष्ठ समाजसेवी होंगे एवं अन्य सामाजिकजन विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील एड. एनसी कुरील, टीकाराम रवि, लखनलाल चौधरी, एड. अरविंद चौधरी, सेठ बालकिशन चौधरी, यमेश चौधरी, बाबूलाल, लक्ष्मण, एड. संतोष चौधरी, मनी चौधरी, विनोद लाढ़िया, सोनीलाल चौधरी, राधेलाल रैदास, हंसनाथ चौधरी, आशीष अहिरवार, राधेश्याम सतनामी, मुन्ना मास्टर, मुन्नीलाल अहिरवार, दुर्गा प्रसाद चौधरी, मुन्नालाल चौधरी, एड. प्रहलाद चौधरी, एड. रूपनारायण चौधरी ने की है।

# दिव्यांग बच्चों का जिला स्तरीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर।** शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों का जिला स्तरीय वार्षिकोत्सव प्रगत शैक्षिक संस्थान (पीएसएम कॉलेज) में हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती पूजन, वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसका उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और समाज में उनके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीपी सिंह (उपसंचालक लोक शिक्षण), एफ इक्का (प्राचार्य प्रगत शैक्षिक संस्थान), अजय दुबे (प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान) और डॉ. रामनरेश पटेल (जिला नोडल अधिकारी समावेशी शिक्षा) उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग नृत्य, गीत, हास्य नाटक और चित्रकला को देखकर कहा कि दिव्यांग बच्चों में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है और समाज में उनका योगदान महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार और प्रमाण पत्र के साथ स्वल्पाहार भी वितरित किया गया। जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा, व्यावसायिक समन्वयक मनोज कासिव, एपीसी तरुण राज दुबे, डीसी अहिरवार, बीएसी अजय रजक सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र और अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बीएसी अजय रजक ने किया।

## समाधान योजना से बकायादार उपभोक्ताओं को मिल रही बड़ी राहत

**जबलपुर।** प्रदेश शासन द्वारा संचालित समाधान योजना 2025-26 के तहत मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के जबलपुर क्षेत्र में बकायादार उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी जा रही है। मुख्य अभियंता श्री एस.के. गिरिया के निर्देशन में योजना के माध्यम से उपभोक्ताओं को बकाया बिलों में 60 से 100 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। अबतक लगभग 3,36,680 उपभोक्ताओं ने लाभ उठाकर कुल 66.42 करोड़ रुपये का बकाया जमा किया है। वहीं, जिन उपभोक्ताओं के ऊपर 2 लाख रुपये से अधिक का बकाया है, उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। इसके तहत 98 वितरण ट्रांसफार्मर बंद किए गए और 14 कनेक्शन पीडी किए गए। 1 लाख रुपये से अधिक बकाया रखने वालों के विरुद्ध डीआरए के तहत भी सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस योजना की निगरानी के लिए कंपनी स्तर पर 8 नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। श्री एस.के. गिरिया ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि समय पर बिजली बिल का भुगतान कर लगातार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। बकायादार उपभोक्ता निकटतम बिजली कार्यालय या ऑनलाइन माध्यम से अपनी पात्रता जांच कर योजना का लाभ उठा सकते हैं।



# तक्षशिला के 58 छात्रों का सीएट टायर ओपन कैम्पस में हुआ चयन

**जबलपुर।** तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में पॉलीटेक्निक डिप्लोमा एवं बीएससी के सभी ब्रांच के छात्रों हेतु नागपुर की मल्टीनेशनल कंपनी सीएट टायर लिमि. द्वारा ओपर कैम्पस का आयोजन किया गया, जिसमें 150 छात्रों का रजिस्ट्रेशन हुआ, तत्पश्चात उन्होंने प्लेसमेंट वार्ता, एप्टीट्यूड टेस्ट, लिखित परीक्षा दी तथा उत्तीर्ण छात्रों का साइकोमैट्रिक टेस्ट तथा फाइनल साक्षात्कार होने के पश्चात 58 छात्रों का चयन किया गया। चयनित छात्रों का जॉब लोकेशन नागपुर रहेगा। चयनित छात्रों को संस्था के चेयरमेन आरएन पहारिया, सचिव शरद कुमार गुप्ता, संयुक्त सचिव शरद जैन, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. आईके खन्ना, प्राचार्य डॉ. बीके साहू ने बधाई दी। कैम्पस को सफल बनाने में टीपीओ डॉ. नितिन गौर, प्रो. गुरबानी कौर पदम, प्रो. संतोष पटेल, प्रो. पलक पैगवार, प्रो. वंशिका गर्ग, प्रो. भूपेन्द्र सोनी, प्रो. प्रियंका जैन, अनीता गुप्ता का योगदान रहा।

## गुलशने मदीना कमेटी एवं मप्र मुस्लिम विकास परिषद ने किया ध्वजारोहण

**जबलपुर।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में गुलशने मदीना कमेटी एवं मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद द्वारा हुसैन चौक, मुबीन मंजिल नया मुहल्ला में 26 जनवरी को सुबह 10:30 बजे ध्वजा रोहण किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि यश लखन घनघोरिया (प्रदेश अध्यक्ष म.प्र. युवक कांग्रेस), दिनेश यादव (प्रदेश महामंत्री म.प्र. कांग्रेस कमेटी) रहे। अध्यक्षता सौरभ नाटी शर्मा (नगर अध्यक्ष शहर जिला कांग्रेस कमेटी जबलपुर) ने की। विशिष्ट अतिथि अमरीश मिश्रा नेता प्रतिपक्ष, अयोध्या तिवारी सचेतक कांग्रेस पार्षद दल, गुड्डू नबी, अशरफ मंसूरी (नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग, हाजी मो. सलीम खान (सैफ नगर), बाबा रिजवान साहब, पप्पू वसीम खान, मो. नसीम खान, आरिफ बैग (इंका नेता), एड. अल्तमस खान रहे। अतिथि हाजी मो. सलीम (ठेकेदार), मो. कलीम खान, रिजवान अली कोटी, एड. हाकिम खान, एड. शैख इरफान, एड. तनवीर फैजल, सैय्यद लियाकत अली, हाजी अब्दुल करीम भाई, मो. रऊफ रजवी, एड. शाहिद अली, मो. अजहरुद्दीन, मो. जावेद (ए.आर.), इमरान अंसारी, मो. खालिद मुबीन, हाफिज इश्तियाक, हाजी अ. रहमान (मुन्ना भैया), जामिन खान, हाजी अकील (स्टार टेंट), मो. शफीक, शाकिब खोकर (जुगनू) ने सहभागिता की।

इस अवसर पर हाजी बबलू गनी (जीके मेडिकल), सैय्यद वाजिद अली, मो. इकबाल (बेकरी), अतीक जावेदी, रशीद वेल्डर, मिर्जा ईनाम बैग, हाजी इसरार भाई, हाजी डॉ. जाफिर भाई, कलीम मामू, शेख कुदरत, शमीम खोकर, अ. रशीद नेता, दोसू मम्मा, मो. सारिम मुबीन, अ. कय्यूम खान, राजा चिकिन, फरीद अहमद, मो. शाहिद मुबीन, तारिक रजा, अशरफ शिराजी, नकी खान उपस्थित रहे।

## आगासौद में कलश यात्रा से श्रीराम कथा का शुभारंभ



**जबलपुर।** श्री रामायण मंडल आगासौद द्वारा निकटवर्ती ग्राम आगासौद पाटन रोड में पांच दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन 28 जनवरी से 01 फरवरी तक किया गया है। प्रतिदिन दोपहर 01 बजे से शाम 06 बजे तक कथा व्यास जगदगुरु विष्णु देवाचार्य महाराज मिथिला पीठाधीश्वर (मंदिर नेपाल) एवं संध्या तिवारी मानस मोहनी ओरछा (मप्र राष्ट्रीय प्रवक्ता) प्रवचनकर्ता रामरस की वर्षा करेंगे। 28 जनवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। यह कलश यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर शंकर जी मंदिर, भैरोनाथ मंदिर, खेरमाई, सिद्धपीठ हनुमान मंदिर का भ्रमण कर वापस कथा पंडाल पहुंची। इस अवसर पर आयोजक मंडल के वरिष्ठ सदस्य सुरेन्द्र सिंह राजपूत, सुनील पटेल, अशोक सिंह, मंगल सिंह, प्रभुसिंह, मदन दाहिया आदि उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी कथा प्रेमियों से श्रीराम कथा श्रवण करने का अनुरोध किया है।


**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/215
दिनांकः- 30/01/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सीमा साहू पति डॉ. श्री दीपक साहू ने मकान नं. 862 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 420 व.फु., प्रथम तल 420 व.फु. शपथपत्र/विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/216
दिनांकः- 30/01/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सीमा साहू पति डॉ. श्री दीपक साहू ने मकान नं. 861 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 650 व.फु., प्रथम तल 650 व.फु. दानपत्र / शपथपत्र / सहमति पत्र/ मृत्यू प्रमाण पत्र / विक्रयपत्र / वसीयतनामा /त्यागपत्र / रिलीजडीड / बंटवारानामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/1300/अ-6/2025-26
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उषा किरण शर्मा S/o श्री जे.सी. शर्मा नि.- 2048/A न्यू शोभापुर मढ़ई ने नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं.-41 रकवा 2400 व.फु./हे. ग्राम भडपुरा प.ह.नं.- खसरा नं. 340 से 360 एवं 391 नया 351/1/1 रकवा 2400 व.फु./हे. पर विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक- मृत्यु दिनांक- को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं.-41 रकवा-2400 / व.फु.हे. / ग्राम-भडपुरा प.ह.नं.- खसरा नं.-340 से 360 एवं 391 नया 351/1/1 रकवा-2400 व.फु./हे. पर के नाम दर्ज है।

अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 05/02/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 20/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक-20/01/2026
पेशी दिनांक-05/02/2026
मुद्रा
तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

**नाम सुधार सूचना**

मैं श्रीमती आयशा बी पति मोहम्मद शाहिदुर्रजा, उम्र 57 वर्ष, निवासी म.नं. 789, मंडी मदार टेकरी, अशफाकउल्ला खां वार्ड, जबलपुर की मूल निवासी हूँ। मेरा आधार नं. 9228 2415 0278 है। मेरे पुराने पासपोर्ट नं. Z3652141 मे मेरा नाम AYSHA BEE W/O MOHAMMED SHAHIDURRJA दर्ज है जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम AYSHA BEE W/O MOHAMMED SHAHIDUR RAZA है। मुझको मेरे इसी नाम AYSHA BEE W/O MOHAMMED SHAHIDUR RAZA के नाम से जाना एवं पहचाना जावे। इस वास्ते शपथ पत्र है।

BV 058686
शपथकर्ता

**नाम सुधार सूचना**

मैं श्रीमती रेहनुमा कुरैशी पति मोहम्मद जैनुल आबदीन, उम्र 32 वर्ष, निवासी म.नं. 789. मंड़ी मदार टेकरी, अशफाकउल्ला खां वार्ड, जबलपुर का निवासी हूँ। मेरा आधार नं. 9228 2415 0278 है। मेरे पुराने पासपोर्ट नं. L1779610 मे मेरा नाम REHNUMA ISLAM QURESHI दर्ज है जबकि मेरे सभी दस्तावेजों मे मेरा नाम REHNUMA QURESHI है। मुझको मेरे इसी नाम REHNUMA QURESHI के नाम से जाना एवं पहचाना जावे। इस वास्ते शपथ पत्र है।

BV 058685
शपथकर्ता

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/217
दिनांकः- 30/01/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अंकुर शर्मा पिता स्व. श्री ए. पी. शर्मा ने मकान नं. 237 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 270 व.फु., प्रथम तल 816 व.फु., द्वितीय तल 548 व.फु.+548 व.फु. शपथपत्र/ मृत्यू प्रमाणपत्र / वसीयतनामा /राजस्व आदेश नजूल की प्रति के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/218
दिनांकः- 30/01/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शिवकुमार विश्वकर्मा पिता श्री मोहनलाल विश्वकर्मा ने मकान नं. 1154/1 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 650 व.फु., विक्रयपत्र/रिलीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# तथागत ग्लोबल गुरुकुलम का विधिवत भूमि पूजन संपन्न

**नई दिल्ली।** 24 जनवरी को नई दिल्ली के साहित्य अकादेमी सभागार में आयोजित गरिमामय समारोह में केरल के वरिष्ठ हिन्दी साहित्यकार ए. अरविंदाक्षन और अरुणाचल प्रदेश की युवा कवयित्री जमुना बीनी को 'तथागत साहित्य सम्मान' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाकवि निराला की सरस्वती वंदना पर आधारित कथक प्रस्तुति से हुआ। तथागत ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. एन. पी. सिंह (पूर्व आईएएस) ने ट्रस्ट की परिकल्पना, सामाजिक-शैक्षणिक कार्यों और उत्तर-दक्षिण भारत के बीच भाषा-संस्कृति संवाद के लक्ष्य को रेखांकित किया। यह सम्मान प्रख्यात साहित्यकार रामदरश मिश्र की स्मृति में प्रदान किया गया। समारोह में वरिष्ठ साहित्यकारों अनामिका, ओम निश्चल, अशोक वाजपेयी, चंद्रकांता सहित अनेक विद्वानों ने दोनों रचनाकारों के साहित्यिक योगदान पर विचार साझा किए। ए. अरविंदाक्षन की कृति 'धड़कनों के भीतर जाकर' और जमुना बीनी के संग्रह 'जब आदिवासी गाता है' के माध्यम से भाषाई संवेदनाओं, आदिवासी चेतना और मानवीय मूल्यों की सशक्त अभिव्यक्ति सामने आई। यह आयोजन न केवल हिन्दी




साहित्य, बल्कि समूचे भारतीय साहित्य में संवाद, संवेदना और मानवीयता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। जिले के वनवासी क्षेत्र भेजा जंगली में तथागत ग्लोबल गुरूकुलम की होगी स्थापना , हुआ भूमिपूजन, उच्च स्तरीय शिक्षा गांव के बच्चों को यहाँ निशुल्क मिलेगी। भारतीय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष एवं रिटायर्ड आईएएस एन. पी. सिंह तथा अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष जी. आर. राणा की उपस्थिति में बालोद जिले के गुरूर विकासखंड अंतर्गत सुदूर आदिवासी ग्राम भेजा जंगली में तथागत ग्लोबल गुरुकुलम का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। यह आयोजन जनजातीय विकास के उद्देश्य से जकवार फाउंडेशन और तथागत ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में आदिवासी ग्रामीण शामिल हुए।भूमि पूजन से पूर्व राजा राव बाबा और कंकालीन माता की पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात शहीद वीर नारायण सिंह के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए एन. पी. सिंह ने कहा कि इस गुरुकुलम की स्थापना का उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े आदिवासी और ग्रामीण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़कर उनका भविष्य सुरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि जब तक सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शहरों जैसी शिक्षा नहीं मिलेगी, तब तक विकसित भारत का सपना अधूरा ही रहेगा। उन्होंने यह संकल्प लिया कि जब राजा राव पठार में राजा राव की पूजा का आयोजन होगा, उसी समय गुरुकुलम का उद्घाटन भी किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि राजा राव के आशीर्वाद से यहां पढ़ने वाले बच्चे आगे चलकर आईएएस, आईपीएस, न्यायाधीश जैसे उच्च पदों तक पहुंचेंगे और तभी इस पहल को सफल माना जाएगा।

इस गुरुकुलम से भेजा जंगली सहित आसपास के 10 से 12 गांवों के आदिवासी और ग्रामीण बालक-बालिकाओं को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। भूमि पूजन की इस ऐतिहासिक पहल से पूरे वनांचल क्षेत्र में खुशी की लहर देखने को मिली। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच शीला यादव, पंच नागेश्वर सलाम, दिनेश यादव, बलराम गोटी स हित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# वो खौफनाक विमान हादसे, जिन्होंने हमेशा के लिए बदल दी उड़ानों की दुनिया

नई दिल्ली। हवाई सफर को सुरक्षित बनाने के पीछे कई दुखद सबक छिपे हैं। हर बड़ी विमान दुर्घटना के बाद तकनीक और नियमों में ऐसे बदलाव किए गए जिनसे भविष्य में वैसी घटना दोबारा न हो। आइए जानते हैं उन 13 सबसे चर्चित विमान हादसों के बारे में, जिन्होंने उड़ानों की दुनिया हमेशा के लिए बदल दी।

### ग्रैंड कैन्यन टक्कर

30 जून, 1956 को ग्रैंड कैन्यन के ऊपर उड़ान भर रहे दो विमान आपस में टकरा गए, क्योंकि तब जमीन से निगरानी की तकनीक कमजोर थी। इसके बाद फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन बना और रडार सिस्टम को आधुनिक बनाया गया। अब विमानों में टक्कर रोकने वाली प्रणाली होती है, जो पायलट को बताती है कि दूसरा विमान कहां है।

### यूनाइटेड एयरलाइंस फ्लाइट 173

28 दिसंबर, 1978 को यूनाइटेड एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 173 का ईंधन खत्म हो गया, क्योंकि पायलट छोटी-सी तकनीकी खराबी को ठीक करने में उलझा रहा और क्रू मेंबर्स की सलाह अनसुनी कर दी. इस घटना के बाद कॉकपिट रिसोर्स मैनेजमेंट शुरू हुआ।



### यूनाइटेड एयरलाइंस फ्लाइट 232

19 जुलाई, 1989 को डेनवर से शिकागो जा रही



यूनाइटेड एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 232 के पिछले इंजन का पंखा फटने से हाइड्रोलिक सिस्टम फेल हो गया और प्लेन आउट ऑफ कंट्रोल हो गया। इस घटना के बाद इंजनों की जांच के तरीके बदले गए और भविष्य के विमानों में बैकअप सुरक्षा प्रणालियां जोड़ी गईं।

### मलेशिया एयर लाइंस 370

8 मार्च, 2014 को कुआलालंपुर से बीजिंग जा रही मलेशिया एयरलाइंस की फ्लाइट 370 रहस्यमय तरीके से गायब हो गई और आज तक उसका कोई अता-पता नहीं है। इस घटना के बाद अब हर प्लेन के लिए रियल-टाइम ट्रैकिंग अनिवार्य है, ताकि समुद्र के ऊपर भी उनकी सही लोकेशन पता रहे।

### एयर कनाडा फ्लाइट 797

2 जून, 1983 को 33 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ान भर रहे एयर कनाडा फ्लाइट 797 के टॉयलेट में आग लगी और धुआं इतना फैल गया कि लोग बाहर नहीं निकल पाए। इस घटना के बाद प्लेन के टॉयलेट में स्मोक डिटेक्टर और ऑटोमैटिक आग बुझाने वाले डिवाइस जरूरी अनिवार्य किए गए। साथ ही फर्श पर चमकने वाली पट्टियां लगाई गईं, ताकि धुएं में भी रास्ता दिखे।

**डेल्टा एयरलाइंस फ्लाइट 191:** 2 अगस्त, 1985 को डलास के फोर्ट वर्थ एयरपोर्ट पर डेल्टा एयरलाइंस फ्लाइट 191 की लैंडिंग के समय विमान अचानक हवा का नीचे की ओर दबाव में फंस गया और हादसे का शिकार हो गया।

### एयर फ्रांस 447

1 जून, 2009 को रियो से पेरिस के लिए उड़ान भरने वाले



एयर फ्रांस 447 में गति मापने वाला यंत्र जाम हो गया और ऑटोपायलट सिस्टम ने काम करना बंद कर दिया। इस कारण पायलट घबरा गए और प्लेन को संभाल नहीं पाए. इस घटना से सबक लेते हुए पायलटों को अब मशीनों पर कम निर्भर रहने और मैन्युअल विमान उड़ाने की कड़ी ट्रेनिंग दी जाती है।

### यूएस एयरवेज फ्लाइट 427

8 सितंबर, 1994 को जब यूएस एयरवेज की फ्लाइट संख्या 427 पिट्सबर्ग में लैंड करने वाली थी, तभी अचानक प्लेन का रडर जाम हो गया, जिसकी वजह से बोइंग 737 बाईं ओर लुढ़क गई। इस हादसे के बाद बोइंग ने हजारों विमानों के रडर सिस्टम को बदला और सुरक्षा के लिए नए पुर्जे लगाए।

### वैल्यूजेट फ्लाइट 592

11 मई, 1996 को मियामी के पास एवरग्लेड्स में वैल्यूजेट 592 के कार्गो होल्ड में रखे केमिकल्स से आग भड़क गई। इस भयावह हादसे के बाद प्लेन में सामान रखने वाले हिस्से में भी स्मोक डिटेक्टर और फायर सिस्टम अनिवार्य कर दिए गए और खतरनाक सामान ले जाने के नियम कड़े हुए।

अम्बिकापुर को हवाई सेवा से जोड़ने की पहल

# दिल्ली, बनारस, रांची मार्ग पर फ्लाइट चलाने का प्रस्ताव




हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

क्षेत्रीय विमानन कंपनी द्वारा उड़ान सेवा बंद करने के बाद पिछले 8 महीनों से दरिमा स्थित महामाया एयरपोर्ट सूना पड़ा है। कहने के लिए क्षेत्रीय विमानन कंपनी स्टार हब ने फ्लाई बिग के रूट पर उड़ान सेवा प्रारंभ करने की जिम्मेदारी ले ली है लेकिन लाइसेंसिंग की प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण हवाई सेवा शुरू होने को लेकर अभी भी ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है।

**अम्बिकापुर रायपुर मार्ग पर समय को लेकर नहीं बन रही सहमति**

शासन द्वारा 19 दिसम्बर को बड़ी उपलब्धि के रूप में अम्बिकापुर से बिलासपुर एवं रायपुर के लिए हवाई सेवा की शुरुआत की गई थी। क्षेत्रीय विमानन कंपनी फ्लाई बिग द्वारा बिलासपुर एवं रायपुर के लिए उड़ान सेवा प्रारंभ की गई थी। शुरुआत में हवाई सफर के आकर्षण में लोगों ने उत्साहपूर्वक हवाई जहाज का सफर किया लेकिन मनमानी संचालन व शाम में फ्लाइट का संचालन होने के कारण लोगों का हवाई सफर से मोहभंग होने लगा। फ्लाई बिग द्वारा बिना अग्रिम सूचना के बीच-बीच में फ्लाइट का संचालन बंद करने से लोगों का हवाई सफर के प्रति रूझान खत्म होने लगा। फ्लाई बिग शासन से मिल रही आर्थिक मदद से जैसे-तैसे मई 2025 तक फ्लाइट का संचालन किया।

### ये मार्ग हैं प्रस्तावित

अधिकारियों ने एलायंस एयर को अम्बिकापुर-जगदलपुर-दिल्ली, अम्बिकापुर-बिलासरपुर-दिल्ली, दिल्ली-वाराणसी-रायपुर, वाराणसी-अम्बिकापुर-रायपुर, रांची-अम्बिकापुर-रायपुर मार्ग में से किसी भी तीन रूट पर फ्लाइट चलाने का प्रस्ताव दिया है। बड़ी संख्या में सरगुजावासी हर दिन दिल्ली, वाराणसी, रांची एवं रायपुर तक सफर करते हैं। इन स्थानों के लिए दरिमा से हवाई सेवा प्रारंभ होने पर क्षेत्रवासियों को आवागमन में काफी सुविधा होगी वहीं विमानन कंपनी की कमाई बढ़ेगी।

# जापानी रेटिंग एजेंसी जेसीआर से अदाणी ग्रुप की तीन कंपनियों को वैश्विक क्रेडिट रेटिंग

अहमदाबाद। जापान की प्रमुख रेटिंग एजेंसी, जापान क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (जेसीआर) ने अदाणी पोर्टफोलियो की तीन कंपनियों- अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन (एपीएसईजेड), अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) की रेटिंग शुरू कर दी है। जेसीआर ने इन तीनों कंपनियों को विदेशी मुद्रा में लंबे समय तक की क्रेडिट रेटिंग दी है और सभी के लिए आउटलुक 'स्थिर' रखा है। यह अदाणी ग्रुप की वैश्विक क्रेडिट यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और ग्रुप की मजबूत वित्तीय साख को और भी मजबूत करती है।जेसीआर ने अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) को ए- (स्थिर) रेटिंग दी है। यह एक खास उपलब्धि मानी जा रही है, क्योंकि किसी इंटरनेशनल रेटिंग एजेंसी द्वारा किसी भी भारतीय कॉर्पोरेट को संप्रभु सीमा से ऊपर की रेटिंग मिलना बहुत दुर्लभ माना जाता है। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल), दोनों को बीबीबी+ (स्थिर) रेटिंग दी गई है। यह रेटिंग भारत की संप्रभु रेटिंग बीबीबी+ के बराबर है।

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

इंफ्लुएंजा श्रेणी के वायरस का म्यूटेशन, दस में से चार मरीज इसी समस्या के

# वायरल इंफेक्शन इस बार कोरोना जैसा...चेस्ट और गले में कर रहा अटैक, ठीक होने में लग रहा काफी वक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**बदलते मौसम में सक्रिय होने वाले इंफ्लुएंजा श्रेणी के वायरल इंफेक्शन ने इस बार कोरोना जैसा रूप धरा है। यह मौसमी वायरस चेस्ट और गले में इंफेक्शन के रूप में अटैक कर रहा है। संक्रमण थोड़ा ताकतवर भी है, जिसकी वजह से पीड़ितों को पूरी तरह ठीक होने में दस से पंद्रह दिन का वक्त भी लग रहा है। सरकारी अस्पतालों के मेडिसिन विभाग में पहुंचने वाले दस में चार मरीज इसी से पीड़ित हैं।**

चिकित्सकों के मुताबिक लक्षण के आधार पर मरीजों का इलाज किया जा रहा है।मौसम के बदलाव के दौरान लोगों को बीमार करने वाला वायरस के म्यूटेशन में हर बार बदलाव होता है। इस बार यह थोड़ा-थोड़ा कोरोना जैसे लक्षण के साथ अटैक कर रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक वायरस इस बार लोगों के चेस्ट में कफ और गले में खुजली जैसी समस्या से पीड़ित कर रहा है और मौसमी बीमारी से पीड़ित होने वाले लगभग 90 प्रतिशत लोगों को यह प्राब्लम हो रही है। इसके अलावा जुकाम और बुखार जैसी समस्या भी हो रही है। आमतौर पर इंफेक्शन बदलते मौसम में अपना असर दिखाता है और कुछ समय पर समाप्त हो जाता है। इस बार इंफेक्शन का दौर कुछ ज्यादा ही लंबा हो गया है और अस्पतालों से मौसमी बीमारी वाले मरीजों की भीड़ खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। आंबेडकर अस्पताल, जिला अस्पताल के मेडिसिन विभाग में आने वाले ज्यादातर मरीज मौसमी बीमारी से पीड़ित हैं। इनमें कई पेशेंट ऐसे भी हैं जिनकी समस्या 15 से 20 दिन बाद भी ठीक नहीं हो रही है। डाक्टरों का कहना है कि भले वायरस कोरोना जैसा रूप लिए हो, मगर इसका असर उतना घातक नहीं है।



### हर उम्र के लोग पीड़ित

चिकित्सकों के अनुसार आमतौर पर मौसमी बीमारी छोटे बच्चों को ज्यादा प्रभावित करती है। इस बार मौसमी बीमारी की समस्या से हर वर्ग के लोग पीड़ित है। वायरल इंफेक्शन की समस्या को ध्यान में रखते हुए खानपान में थोड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। इसके अलावा अधिक उम्र और दूसरी तरह के गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को ऐसे दौर ज्यादा सजग रहने की जरूरत है।

### दवा बाजार में भी डिमांड

मौसम में बदलाव होने के बाद कफ सिरप की दवा बाजार में डिमांड पिछले महीनेभर से बढ़ी हुई है। नकली कफ सिरप का मामला सामने आने के बाद इसके उपयोग काफी दिनों तक प्रभावित रहा। इसके बाद विभागीय कार्रवाई और नामी कंपनियों द्वारा बरती जा रही सावधानी के बाद बच्चों को छोड़कर बड़े लोगों के लिए कफ सिरप का उपयोग प्रारंभ हुआ। सामान्य दिनों की तुलना में राज्य कफ सिरप की डिमांड में दस करोड़ की बढ़ोतरी हुई है।

### हर उम्र के लोग पीड़ित

चिकित्सकों के अनुसार आमतौर पर मौसमी बीमारी छोटे बच्चों को ज्यादा प्रभावित करती है। इस बार मौसमी बीमारी की समस्या से हर वर्ग के लोग पीड़ित है। वायरल इंफेक्शन की समस्या को ध्यान में रखते हुए खानपान में थोड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। इसके अलावा अधिक उम्र और दूसरी तरह के गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को ऐसे दौर ज्यादा सजग रहने की जरूरत है।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है - सुरक्षागार्ड, गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई। वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- श्रीसाई सिक्युरिटी सर्विस, साई निवास कॉम्प्लेक्स, जेजे हॉस्पिटल के बाजू में तोरवा बिलासपुर 9301186703, 8253010291 (रायपुर /03/फरवरी 25)

आवश्यकता है- कुत्ते के आश्रम में जिम्मेदार स्टाफ चाहिए । कुत्तों को खाना देना, देख - भाल, मल मूत्र सफाई का कार्य, रु 10,000 मासिक वेतन, रहना खाना उपलब्ध । वंदखुरी रायपुर, छत्तीसगढ़ 7225888800 (रायपुर /29/जन. 25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

## शब्द पहेली - 6124



**बाएँ से दाए**

1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह, टीस, लालसा-3
6. हानि, आपत्ति-2
7. दुश्मनी, बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश, आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. शैतानी, बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा, लालसा-4
24. कवि, गजलकार-3
25. जरा, थोड़ा-2
27. मुलायम, नाजुक-3
28. गुफा, खोह-2
29. प्रियतम, सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह.शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा, गंजा-4
4. पंक्ति, लाइन-3
5. लड़की, पुत्री, बेटी -2
7. वहम, संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा, कसम -3
13. गंगा का पानी -4
15. तीखा, तीक्ष्ण-3
16. आतुर, धैर्यहीन -4
17. संभवतः-3
18. मर्कट, कपि-3
20. गोविंदा, खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र- 3
22. मनोकामना -4
23. साजन, प्रेमी-3
24. संध्या, सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना, मास-2

**शब्द पहेली- 6123 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | प | रा | या | प | न | ■ | म | च | ल | ना |
| सां | ग | ■ | च | ■ | का | ली | न | ■ | त | ट |
| व | ■ | त | क | रा | र | ■ | का | ल | ■ | की |
| ला | चा | र | ■ | ■ | दे | श | ■ | त | न | य |
| प | ■ | ती | ■ | पा | ना | ■ | गा | ■ | क | ■ |
| न | क | ब | ज | न | ■ | चा | ल | च | ल | न |
| ■ | हा | ■ | मा | ■ | च | र | ■ | ह | ■ | म |
| म | र | ना | ■ | द | म | ■ | ■ | क | स | क |
| र | ■ | श | क | ■ | क | रा | ह | ना | ■ | या |
| दू | ब | ■ | ल | बा | दा | ■ | रा | ■ | या | त्रा |
| द | या | क | र | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6134

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6133 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

# जॉन का बदला हुलिया देख फैंस बोले- क्या लगते थे, क्या हो गए



**मुंबई।** जॉन अब्राहम की पर्सनैलिटी के दीवाने उनके लाखों फैंस हैं। 'धूम' और 'फोर्स' जैसी फिल्मों में लोगों ने न सिर्फ उनके अभिनय को सराहा, बल्कि उनके लुक्स की तारीफें भी हुई हैं। हालांकि सोशल मीडिया पर उनकी एक तस्वीर सामने आई है जिसने फैंस को चौंका दिया। क्लीन-शेव लुक में जॉन बिल्कुल बदले अंदाज में दिखाई दे रहे हैं, ऐसा उनके चाहने वालों का कहना है। कुछ लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं, तो वहीं कुछ उनका समर्थन करते दिखे। तस्वीर में जॉन अपनी टीम के साथियों संग पोज दे रहे हैं। उन्होंने ऑल ब्लैक लुक अपनाया है जिसमें उनके क्लीन-शेव लुक ने लोगों का ध्यान खींच लिया। एक यूजर ने लिखा, 'क्या गलते थे, और क्या हो गए।'

लाइफ Style



# दीपिका

## एटली के लिए हैं 'लकी चार्म', नई फिल्म से जुड़ीं

जानेमाने निर्देशक एटली ने अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को अपना 'लकी चार्म' बताया है। एटली की अपकमिंग फिल्म, जिसे फिलहाल एए22Xए6 नाम दिया गया है, अपने ऑफिशियल ऐलान के बाद से ही जबरदस्त चर्चा में बनी हुई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जैसे ही एक दमदार अनाउंसमेंट एसेट के जरिए दीपिका पादुकोण के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने की खबर सामने आई, फिल्म को लेकर बातचीत और भी तेज हो गई। एटली की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म बताई जा रही इस प्रोजेक्ट में अल्लू अर्जुन भी नजर आएंगे। जवान जैसी बड़ी ब्लॉकबस्टर देने वाले डायरेक्टर एटली एक बार फिर दीपिका पादुकोण के साथ काम कर रहे हैं, जो दोनों की दूसरी फिल्म होगी। एक एक्सक्लूसिव बातचीत में एटली ने इस प्रोजेक्ट पर खुलकर बात की और दीपिका की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें अपनी "लकी चार्म" बताया। इस खुलासे के साथ ही सोशल मीडिया पर हलचल मच गई और एए22Xए6 हाल के समय की सबसे ज्यादा चर्चित फिल्मों में शामिल हो गई। जिससे फिल्म का स्केल और दर्शकों की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। एटली ने इशारा किया है कि इस फिल्म में दर्शक दीपिका पादुकोण का एक बिल्कुल नया रूप देखेंगे। डायरेक्टर ने बताया कि एए22Xए6, मां बनने के बाद दीपिका की पहली फिल्म होगी, जिससे यह कोलैबोरेशन और भी खास बन जाता है। दीपिका पादुकोण के पास इस साल एक और बड़ा प्रोजेक्ट भी लाइनअप में है।

## हॉलीवुड मसाला



### ताज महल डायमंड सबसे ऐतिहासिक रत्नों में से एक

लॉस एंजिल्स। मार्गोट रॉबी अपनी नई फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ जैकब एलोर्डी हैं। रेड कार्पेट पर उनकी हालिया उपस्थिति बहुत यादगार रही। इस दौरान मार्गोट रॉबी ने 'ताज महल हीरा' पहना हुआ था, जो अब तक के सबसे ऐतिहासिक रत्नों में से एक है। 28 जनवरी को लॉस एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के विश्व प्रीमियर में, मार्गोट ने शियापरेली का खूबसूरत गाउन पहना, जिसने सबका ध्यान खींचा। लेकिन गाउन से ज्यादा चर्चा उनके 'ताज महल डायमंड' नेकलेस की हुई।



### ग्रैमी पुरस्कार-2026 में चलेगा आवाज का जादू

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार जस्टिन बीबर लंबे समय के बाद मंच पर वापसी करने जा रहे हैं। इस खबर ने आते ही उनके फैंस को उत्साहित कर दिया है। साल 2022 में, ब्राजील के 'रॉक इन रियो' फेस्टिवल के बाद से वह सावर्जनिक कार्यक्रमों से दूरी बनाए हुए थे। खबरों के मुताबिक, लंबे समय के बाद गायक को प्रतिष्ठित ग्रैमी पुरस्कार 2026 में परफॉर्म करते हुए देखा जा सकता है। उन्हें मंच पर दोबारा देखने के लिए उनके चाहने वाले बेताब हैं। द हॉलीवुड रिपोर्टर की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिन को ग्रैमी पुरस्कार 2026 के लिए 4 नामांकन मिले हैं। एल्बम ऑफ द ईयर कैटेगरी के अंतर्गत पहला नामांकन एल्बम 'स्वैग' के लिए मिला, जो 2021 के 'जस्टिस' के बाद उनका पहला स्टूडियो एल्बम है। हालांकि 'स्वैग' गायक का 7वां स्टूडियो एल्बम है जो जुलाई, 2025 में रिलीज हुआ।



## 'एक्सपायरी डेट' मिलने पर खुलकर बोलीं

**मुंबई।** 'जस्सी जैसी कोई नहीं' टीवी शो से लोकप्रिय हुईं मोना सिंह इन दिनों धड़ाधड़ फिल्में और सीरीज कर रही हैं। हाल ही में उन्हें 'बॉर्डर 2' और 'हैप्पी पटेल' जैसी फिल्मों में देखा गया। अब उनकी सीरीज 'कोहरा 2' नेटफ्लिक्स पर आने के लिए तैयार है। प्रमोशन के दौरान 40 वर्षीय मोना ने पर्दे पर 50 और 60 साल की उम्र के किरदार पर बात की। साथ ही सिनेमा जगत में महिलाओं को 'एक्सपायरी डेट' दिए जाने पर प्रतिक्रिया दी। एक बातचीत में अभिनेत्री बोलीं, मुझे पर्दे पर अपनी उम्र की परवाह नहीं। सच में नहीं, क्योंकि मैं बहुत आत्मविश्वासी हूं और मैं जानती हूं कि मैं कौन हूं। मुझे कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है, इसीलिए मैं जोखिम लेती रहती हूं। लोग हमेशा मुझसे पूछते हैं, 'आप पर्दे पर इतनी उम्रदराज क्यों दिखती हैं?'



## फरहान ने 'डॉन-3' को डाला ठंडे बस्ते में

**मुंबई।** फरहान अख्तर की 'डॉन 3' का इंतजार लंबे समय से किया जा रहा है। रणवीर सिंह के अचानक पीछे हटने के बाद फिल्म फिर ठंडे बस्ते में जाती दिख रही है। बीच में खबर थी कि फिल्म के लिए ऋतिक रोशन और शाहरुख खान से बातचीत चल रही है, लेकिन अब चर्चा है कि फरहान इससे ध्यान हटाकर अपनी दूसरी परियोजना पर काम शुरू करना चाहते हैं। वह अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जी ले जरा' पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, फरहान को लगता है कि 'डॉन 3' की कास्टिंग होना जरूरी है, लेकिन वह आश्वत होना चाहते हैं कि इस भूमिका को कौन निभाएगा। यह एक लंबी प्रक्रिया होगी। रिपोर्ट में बताया गया है कि अभिनेता फिलहाल अपने ड्रीम प्रोजेक्ट 'जी ले जरा' को पटरी पर लाना चाहते हैं।

## टीवी मसाला



### स्टार प्लस पर नए शो 'मिस्टर एंड मिसेज परशुराम' की घोषणा

**मुंबई।** स्टार प्लस के नये शो 'मिस्टर एंड मिसेज परशुराम' का प्रीमियर तीन फरवरी को रात 8:30 बजे पर होने जा रहा है। स्टार प्लस अपने प्राइम टाइम फिक्शन स्लॉट में एक नया शो जोड़ने जा रहा है। 'मिस्टर एंड मिसेज परशुराम' एक फैमिली ड्रामा है, जिसमें सस्पेंस और थ्रिल का जबरदस्त ट्विस्ट देखने को मिलेगा। चैनल ने इसका नया प्रोमो रिलीज़ किया है, जो दिखाता है कि बाहर से बिल्कुल आम लगने वाली पति-पत्नी की ज़िंदगी के पीछे एक बड़ा राज छुपा हुआ है। रोज़मर्रा की बातें, रिश्तों की उलझनें और साथ ही एक सीक्रेट लाइफ, यही इस शो को खास बनाती है और दर्शकों को कुछ नया देखने का एक्साइटमेंट देती है। नील भट्ट और शांभवी सिंह की लीड जोड़ी वाला 'मिस्टर एंड मिसेज परशुराम' दर्शकों को शिवप्रसाद और शालिनी से मिलवाता है, जो अपने दो बच्चों एक बेटी और एक बेटे के साथ एक आम-सी ज़िंदगी जीते नज़र आते हैं। बाहर की दुनिया के लिए शिवप्रसाद एक सादा, ज़मीन से जुड़ा इंसान है, जो अपने परिवार से प्यार करता है और छोटी-सी, सुकून भरी लाइफ में खुश है। लेकिन इस सीधी-सादी छवि के पीछे एक चौंकाने वाला सच छुपा है, जो कहानी को पूरी तरह अलग मोड़ देता है। शो में नील भट्ट ड्यूल रोल में नज़र आएंगे। एक तरफ़ वे हैं शिवप्रसाद एक प्यार करने वाले पति और जिम्मेदार पिता, जो अपने परिवार के लिए हर वक्त खड़ा रहता है। वहीं दूसरी तरफ़ है परशुराम एक ट्रेंड स्पाई, जिसकी ज़िंदगी घर-गृहस्थी से बिल्कुल अलग, खतरे और सीक्रेसी से भरी हुई है। शिवप्रसाद की सबसे बड़ी चुनौती सिर्फ़ दो ज़िंदगियां जीना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि ये दोनों दुनिया कभी टकराएं नहीं। एक ओर देश के लिए मिशन, दूसरी ओर परिवार की ज़िम्मेदारी और इसी बैलेंस में छुपा है शो का असली सस्पेंस।

### 'द 50' का प्रोमो जारी, आपस में भिड़े प्रतियोगी

**मुंबई।** कलर्स टीवी और जियोहॉटस्टार नया रियलिटी शो 'द 50' ला रहा है जिसका क्रेज लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। शो में 50 मशहूर हस्तियां हिस्सा ले रही हैं जिनके नाम तो पहले ही आए गए थे। नए प्रोमो में उन्हें 'लॉयन' के घर में प्रवेश करते दिखाया गया। 50 दिन चलने वाले इस शो में प्रतियोंगियों को मानसिक और शारीरिक चुनौतियों का सामना करना होगा। प्रोमो में पहले ही दिन सितारों को आपस में झगड़ते देखा गया है। प्रोमो में 'लॉयन' के आलीशान महल को दिखाया गया है जहां सभी 50 प्रतियोगियों को रहते हुए गेम खेलना होगा। यह शो पूरे 50 दिन चलेगा। प्रतियोगी 50 लाख रुपये के लिए खेलेंगे। ट्विस्ट ये है कि प्राइज की रकम सितारों को नहीं, बल्कि किसी एक प्रशंसक को मिलेगी। इस नियम के चलते प्रतियोगी मेकर्स पर चीटिंग का आरोप लगाते हैं। इसके अलावा, प्रोमो में करण पटेल, प्रिंस नरुला और फैसल शेख गेम के दौरान आपस में भिड़ते नजर आए।



## दिलजीत-इम्तियाज की जोड़ी तैयार आ गई फिल्म की रिलीज तारीख

**मुंबई।** निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' ने लोगों का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। इसमें दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा मुख्य किरदार में थे। पिछले



साल निर्देशक ने दिलजीत के साथ अपनी दूसरी फिल्म का ऐलान किया था जिसपर बड़ा अपडेट आया है। निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज तारीख का ऐलान किया है, जिसने लोगों को उत्साहित कर दिया। हालांकि अभिनेता-निर्देशक की जोड़ी ने इस फिल्म का शीर्षक अभी तय नहीं किया है।

***इस तरीख को रिलीज होगी फिल्म*** : बिना शीर्षक वाली इस फिल्म का निर्माण अप्लॉज एंटरटेनमेंट, विंडो सीट फिल्म्स और इम्तियाज ने मिलकर किया है, जो प्यार और तड़प की एक मनमोहक कहानी होने का दावा करती है। निर्माताओं ने शूटिंग अगस्त, 2025 में शुरू कर दी थी और इसे अप्रैल, 2026 में रिलीज करने की योजना थी, लेकिन अब इसकी रिलीज तारीख में फेर-बदल कर दिया गया है। दिलजीत की फिल्म फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है और 12 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### *दिलजीत के साथ नजर आएंगे ये सितारे*

*पहली बार होगा जब फिल्म में दिलजीत के साथ शरवरी की ऑनस्क्रीन जोड़ी दिखाई देगी। वेदांग रैना और दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह भी इसका हिस्सा होंगे। चर्चा है कि कहानी भारत-पाकिस्तान बंटवारे के दौर पर आधारित होगी लेकिन स्पष्ट आधिकारिक ऐलान के बाद होगा। इसके अलावा फिल्म में इम्तियाज, एआर रहमान और इरशाद कामिल की जादुई तिकड़ी दोबारा काम कर रही है, जो पहले 'रॉकस्टार' और 'तमाशा' जैसी फिल्मों में तहलका मचा चुकी है।*

## अरिजीत सिंह से पहले इन सितारों ने लिया संन्यास, एक तो बनीं साध्वी

*मुंबई। अरिजीत सिंह ने गायिकी से संन्यास लेकर फैंस को तगड़ा झटका दिया है। उनके इस फैसले की कई वजहें मानी जा रही हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा है कि वह निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। इसके अलावा, उनके राजनीति में उतरने की खबरें भी ध्यान खींच रही हैं। खैर, अरिजीत ने सिर्फ गायिकी से संन्यास लिया है, लेकिन कई ऐसे सितारे हैं जिन्होंने समय से पहले अपने फिल्मी करियर से संन्यास ले डाला।*





### 'असिन थोट्टुमकाल' और 'ट्विंकल खन्ना'

'गजनी' और 'रेड्डी' जैसी फिल्मों से लोकप्रियता हासिल करने वालीं अभिनेत्री असिन थोट्टुमकाल ने कम उम्र में अभिनय की दुनिया को अलविदा कह दिया था। साल 2016 में उन्होंने यह फैसला तब लिया, जब उन्होंने व्यवसायी राहुल शर्मा से शादी की थी। अक्षय खन्ना की पत्नी ट्विंकल खन्ना ने 1995 में फिल्म 'बरसात' से डेब्यू किया था। उन्होंने अपने करियर में अधिकतर फ्लॉप फिल्में दी थीं। यही कारण था कि उन्होंने जल्द ही अभिनय से संन्यास ले लिया।

### 'जायरा वसीम' और 'रिमी सेन'

'दंगल' से डेब्यू करने वालीं जायरा वसीम ने महज 18 साल की उम्र में सिनेमा से संन्यास ले लिया था। उन्हें 'सीक्रेट सुपरस्टार' और 'स्काई इज पिंक' जैसी फिल्मों में देखा गया, लेकिन बाद में जायरा ने अपने धर्म के चलते शोबिज से दूरी बना ली। 2000 के दशक की मशहूर अभिनेत्री रिमी सेन भी अभिनय से संन्यास ले चुकी हैं। उन्होंने अपने करियर में बेहतरीन फिल्में कीं लेकिन अब वह दुबई में रहकर रियल एस्टेट एजेंट बन चुकी हैं।

### 'ममता कुलकर्णी' और 'विनोद खन्ना'

90 के दशक की मशहूर अदाकारा ममता कुलकर्णी कई हिट फिल्में देकर अचानक बॉलीवुड से गायब हो गई थीं। कई साल बाद वह साध्वी बनने को लेकर चर्चा में आईं। 2025 के महाकुंभ में उन्होंने पूरी तरह से साध्वी के जीवन को अपना लिया था। दिवंगत अभिनेता विनोद खन्ना भी इस सूची में शामिल हैं। उन्होंने 1982 में करियर के पीक पर बॉलीवुड से संन्यास लेकर फैंस को चौंका दिया था। वह आध्यात्मिक गुरु ओशो के अनुयायी बन गए थे।

## आईएमडीबी पर भी सबसे ज्यादा रेटिंग के साथ दर्शकों और समीक्षकों की बनी पहली पसंद

# 'श्रीमंथुडू' सबसे सफल फिल्म, रेटिंग व कमाई में नंबर वन



***मुंबई।*** *अभिनेत्री और गायिका श्रुति हासन 39 साल की हो गई हैं। कमल हासन की विरासत को अपनी मेहनत और प्रतिभा से आगे बढ़ाने वाली श्रुति ने न केवल दक्षिण भारतीय फिल्मों में, बल्कि बॉलीवुड में भी अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज हम आपको बताएंगे उनकी उस फिल्म के बारे में, जो न केवल बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही, बल्कि आईएमडीबी पर भी सबसे ज्यादा रेटिंग के साथ दर्शकों और समीक्षकों की पहली पसंद बनी हुई है।*

### 'श्रीमंथुडू' ने दिलाई सबसे बड़ी कामयाबी

श्रुति ने अपने करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन साल 2015 में आई 'श्रीमंथुडू' ने उन्हें लोकप्रियता के शिखर पर पहुँचा दिया।कोरतल्ला शिवा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में श्रुति ने न केवल अपनी खूबसूरती, बल्कि अपने संजीदा अभिनय से भी लोगों को प्रभावित किया। इस फिल्म को आईएमडीबी पर 7.5 रेटिंग मिली है, जो किसी भी कमर्शियल मसाला फिल्म के लिए बहुत प्रभावशाली मानी जाती है। इतनी रेटिंग श्रुति की किसी भी फिल्म को नहीं मिली है।



### 'चारुसीला' बनकर छाईं श्रुति

फिल्म में श्रुति द्वारा निभाए गए 'चारुसीला' के किरदार को काफी सराहा गया। समीक्षकों ने महेश बाबू के साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को फिल्म की जान बताया। गांव को गोद लेने और अपनी जड़ों से जुड़ने की इस भावनात्मक एक्शन ड्रामा फिल्म ने दर्शकों के दिलों को छू लिया। इसने श्रुति को वो मुकाम दिया, जहां से उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। फिल्म में उन्होंने एक ऐसी लड़की की भूमिका निभाई, जो स्वतंत्र, शिक्षित और मजबूत विचारों वाली है।

### 60 करोड़ के बजट में कमाए 200 करोड़

'श्रीमंथुडू' 2015 की सबसे कमाऊ फिल्मों में से एक थी। इसने दुनियाभर में 200 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की थी। उस समय के हिसाब से ये एक अविश्वसनीय आंकड़ा था। जिस दौर में 'बाहुबली: द बिगिनिंग' ने पूरे भारत में तहलका मचा रखा था, उसी साल रिलीज हुई 'श्रीमंथुडू' ने अपना अलग मुकाम बनाया। ये 'बाहुबली' के बाद तेलुगू सिनेमा के इतिहास की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई थी। फिल्म का बजट 60 करोड़ था।

### श्रुति की आने वाली फिल्में

नंदी पुरस्कार से लेकर फिल्मफेयर पुरस्कार तक जीतने वाली इस फिल्म ने श्रुति की फिल्मावली में चार चांद लगा दिए थे। श्रुति की आने वाली फिल्मों की बात करें तो प्रभास के साथ 'सालार' की सफलता के बाद श्रुति अब इसके दूसरे भाग 'सालार: पार्ट 2 - शौर्यांग पर्व' में अपनी भूमिका को आगे बढ़ाएंगी। उनके पास थ्रिलर फिल्म 'ट्रेन' भी है, जिसमें उनके साथ अभिनेता विजय सेतुपति नजर आएंगे। इस फिल्म की कहानी ट्रेन यात्रा के इर्द-गिर्द घूमती है।

# पांचवां टी20 : सैमसन की फॉर्म में वापसी और अक्षर की फिटनेस पर होगी नजर

## भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज शाम 7 बजे से मुकाबला

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

खिताब का प्रबल दावेदार भारत टी20 विश्व कप से पहले शनिवार को जब न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलने के लिए उतरेगा तो उसे उम्मीद रहेगी कि संजू सैमसन अपने घरेलू दर्शकों के सामने फॉर्म में वापसी करने और अक्षर पटेल फिटनेस हासिल करने में सफल रहेंगे।

विशाखापत्तनम में खेले गए चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत ने प्रयोग करते हुए पांच मुख्य गेंदबाजों को ही खिलाया तथा ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे से गेंदबाजी नहीं करवाई। भारत यह मैच हार गया था लेकिन इससे श्रृंखला के परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि भारतीय टीम पहले ही इसे अपने नाम कर चुकी थी।

### ईशान के रूप में सैमसन का मजबूत विकल्प

ईशान किशन के रूप में भारतीय टीम के पास सैमसन का मजबूत विकल्प मौजूद है। उन्होंने इस श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन इस विकेटकीपर बल्लेबाज को अज्ञात चोट के कारण पिछले मैच से बाहर बैठना पड़ा था। ऑलराउंडर अक्षर भी नागपुर में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उंगली में चोट लगने के बाद से नहीं खेले हैं। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने विशाखापत्तनम में खेले गए चौथे मैच से पहले नेट पर गेंदबाजी की थी।



### न्यूजीलैंड टीम में तेज गेंदबाज फर्ग्यूसन शामिल

न्यूजीलैंड की टीम हालांकि गेंदबाजी में सुधार की उम्मीद कर रही होगी। उसके प्रमुख तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन टीम में शामिल है लेकिन वह अंतिम एकादश में जगह बना पाते हैं या नहीं, यह उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा।

### भारत कर सकता है गेंदबाजी में फेरबदल

जैसा कि श्रृंखला के पिछले मैचों में देखा गया, भारत अपने गेंदबाजी विभाग में एक बार फिर फेरबदल कर सकता है। भारतीय टीम प्रबंधन पिछले दो मैचों में आराम देने के बाद मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को मौका दे सकता है। बल्लेबाजी विभाग में शायद ज्यादा बदलाव न हों, लेकिन टीम प्रबंधन सैमसन पर नजर रखेगा। अपनी निर्भीक बल्लेबाजी के लिए मशहूर सैमसन इस श्रृंखला में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उनकी फॉर्म के बजाय उनकी तकनीकी कमजोरी चिंता का विषय है, जिससे उनका आत्मविश्वास भी डगमगा गया है। वह सात फरवरी से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे। सैमसन अब अपनी गृह नगर में खेलेंगे और यहां के अपने समर्थकों के सामने शायद वह अपनी खोई हुई लय को फिर से प्राप्त कर लें।

### टीमें इस प्रकार

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उप-कप्तान), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, ईशान किशन (विकेटकीपर), रवि बिश्नोई।

**न्यूजीलैंडः** मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रैसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), जैकब डफी, जैक फाक्स, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, ईश सोढ़ी, लॉकी फर्ग्यूसन।

## खबर संक्षेप



### स्क्वाश : क्वार्टर फाइनल में चोटरानी और अनाहत

**नई दिल्ली।** भारत के वीर चोटरानी ने पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में फ्रांस के विश्व में 19वें नंबर के खिलाड़ी बैपटिस्ट मासोटी को हराकर वाशिंगटन में चल रहे स्क्वाश ऑन फायर ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन उनके हमवतन वेलवन सेंथिलकुमार मैक्सिको के दूसरी वरीयता प्राप्त लियोनेल कार्डेनास से हार गए। विश्व में 49वें नंबर के खिलाड़ी चोटरानी ने चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी खिलाड़ी को 11-6, 7-11, 8-11, 11-1, 11-9 से हराया। इस पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला इंग्लैंड के छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डेक्लान जेम्स से होगा। महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह ने दूसरे दौर में दक्षिण अफ्रीका की हेले वार्ड को 11-5, 11-8, 12-14, 11-5 से हराया। वह क्वार्टर फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त सना इब्राहिम से भिड़ेंगी।

### भुवनेश्वर में आज से अस्मिता रग्बी लीग



**भुवनेश्वर।** भारत के 24 टीमों के 300 से अधिक खिलाड़ी शनिवार से शुरू होने वाली दो दिवसीय अस्मिता रग्बी महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगे। यह टूर्नामेंट भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की 'अस्मिता' पहल के तहत आयोजित किया जा रहा है, जो महिला खेलों के लिए 'खेलो इंडिया' योजना का एक प्रमुख कार्यक्रम है। भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ, ओडिशा सरकार के खेल एवं युवा सेवा विभाग (डीएसवाईएस) और ओडिशा रग्बी फुटबॉल संघ के सहयोग से इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। इसका लक्ष्य भारत में महिला रग्बी को बढ़ावा देना है। साइ ने कहा कि इस प्रतियोगिता में कुल मिलाकर 24 टीमें भाग लेंगी, जिनमें 336 खिलाड़ी और टीम अधिकारी शामिल हैं। इससे यह देश में आयोजित होने वाले सबसे बड़ा महिला रग्बी टूर्नामेंट में से एक बन गया है।

### अभिषेक को दबाव में रखना हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण

**तिरुवनंतपुरम।** अभिषेक शर्मा भले ही दुनिया भर के गेंदबाजों के लिए बुरे सपने की तरह हों, लेकिन न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी के पास इस भारतीय सलामी बल्लेबाज के लिए एक सरल रणनीति है, लगातार सटीक गेंदबाजी करके उन्हें दबाव में रखना।



विशाखापत्तनम में चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हेनरी ने अभिषेक को गोल्डन डक (पहली गेंद पर आउट) कर दिया था, जिससे कीवी टीम को यह मैच 50 रन से जीतने में मदद मिली थी। हेनरी ने कहा, 'पिछले दो वर्षों से वह शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बल्कि आईपीएल में भी गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना कर रहे हैं।

ऑस्ट्रेलियन ओपनः चारों ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने कार्लोस

# अल्काराज ने पहली बार फाइनल में बनाई जगह, 5 सेटों में एलेक्जेंडर को हराया

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाई।

इस तरह से 22 साल के अल्काराज चारों ग्रैंड स्लैम पर प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। अब उनका लक्ष्य करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनना होगा। अल्काराज को पांव में ऐंठन और खिंचाव के कारण पिछले साल के उपविजेता ज्वेरेव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन आखिर में वह पांच घंटे 27 मिनट में 6-4, 7-6 (5), 6-7 (3), 6-7 (4), 7-5 से जीत हासिल करने में सफल रहे।




### फाइनल में मुकाबला जोकोविच से

स्पेन के खिलाड़ी अल्काराज ने अच्छी शुरुआत की लेकिन पहले दो सेट जीतने के बाद वह अगले दो सेट में टाइब्रेकर में हार गए। ज्वेरेव पांचवें और निर्णायक सेट में एक समय मैच के लिए सर्विस कर रहे थे लेकिन अल्काराज ने ब्रेक प्वाइंट लेकर वापसी की और फिर इसके बाद जर्मनी के अपने प्रतिद्वंद्वी को मौका नहीं दिया। अल्काराज का फाइनल में मुकाबला 10 बार के ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता नोवाक जोकोविच से होगा, जो 25वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं।

### तीसरे सेट में लंगड़ाने लगे अल्काराज

अल्काराज ने जिस तरह से शुरुआत की थी उससे लग रहा था कि वह आसानी से जीत हासिल कर लेंगे लेकिन तीसरे सेट के नौवें गेम में वह लंगड़ाने लगे और ऐसा लग रहा था कि उन्हें दाहिने पैर के ऊपरी हिस्से में कोई समस्या है। जब अपने प्रतिद्वंद्वी को इलाज के लिए तीन मिनट का ब्रेक दिया गया, तो ज्वेरेव स्पष्ट रूप से परेशान दिखे। तब तीसरी वरीयता प्राप्त यह खिलाड़ी टूर्नामेंट के एक अधिकारी से बात कर रहा था। अल्काराज ने इसके बाद 6-5 से बढ़त बना दी, जिसके बाद उन्हें फिर से अपने पांव की मालिश करवानी पड़ी। ज्वेरेव हालांकि इस सेट को टाइब्रेकर तक खींचने में सफल रहे, जिसमें उन्होंने जीत दर्ज की।

### दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला

चौथे सेट में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला लेकिन ज्वेरेव टाइब्रेकर में फिर से कामयाब रहे और इस तरह से उन्होंने मैच को बराबरी पर ला दिया। चार घंटे से अधिक का समय बीतने के बाद मैच पांचवें सेट में पहुंचा। अल्काराज ने पांचवें सेट के पहले गेम में अपनी सर्विस गंवा दी। इस सेट के छठे गेम में रोमांच तब चरम पर पहुंच गया जब अल्काराज ने ड्रॉप शॉट को लेने के लिए दौड़ लगाई और पूरी गति से स्लाइड करते हुए फोरहैंड विनर शॉट लगाया। इससे दर्शक खुशी से झूम उठे। अल्काराज ने आखिर में पांचवें सेट में 5-4 पर ज्वेरेव की सर्विस तोड़ी और फिर पहले मैच प्वाइंट को भुनाकर फाइनल में प्रवेश किया।

रणजी ट्रॉफी

## दिल्ली पर मुंबई का पलड़ा भारी सिद्धेश ने लगाया पांचवां शतक



एजेंसी ▶▶| मुंबई

संकटमोचक सिद्धेश लाड के सत्र के पांचवें शतक की मदद से मुंबई ने दिल्ली के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के आखिरी लीग मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को पहली पारी में बढ़त बना ली। तैंतीस वर्ष के लाड ने 178 गेंद में 12 चौकों की मदद से नाबाद 102 रन बनाए।

यह रणजी ट्रॉफी में उनका लगातार चौथा शतक है, जिसकी मदद से मुंबई ने पांच विकेट पर 266 रन बना लिए हैं। लाड ने सुवेद पारकर (नाबाद 53) के साथ छठे विकेट की अटूट साझेदारी में 130 रन जोड़ लिए हैं। इससे पहले दिल्ली ने पहली पारी में 221 रन बनाए थे। लाड ने मुंबई के लिए रणजी के एक सत्र में कम से कम पांच शतक लगाने वाले सचिन तेंदुलकर और रूसी मोदी की बराबरी की । सरफराज खान 24 रन पर आउट हो गए जबकि उनके भाई मुशीर ने 57 रन बनाए । मुंबई के पांच विकेट 136 रन पर गिर गए थे, जिसके बाद लाड और पारकर ने पारी को संभाला।

### हैदराबाद ने छत्तीसगढ के खिलाफ बनाई बढ़त

एक अन्य मैच में हैदराबाद ने छत्तीसगढ के खिलाफ चार विकेट पर 415 रन बनाकर 132 रन की बढत ले ली । अभिरथ रेड्डी (121) और हिमातेजा कोडिमेला (नाबाद 125) ने शतक लगाए जबकि अमन राव ने 52 और प्रज्ञनय रेड्डी ने नाबाद 52 रन की पारी खेली। वहीं पुडुच्चेरी ने सलामी बल्लेबाज नयन कंगायन (120) और अमन खान (118) के शतकों की मदद से 349 रन बनाकर राजस्थान पर पहली पारी में 181 रन की बढत ले ली। राजस्थान ने 168 रन बनाए थे। दूसरी पारी में राजस्थान ने दो विकेट पर 77 रन बना लिए हैं। नादौन में जम्मू कश्मीर ने हिमाचल प्रदेश पर पहली पारी में 219 रन की बढत कर ली है। हिमाचल को 168 रन पर आउट करने के बाद जम्मू कश्मीर ने पांच विकेट पर 387 रन बना लिए हैं। शुभम पुंडीर ने 165 रन का योगदान दिया।

टाटा स्टील मास्टर्स

## डी गुकेश 11वें दौर में करेंगे हमवतन चिदंबरम का सामना



एजेंसी ▶▶| विज्क आन जी

विश्व चैंपियन डी गुकेश तुर्की के यागिज कान एर्दोगमस पर जीत के बाद टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में हमवतन अरविंद चिदंबरम का सामना करेंगे। साल के पहले सुपर टूर्नामेंट में अब केवल तीन दौर का खेल बाकी हैं।

दस दौर का खेल होने के बाद उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव 6.5 अंकों के साथ आगे चल रहे हैं। उनके साथी खिलाड़ी जावोखिर सिंदारोव, जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम और स्थानीय स्टार जॉर्डन वैन फोरस्ट उनसे आधे अंक पीछे हैं। अमेरिका के हंस मोके नीमन और एर्दोगमस 5.5 अंकों के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश, जर्मनी के विंसेंट कीमर और स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव के पांच-पांच अंक हैं।

### एरिगैसी से आगे प्रज्ञाननंदा

भारत के आर प्रज्ञाननंदा और अनीश गिरी 4.5 अंकों के साथ अर्जुन एरिगैसी से आधे अंक आगे हैं। अरविंद 3.5 अंकों के साथ चेक ग्रैंडमास्टर थाई दाई वान गुयेन से आधे अंक आगे हैं। विश्व चैंपियन बनने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी गुकेश 12वें दौर में नीमन और अंतिम दौर में कीमर से भिड़ेंगे। इस साल के अंत में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले भारत के एकमात्र खिलाड़ी प्रज्ञाननंदा ने शुरुआती दो मैचों में हार के बाद अभी तक अपनी लय हासिल नहीं की है।



उनका अगला मुकाबला कीमर से होगा। एरिगैसी और चिदंबरम का प्रदर्शन इस टूर्नामेंट में निराशाजनक रहा है और उन्हें सम्मानजनक स्थिति में पहुंचने के लिए बाकी बचे तीनों मुकाबले जीतने होंगे।

## टेनिस टूर्नामेंट : गाडेकी-पीयर्स ने लगातार दूसरे साल जीता मिश्रित युगल का खिताब

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ओलिविया गाडेकी और जॉन पीयर्स 1989 के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार दूसरे साल मिश्रित युगल का खिताब जीतने वाली पहली जोड़ी बन गई है। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली गाडेकी और पीयर्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने फाइनल में क्रिस्टीना म्लाडेनोविक और मैनुअल गिनार्ड की फ्रांसीसी जोड़ी को 4-6, 6-3, 10-8 से हराया।

फाइनल सेट के टाईब्रेकर में गाडेकी और पीयर्स की जोड़ी 7-5 से पिछड़ गई, लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की और 9-7 की बढ़त बना ली। मैच प्वाइंट पर गिनार्ड ने बैकहैंड शॉट नेट में मार दिया, जिससे रॉड लेवर एरिना में ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी अपना खिताब बचाने में सफल रही। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में इससे पहले जिम पुघ और याना नोवोत्ना ने 1988 और 1989 में लगातार खिताब जीते थे।




### देविका थाईलैंड मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचीं

**बैंकॉक।** भारत की देविका सिहाग ने थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में घरेलू प्रबल दावेदार और शीर्ष वरीय सुपानिडा काटेथोंग को सीधे गेम में हराकर बड़ा उलटफेर करते हुए महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारत की 20 वर्षीय गैर वरीय खिलाड़ी ने संयम से खेलते हुए 40 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में सुपानिडा पर 21-19, 21-18 की जीत हासिल की। देविका ने पिछले साल मलेशिया इंटरनेशनल में पहला बीडब्ल्यूएफ अंतरराष्ट्रीय चैलेंज खिताब जीता था। विश्व रैंकिंग में 63वें नंबर की खिलाड़ी देविका अब अगले दौर में चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त ह्वांग यू-सुन से भिड़ेंगी। देविका ने अगस्त 2025 में मलेशिया इंटरनेशनल के फाइनल में हमवतन इशारानी बरुआ को हराया था। वह उस भारतीय मिश्रित टीम का भी हिस्सा थीं जिसने 2025 विश्व विश्वविद्यालय खेलों में कांस्य पदक जीता था। पिछले सत्र में देविका इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 100 की उप विजेता रहीं और 2024 में चार फाइनल में पहुंचीं।

डीकॉक ने अपने 100वें टी20 मैच में लगाया शतक

# दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज से जीती सीरीज

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

क्विंटन डीकॉक ने अपने 100वें टी20 मैच में शतक जड़ा, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल की।

वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर चार विकेट पर 221 रन बनाए। उसकी तरफ से शिमरोन हेटमायर (77) और ब्रेंडन किंग (49) ने दूसरे विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी की जबकि शेरफेन रदरफोर्ड ने 24 गेंद पर नाबाद 57 रन की तूफानी पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका ने हालांकि डीकॉक की 49 गेंदों में 115 रन की मदद से 17.3 ओवर तीन विकेट पर 225 रन बनाकर 15 गेंद शेष रहते ही जीत हासिल कर ली।



### डीकॉक ने लगाए 10 छक्के

डीकॉक ने डेवाल्ड ब्रेविस से उधार लिए बल्ले से खेलते हुए अपनी पारी में छह चौके और 10 छक्के लगाए। यह उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। रयान रिकेल्टन ने भी अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। उन्होंने 36 गेंदों में 77 रन की पारी खेली, जिसमें नौ चौके और तीन छक्के शामिल हैं।

### रिकेल्टन के साथ 162 रन की साझेदारी

कप्तान एडन मार्क्रम (15) के जल्दी आउट हो जाने के बाद डीकॉक और रिकेल्टन ने दूसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी की। श्रृंखला का तीसरा मैच शनिवार को खेला जाएगा, जिसके बाद दोनों टीमें अगले सप्ताह भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए रवाना होंगी।




## हाईकोर्ट ने 14 साल से लंबित पेंशन मामले में बरती सख्ती

लिपिकीय त्रुटि से दोहरे प्राविडेंट फंड खाते से जुड़ा प्रकरण

# सीएमपीएफ आयुक्त कोर्ट में हाजिर हों अन्यथा जारी होगा गिरफ्तारी

**हरिभूमि जबलपुर।**

मप्र हाईकोर्ट ने कोल माइंस प्राविडेंट फंड (सीएमपीएफ) के क्षेत्रीय आयुक्त, जबलपुर को 11 फरवरी को हाजिर होने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने कहा कि यदि वे हाजिर नहीं हुए तो उनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया जाएगा । मामला एक सेवानिवृत्त कर्मचारी के परिवार से जुड़ा है, जो 14 साल से लंबित पेंशन मामले का दंश भोग रहा है। प्रकरण मूलतः लिपिकीय त्रुटि से दोहरे प्राविडेंट फंड खाते से जुड़ा है। याचिकाकर्ता शहडोल जिला अंतर्गत धनपुरी निवासी 57 वर्षीय विमला बाई की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिका मूल रूप से विमला बाई के पति स्व. संपत द्वारा दायर की गई थी, जिनका निधन मुकदमे की लंबी अवधि के दौरान हो गया था। विमला बाई अब उनकी कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में मामला लड़ रही हैं। याचिका के अनुसार मृतक संपत ने वर्ष 1972 को साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) में शहडोल जिले के धनपुरी खदान में स्वीपर के पद पर नियुक्ति पाई थी और वर्ष 2012 को 40 वर्ष से अधिक सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए थे। किन्तु याचिकाकर्ता को वर्ष 1972 से 1981 के दौरान का प्रोविडेंट फंड, ग्रेच्युटी और अन्य लाभ नहीं दिए गए। मामले का मूल कारण साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की एक लिपिकीय त्रुटि बताई गई है। कर्मचारी संपत के लिए गलती से दो सीएमपीएफ खाते (1972 और 1981) खोल दिए गए। 1981 वाले खाते को मुख्य मान लिए जाने के कारण 1974 से 1981 तक के उनके सीएमपीएफ अंशदान योगदान की गणना नहीं की गई।



### 2022 का वह आदेश, जिसका नहीं हुआ पालन

इस मामले में 23 फरवरी, 2022 को भी हाई कोर्ट में एक महत्वपूर्ण सुनवाई हुई थी। उस समय सीएमपीएफ ने कोर्ट को बताया था कि उनका जवाब तो 2013 में ही दाखिल हो गया था, जबकि अन्य पक्षों (एसईसीएल आदि) के 2019 में जवाब दाखिल करने के बाद ही उन्हें पता चला कि याचिकाकर्ता के दो पीएफ खाते हैं। मार्च 1974 से मार्च 1981 की अवधि के दौरान कटने वाला सीएमपीएफ अंशदान, जो मूल खाता संख्या से संबद्ध था, अद्यतन नहीं हो सका। इस कारण इसी त्रुटि के कारण 1972 से 1982 की अवधि के लाभ का भुगतान नहीं हो पाया था। याचिकाकर्ता के अनुसार इस त्रुटि के कारण न केवल भविष्य निधि का पूर्ण भुगतान बाधित हुआ, बल्कि पेंशन की गणना भी अधूरी रह गई, जिससे याचिकाकर्ता को भारी आर्थिक क्षति हुई। तब कोर्ट ने सीएमपीएफ को चार सप्ताह का समय देते हुए आदेश दिया था कि वह याचिकाकर्ता को बकाया लाभ का भुगतान करे और यह दर्शाता हलफनामा दाखिल करे। हाई कोर्ट ने ताजा सुनवाई में पाया कि 2022 का आदेश आज तक पूरी तरह लागू नहीं हुआ है।

## सुअरमार बम से हमला करने पर 10 वर्ष का कारावास

**जबलपुर।** जिला अदालत ने सुअरमार बम से हमला करने के आरोपी खाई मोहल्ला, हनुमानताल निवासी अभिलाष मराठा का दोष सिद्ध पाया।अपर सत्र न्यायाधीश प्रीतिशिखा अग्निहोत्री की अदालत ने इसी के साथ आरोपी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही छह हजार रुपये जुर्माना लगाया। इस मामले में बनाए गए तीन आरोपी नितिन वानखेड़े, जैकी मराठा और शेखर मराठा फरार है। वहीं,कोर्ट ने आरोपियों पंकज राव, धीरज और अनिल मराठा को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक अरविंद जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 21 अक्टूबर, 2017 को दोपहर तीन बजे सब्जी का ठेला लगाने वाले कोमल सोनकर के ऊपर सुअरमार बम और पिस्टल से हमला किया गया है। हमलावरों की कोशिश जान से मारने की थी। कोमल घिसटकर कमरे के भीतर भाग गया, इस वजह से जान बच गई।

## हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री के वारिसों की याचिका निरस्त की

# अपंजीकृत और अपर्याप्त स्टाम्प पर बनी सेल डीड के आधार पर नहीं मिलता जमीन का स्वामित्व

**हरिरभूमि जबलपुर।**

मप्र हाईकोर्ट ने 30 जुलाई 1967 से 12 मार्च 1969 तक मध्य प्रदेश के पांचवे मुख्यमंत्री रहे गोविन्द नारायण सिंह द्वारा अपने ही बेटे शिव बहादुर सिंह को बेची गई सतना की 11.57 एकड़ जमीन के स्वामित्व को संदेहास्पद पाया। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने अपने आदेश में कहा कि गोविन्द नारायण सिंह ने अपंजीकृत और अपर्याप्त स्टाम्प पर बनी सेल डीड के आधार पर विवादित जमीन बेची थी। ऐसे दस्तावेजों के आधार पर न तो जमीन का स्वामित्व मिलता है और ना ही अस्थाई निषेधाज्ञा। हाई कोर्ट ने अधीनस्थ अपीलीय अदालत के उस आदेश को उचित निरूपित किया, जिसमें ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गई अस्थायी रोक को निरस्त कर दिया गया था। इसके साथ ही कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री के वारिसों की ओर से दायर याचिका निरस्त कर दी।



याचिकाकर्ता अंबिकापुर, छत्तीसगढ, निवासी नर्मदेश्वर प्रताप सिंह, रामेश्वर प्रताप सिंह और सतना निवासी माधवी सिंह की ओर से याचिका दायर की गई।दलील दी गई कि उनके पिता शिव बहादुर सिंह ने वर्ष 1992 में अपने पिता गोविन्द नारायण सिंह से अपंजीकृत सेल डीड के जरिए 11.57 एकड़ भूमि खरीदी थी। वह भूमि वर्षों से उनके कब्जे में है। इसी आधार पर स्थायी निषेधाज्ञा चाही गई। अधीनस्थ अदालत ने पांच फरवरी, 2025 को उनके पक्ष में अस्थायी निषेधाज्ञा दे दी थी। विवादित जमीन के असली मालिक सेठ मनोहर लाल थे। मनोहर लाल की कथित पावर आफ अटार्नी के आधार पर पूर्व मुख्यमंत्री गोविन्द नारायण सिंह ने 11.57 एकड़ जमीन अपने बेटे शिव बहादुर सिंह को आठ दिसंबर, 1992 को बेची थी। वर्ष 1998 में जमीन का नामांतरण भी हुआ। ट्रायल कोर्ट द्वारा पांच फरवरी, 2025 को पूर्व मुख्यमंत्री के वारिसों को दी गई अस्थाई निषेधाज्ञा के विरुद्ध सेठ मनोहर लाल के वारिसों ने जिला अदालत में अपील दायर की। जिला अदालत ने 13 अक्टूबर, 2025 को ट्रायल कोर्ट का आदेश निरस्त करके अस्थाई निषेधज्ञा हटा दी थी। इस पर यह मामले पूर्व मुख्यमंत्री गोविन्द नारायण सिंह के वारिसों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

मार्निंग वॉक पर निकले थे, क्षेत्र में हड़कंप

# नाले में मिला सेवानिवृत्त एसआई का शव

**जबलपुर।** आधारताल थाना क्षेत्र अंतर्गत शोभापुर पुल के पास शुक्रवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब नाले में एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना सामने आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया, जिसकी शिनाख्त पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त उप निरीक्षक मंगल प्रसाद गोटिया के रूप में हुई। घटना की खबर फैलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मिल्क स्कीम आधारताल निवासी मंगल प्रसाद गोटिया रोज की तरह सुबह करीब 5:30 बजे भ्रमण (मॉर्निंग वॉक) के लिए घर से निकले थे। निर्धारित समय तक घर वापस न लौटने पर परिजन चिंतित होने लगे। इसी दौरान पुलिस के माध्यम से उन्हें नाले में शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई, जिससे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलते ही आधारताल थाना पुलिस वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंची और आवश्यक पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लिया। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच और परिस्थितियों को देखते हुए मौत का कारण साइलेंट हार्ट अटैक होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंगल प्रसाद गोटिया मिलनसार स्वभाव के थे और नियमित दिनचर्या का पालन करते थे। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।



सोन नदी पर निर्माणाधीन पुल का महाप्रबंधक ने किया

# रीवा–सीधी नई रेल लाइन परियोजना

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल की रीवा–सीधी–सिंगरौली नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत सोन नदी पर निर्माणाधीन रेल पुल का महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ब्रिज लेआउट ड्राइंग, गर्डर, स्पान संरचना, ब्रिज बेरिंग, प्लेट, चैनल स्लीपर एवं अन्य तकनीकी व संरक्षा से जुड़े पहलुओं की गहन समीक्षा की गई। गौरतलब है कि 541 किमी लंबी ललितपुर–सिंगरौली नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल क्षेत्र में आने वाली रीवा–सीधी–सिंगरौली (163 किमी) परियोजना पर तेजी से कार्य प्रगति पर है। परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी, यात्री सुविधाओं, व्यापार एवं रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एम.एस. हाश्मी, अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार सहित निर्माण एवं संरक्षा विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



*एंटी रैगिंग समिति ने 10-10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया*

# रैगिंग के आरोप में 8 मेडिकल छात्र निलंबित

**हरिभूमि जबलपुर।**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के 8 छात्रों को 6 माह के लिए निलंबित कर दिया गया। इस अवधि में ये छात्र हॉस्टल में नहीं रह सकेंगे। दरअसल इन छात्रों पर रैगिंग का आरोप लगा हैं। मेडिकल प्रबंधन ने निलंबन के साथ साथ 10 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया हैं। गत गुरुवार को आदेश जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इसके पूर्व मेडिकल कॉलेज की एंटी रैगिंग समिति की बैठक अधिष्ठाता सभा कक्ष में आयोजित की गई थी। बैठक में समिति अध्यक्ष सहित सभी छह सदस्य उपस्थित रहे। समिति ने उपलब्ध दस्तावेजों, बयानों और निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर उक्त निर्णय लिया।



### इन छात्रों पर कार्रवाई

हॉस्टल में रैगिंग के आरोपी निलंबित छात्रों में नवदीप चौधरी, प्रकाश बावरिया, विक्रम सिंह मीणा, धर्मेंद्र कुशवाहा, केशव गौतम, सुदीप जायसवाल, नवनीत कुशवाहा और रवि मीणा शामिल हैं। सभी छात्र 2023 एमबीबीएस प्रवेश वर्ष के हैं। एंटी रैगिंग स्क्वायड के अनुशासन और सहायक वार्डन द्वारा भेजे गए पत्रों को संज्ञान में लेकर शिकायत की जांच की गई। समिति के समक्ष शिकायतकर्ता छात्र कुनाल सूर्यवंशी (एमबीबीएस प्रवेश वर्ष 2024) के मौखिक बयान दर्ज किए गए। छात्र ने बताया कि हॉस्टल क्रमांक चार से एमबीबीएस प्रथम वर्ष उत्तीर्ण करने के बाद जब छात्र अन्य हॉस्टलों में जाते हैं, तो वहां पहले से रह रहे वरिष्ठ छात्र उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। समिति ने औचक निरीक्षण किया और विभिन्न वर्षों के छात्रों से चर्चा की। वरिष्ठ छात्रों को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया। सभी साक्ष्यों के अवलोकन के बाद शिकायत को प्रथम दृष्टया सही पाया गया। नेताजी सुभाषचंद बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर की एंटी रैगिंग समिति में अध्यक्ष डॉ. नटवरलाल अग्रवाल, सचिव डॉ. रुचिर खरे सहित डॉ. यूपी दीपंकर, डॉ. कविता सचदेवा, डॉ. अफताब अहमद खान, डॉ. अमरीश तिवारी, डॉ. शुभांशु शर्मा, छात्र प्रतिनिधि सलेहा रजवानी और स्टाफ प्रतिनिधि सुषमा चौकसे शामिल थीं।

अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज

## शादी के बहाने हड़प लिए जेवर

**जबलपुर।** आजकल किसी पर भरोसा करना मुनासिब नहीं हैं। ऐसे ही एक भरोसेमंद मित्र से भाई की शादी में पहनने के लिए जेवर मांगे और बाद में जेवर हड़प लिया। बेलबाग पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अमानत में ख्यानत का प्रकरण दर्ज कर लिया है। बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शीतलामाई बंबादेवी घमापुर निवासी 30 वर्षीय सचिता पटेल ने बेलबाग थाने में लिखित शिकायत की, कि अमित जाट उसका दोस्त है। अमित जाट ने अपने भाई सारंग की शादी में पहनने के लिए उससे सोने की चैन, नथ, बेंदी, अंगूठी मांगी और बोला कि शादी के बाद वापस कर देंगे। उसने अमित जाट को 24 नवंबर 23 को सुबह अमित के घर जाकर अमित की मां के सामने अपने जेवर दिए थे। शादी के बाद अमित ने उसकी चैन तो वापस कर दी थी, लेकिन सोने की नथ, बेंदी, अंगूठी वापस नहीं की तथा अब मांगने पर वापस नहीं कर रहा है। लिखित शिकायत पर आरोपी अमित जाट के विरूद्ध धारा 406 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## लार्डगंज पुलिस को अपने ही थाने की सुरक्षा पर भरोसा नहीं

# ड्राइवर ने पी शराब, कार को लगी हथकड़ी

**जबलपुर।** शहर के लॉर्डगंज थाना परिसर से सामने आई एक तस्वीर और वीडियो ने पुलिसिया सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। थाना परिसर में जब्त कर रखी गई सफेद रंग की अर्टिगा कार इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। यहां लार्डगंज पुलिस ने आरोपी को तो छोड़ दिया लेकिन कार में हथकड़ी लगा दी। लॉर्डगंज थाना परिसर में खड़ी सफेद अर्टिगा कार में लगी हथकड़ी का वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।

बताया जाता है कि उक्त मामला शराब पीकर गाड़ी चलाने से जुड़ा है। दरअसल पुलिस ने नशे में धुत कार ड्राइवर प्रथम कुमार के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत केस दर्ज किया था और प्रक्रिया के तहत, ड्राइवर को तो छोड़ दिया गया, लेकिन उसकी कार जब्त कर ली गई। जब्त की गई अर्टिगा कार को लॉर्डगंज थाना परिसर लाया गया। यहां आमतौर पर वाहनों को सुरक्षित रखने के लिए चेन का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन ड्यूटी पर तैनात मुंशी ने एक अनोखा कदम उठाते हुए कार के दरवाजे में हथकड़ी लगा दी। यह कार थाने के सीसीटीवी कैमरे के ठीक सामने खड़ी थी, जिससे यह नजारा कैमरे में भी कैद हो गया। जैसे ही यह वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सामने आईं, लोगों की तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आने लगीं। कई लोग इस बात पर हैरान थे कि आखिर एक कार को हथकड़ी कैसे लगाई जा सकती है। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस अधिकारियों ने इस पर सफाई दी है। सीएसपी रीतेश शिव ने बताया कि मंगलवार देर रात मारुति अर्टिगा चालक शराब पीकर गाड़ी चलाते पकडा गया था। इस पुलिस ने वाहन चालक पर धारा 185 के तहत कार्रवाई की थी। इसके बाद सुरक्षार्थ गाड़ी को थाने में खड़ा किया गया था। यहां थाना परिसर में मुंशी के द्वारा कार को सुरक्षा के लिए जंजीर की जगह हथकड़ी लगाया गया था फिर उसे हटाकर उसने बाद में जंजीर लगाई। उन्होंने स्वीकार किया कि थाने में तैनात मुंशी द्वारा वाहन में चेन न डालकर गलती से हथकड़ी लगा दी गई। सीएसपी के मुताबिक, इस मामले में संबंधित कर्मचारी से स्पष्टीकरण मांगा गया है और मामले की जांच की जा रही है।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240